राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

तरुणमित्र

श्रम ही आधार, खबरों से सरोकार

वर्ष : 47 अंक 254
जौनपुर, मंगलवार
01 जुलाई 2025

तापमान
अधिकतम / न्यूनतम
33°C | 27°C

मूल्य 3.00 रुपये पृष्ठ-8

जौनपुर, अयोध्या, लखनऊ, पटना (बिहार), ठाणे (महाराष्ट्र), भोपाल (मप्र) से प्रकाशित

www.tarunmitra.in

सुदीक्षा ई.एन.टी. क्लीनिक & थायरॉइड सेन्टर
कान पर्दे की सुराख का बिना आपरेशन इलाज
सभी प्रकार के नाक, कान, गला थायराइड एवं मुख कैंसर रोग का इलाज व आपरेशन की सुविधा
डॉ. बृजेश कन्नौजिया
M.B.B.S., M.S.(ENT) (गोल्ड मेडलिस्ट)
नाक, कान, गला, थायरॉइड एवं मुख कैन्सर सर्जन
डॉ. एकता कन्नौजिया
B.H.M.S., C.G.O.
नाक, कान, गला एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ
नईगंज तिराहा (कुमार पेट्रोल पम्प के सामने), जौनपुर Mob.:8115484636

केमिकल फैक्ट्री के रिएक्टर में विस्फोट के बाद लगी आग, 8 मजदूरों की मौत

तेलंगाना के संगारेड्डी में हुआ भीषण हादसा

संगारेड्डी, 30 जून। तेलंगाना के संगारेड्डी जिले के पाशमिलाराम औद्योगिक एस्टेट में एक केमिकल फैक्ट्री में हुए विस्फोट में कम से कम 8 मजदूरों की दर्दनाक मौत हो गई है। जानकारी के मुताबिक हादसे में 15 अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि विस्फोट के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। आग पर काबू पाने के लिए दमकल की 11 गाड़ियां मौके पर तैनात हैं। कई मजदूरों के अब अंदर भी अंदर फंसे होने की आशंका जताई जा रही है।

जानकारी के मुताबिक हादसा सुबह करीब 10 बजे हुआ। यहां माइक्रोक्रिस्टलाइन सेलुलोज और अन्य फार्मा एक्सीपिएंट्स बनाने वाली कंपनी सिगाची इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड की एक यूनिट में अचानक जोरदार धमाका हुआ। पटनचेरू पुलिस स्टेशन के एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि 5 मजदूरों की मौके पर ही मौत हो गई। अधिकारी ने बताया, 'पांच मजदूरों की मौके पर ही मौत हो गई। तीन अन्य ने पटनचेरू के अस्पताल में दम तोड़ दिया।' उन्होंने बताया कि दो अन्य लोगों की हालत गंभीर है।

100 मीटर दूर जा गिरे मजदूर: पुलिस ने प्रत्यक्षदर्शियों के हवाले से बताया कि विस्फोट की वजह से इंडस्ट्रियल शेड के चिथड़े उड़ गए। धमाका इतना जोरदार था कि कुछ मजदूर करीब 100 मीटर दूर जा गिरे। एक अधिकारी ने बताया, 'लगभग सभी मजदूर फैक्ट्री से बाहर निकल आए, लेकिन कुछ मजदूरों के अभी भी के अंदर फंसे होने की आशंका है।'

लोगों को सांस लेने में दिक्कतें: अधिकारियों ने बताया है कि हादसे में आस-पास की बिल्डिंगों को भी काफी नुकसान पहुंचा है। विस्फोट के बाद इलाके में अफरातफरी मच गई है। आसपास के क्षेत्रों में काला धुआं फैलने से लोगों को सांस लेने में दिक्कत होने की शिकायत भी सामने आई है। एहतियात के तौर पर आसपास के इलाके से लोगों को बाहर निकाला जा रहा है।

जिला प्रशासन सक्रिय, जांच के आदेश: संगारेड्डी कलेक्टर प्रवीण्या और एसपी परितोष ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और बचाव दल को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हादसे की जांच के लिए एक विशेष टीम गठित की जाएगी जो यह पता लगाएगी कि रिएक्टर फटने की असली वजह क्या थी।

सुरक्षा मानकों पर उठे सवाल: इस दुर्घटना ने एक बार फिर फैक्ट्रियों में सुरक्षा प्रोटोकॉल की गंभीरता को सामने ला दिया है। स्थानीय सूत्रों का कहना है कि फैक्ट्री में सुरक्षा के मानक सही तरीके से लागू नहीं किए गए थे।

जिम्मेदारों पर होगी कार्रवाई: इस दर्दनाक हादसे ने न केवल कई परिवारों को उजाड़ दिया, बल्कि प्रशासन को भी सवालों के घेरे में ला खड़ा किया है। यदि समय रहते सुरक्षा उपाय अपनाए गए होते, तो यह जानलेवा हादसा टाला जा सकता था। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि लापरवाही पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

सरकार ने हादसे पर जताया शोक: राज्य सरकार ने हादसे पर शोक जताया है और मृतकों के परिजनों को हर संभव सहायता देने का आश्वासन दिया है। संभावना है कि सरकार जल्द ही मुआवजे की घोषणा करेगी।

कपड़ा व्यापारी ने पत्नी-बेटी के साथ दी जान

लखनऊ में सामूहिक आत्महत्या से इलाके में सनसनी

लखनऊ, 30 जून। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में एक घर से पति-पत्नी और बेटी का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। सोमवार सुबह शव मिलने की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। अब तक मिली जानकारी के अनुसार यह सामने आया है कि कपड़े का कारोबार करने वाले व्यक्ति ने पत्नी और बेटी समेत जहर खाकर आत्महत्या की है। लखनऊ के चैक के अशरफाबाद स्थित फ्लैट में तीनों के शव मिले हैं, जिनकी पहचान 48 वर्षीय शोभित रस्तोगी, उनकी पत्नी सुचिता रस्तोगी और 16 वर्षीय ख्याती रस्तोगी के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि तीनों लोगों ने जहर खाकर आत्महत्या की है, लेकिन अभी इसके कारण स्पष्ट नहीं है। पुलिस को घर से सुसाइड नोट भी मिला है। बताया गया कि शोभित राजाजीपुरम में कपड़े के बड़े व्यापारी थे। वहीं, घटना की सूचना मिलने पर डीसीपी पश्चिम विश्वजीत श्रीवास्तव ने घटनास्थल का निरीक्षण कर परिजनों से पूछताछ की है। मौके पर फोरेंसिक की फील्ड यूनिट को जांच के लिए बुलाया गया है।

आरजेडी और सपा का समाजवाद बना नमाजवाद: सुधांशु

वक्फ कानून पर तेजस्वी यादव के बयान से सियासी उबाल

नई दिल्ली, 30 जून। बिहार विधानसभा चुनाव नजदीक आने के साथ ही राज्य का सियासी पारा भी आसमान छूने लगा है। आगामी चुनाव प्रचार में वक्फ एक्ट एक बड़ा मुद्दा बना हुआ है। बीते दिन आरजेडी नेता तेजस्वी यादव ने वक्फ एक्ट को कूड़ेदान में फेंकने की गुहार लगाई थी, जिसकी आवाज अब दिल्ली तक पहुंच गई है। बीजेपी के राज्यसभा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने इसे लेकर तेजस्वी यादव समेत पूरे इंडी गठबंधन पर निशाना साधा है। नई दिल्ली में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि आरजेडी और समाजवादी पार्टी का समाजवाद अब नमाजवाद में बदल चुका है।

सुधांशु ने तेजस्वी पर बोला हमला: तेजस्वी के बयान पर पलटवार करते हुए सुधांशु त्रिवेदी ने कहा, 'हाल ही में हमने आपातकाल के 50 वर्ष पूर्ण किए। बहुत दुख की बात है कि पटना के जिस गांधी मैदान में संविधान की रक्षा के लिए जान की परवाह किए बगैर लाखों लोग एकत्र हुए थे, उसी गांधी मैदान में रैली के दौरान इंडी गठबंधन के बिहार के नेता तेजस्वी यादव ने कहा कि हम संसद से पारित एक कानून को कूड़ेदान में फेंक देंगे।'

आपातकाल पर विपक्ष को घेरा: सुधांशु त्रिवेदी ने आगे कहा, 'यह बहुत गंभीर विषय है। एक ऐसा कानून जो संसद के दोनों सदनों से पारित हुआ है और अदालत में विचाराधीन है। इलाहाबाद और कोलकाता हाईकोर्ट समेत आधा दर्जन हाईकोर्ट के फैसले वक्फ एक्ट के पक्ष में है। इसका अर्थ है कि न संसद का सम्मान और न ही न्यायपालिका का सम्मान। वोट बैंक की चाहत में इंडी गठबंधन के नेताओं द्वारा जो कुछ भी बोला जा रहा है, उससे साफ है कि ये संविधान को कूड़ेदान में फेंकने की 50 साल पुरानी मानसिकता से बाहर नहीं आ पा रहे हैं।' सुधांशु त्रिवेदी ने इंडी गठबंधन पर तंज कसते हुए कहा कि आरजेडी और समाजवादी पार्टी समेत कई पार्टियां समाजवाद का चोंगा पहनती हैं, लेकिन गरीब और पिछड़े मुस्लिमों के अधिकार के साथ खड़ी नहीं होती हैं। उनके 'समाजवाद' को अगर 'नमाजवाद' कहा जाए तो यह गलत नहीं होगा।

बिहार में जल्द होंगे चुनाव: बता दें कि बिहार में इसी साल 243 विधानसभा सीटों पर चुनाव होने हैं, जिसे लेकर सभी बड़ी पार्टियां एक्टिव हो गई हैं। एनडीए के अंतर्गत बीजेपी और जेडीयू एक साथ चुनावी मैदान में उतरेंगी। वहीं, कांग्रेस के नेतृत्व वाले इंडी गठबंधन ने बिहार में तेजस्वी को अपना नेता चुना है। तेजस्वी यादव ही महागठबंधन का सीएम चेहरा हैं।

प्री-प्लांड था कोलकाता लॉ स्टूडेंट से गैंगरेप

सुरक्षा गार्ड भी शामिल, एसआईटी के चौंकाने वाले खुलासे

कोलकाता, 30 जून। कोलकाता के लॉ कॉलेज में छात्रा के साथ कथित सामूहिक बलात्कार के मामले में हर रोज नए खुलासे हो रहे हैं। अब पुलिस ने खुलासा करते हुए बताया कि गिरफ्तार किए गए चार लोगों में से तीन ने पहले से ही इस हमले की योजना बना रखी थी।

इस घटना की जांच कर रहे नौ सदस्यीय विशेष जांच दल (एसआईटी) के अधिकारियों ने यह भी पाया कि तीनों आरोपियों मनोजीत मिश्रा, प्रतीम मुखर्जी और जैद अहमद का कॉलेज की छात्राओं का यौन उत्पीड़न करने का इतिहास रहा है।

पुलिस ने बताया कि मामले में चौथा आरोपी कॉलेज का सुरक्षा गार्ड है। अधिकारी के अनुसार, तीनों अपने मोबाइल फोन पर इस तरह की घटनाओं को रिकॉर्ड करते थे और बाद में फुटेज का इस्तेमाल पीड़िताओं को ब्लैकमेल करने के लिए करते थे।

कोलकाता के साउथ कलकत्ता ला कालेज में छात्रा के साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना की जांच में पता चला है कि आरोपितों ने मुंह बंद करने के लिए सुरक्षा गार्ड का फोन छीन लिया था। पुलिस ने 17 छात्रों की सूची तैयार की है, जो दोपहर बाद घटना के दिन कालेज में उपस्थित थे। इन छात्रों से पूछताछ की जाएगी।

सूत्रों के मुताबिक घटना का मुख्य आरोपित तृणमूल कार्यकर्ता मनोजित मिश्रा शुरू से ही काफी प्रभावशाली रहा है। गत अप्रैल में पुलिस को पीटने के मामले में उसे आसानी से जमानत भी मिल गई थी। पुलिस के पास उसके खिलाफ छेड़छाड़, उत्पीड़न, मारपीट और यहां तक कि जबरन वसूली की कई शिकायतें दर्ज की गई थीं।

कॉलेज सूत्रों के मुताबिक 'मैंगो' के नाम से भी जाने जाने वाले मनोजित का महिलाओं के निजी पलों को रिकॉर्ड करने, उनकी तस्वीरों को मार्फ करने और उन्हें मनोरंजन और उपहास के लिए वाट्सएप ग्रुप में साझा करने का लंबा इतिहास रहा है।

शिमला में तीन सेकेंड में भरभरा कर गिरा 5 मंजिला मकान, मची अफरा-तफरी

शिमला, 30 जून। हिमाचल की राजधानी शिमला में बीती रात से ही जमकर बारिश हो रही है और बारिश के चलते लैंडस्लाइड की घटनाएं सामने आ रही है। आज सुबह ही शिमला के भट्टाकुफर माठू कॉलोनी में एक 5 मंजिला भवन मिट्टी में मिल गया गई। हालांकि, इस भवन को पहले ही बीती रात को ही खाली करवा दिया गया था।

बताया जा रहा है कि फोरलेन निर्माण के चलते भवन के नीचे बड़ी-बड़ी दरारें आई थी और आज सुबह ही यह भवन गिर गया वहीं, इसके साथ लगते दूसरे भवनों को भी खतरा पैदा हो गया है। जिसके चलते लोग डर-डर के जीने को मजबूर हैं। लोग अपने घरों को खाली कर रहे है। हालांकि, अभी तक प्रशासन की ओर से कोई भी अधिकारी वहां नहीं पहुंचा है। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि यहां पर इसके नीचे फोरलेन का निर्माण हो रहा है और फोरले के चलते ही यह भवन गिरा है।

फायर ब्रांड नेता टी राजा सिंह ने भाजपा छोड़ी

नई दिल्ली, 30 जून। तेलंगाना की राजनीति से जुड़ी एक बड़ी खबर सामने आई है। यहां पर बीजेपी विधायक टी राजा सिंह ने पार्टी से त्यागपत्र दे दिया है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इस बात की जानकारी दी है। बता दें कि टी राजा सिंह को तेलंगाना के फायर ब्रांड नेता के तौर पर जाना जाता है। बता दें कि उन्होंने तेलंगाना बीजेपी अध्यक्ष के तौर पर नया नाम सामने आने के बाद ये फैसला लिया है। बीजेपी एमएलए टी राजा सिंह ने एक्स पोस्ट में लिखा कि बहुत से लोगों की चुप्पी को सहमति नहीं समझा जाना चाहिए। मैं सिर्फ अपने लिए नहीं, बल्कि उन अनगिनत कार्यकर्ताओं और मतदाताओं के लिए बोल रहा हूं जो हमारे साथ आस्था के साथ खड़े थे और जो आज निराश महसूस कर

डॉक्टर्स डे पर जनपदवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
विजय लक्ष्मी
मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल एण्ड ट्रामा सेन्टर
(लक्ष्मी काम्प्लेक्स) जेसीज़ चौराहा, आजमगढ़ रोड, जौनपुर, मो. : 6391555587
डा. लालजी पटेल
बी.एससी., एम.बी.बी.एस.
डी.सी.पी. (लखनऊ) एफ.सी.जी.पी.,
पैथोलॉजिस्ट एवं अल्ट्रासाउण्ड विभाग
डा. विजय लक्ष्मी पटेल
बी.एससी., बी.ए.एम.एस. (का.वि.)
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
मो. : 9721185157
डा. गुंजन पटेल
एम.बी.बी.एस.
एम.डी. (पिडिया) एन.आर.पी.
नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
डा. विशद पटेल
M.B.B.S., M.S., F.M.A.S.
D.M.A.S (Surgery), D.E.G. (Germany)
लैप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जन
डा. प्रगति सिंह
एम.बी.बी.एस. एम.डी.
(डी.जी.ओ.)
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
डा. आयुष पटेल
एम.बी.बी.एस., एम.एस.
(आर्थो)
हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ
सुविधायें
दूरबीन विधि एवं जनरल सर्जरी
• अपेण्डिक्स, पथरी, (गुर्दा, पित्त की थैली) बच्चेदाली, हालिंया, प्रोस्टेट का दूरबीन पद्धति द्वारा ऑपरेशन।
• पेशाब सम्बन्धित समस्या
• बवासीर का इलाज एवं ऑपरेशन कम दर्द से
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
• नार्मल एवं सिजेरियन डिलेवरी
अल्ट्रासाउण्ड एवं पैथोलॉजी विभाग
• अल्ट्रासाउण्ड • सभी प्रकार के खून की जाँच
नवजात शिशु एवं बाल रोग विभाग
• नवजात शिशु आई. सी. यू.
• वेन्टीलेटर एवं ऑक्सीजन की सुविधा
• समस्त टिकाकरण
• फोटोथेरेपी एवं वार्मर की सुविधा
24/7 EMERGENCY SERVICE
नवजात शिशु एवं 18 साल तक के बच्चे का इलाज संभव है।
हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ
स्पाइन (रीढ़ की हड्डी) का इलाज
इंजेक्शन एवं दूरबीन विधि द्वारा सम्भव
• आधुनिक सी. आर्म मशीन द्वारा बिना चीर-फाड़ के हड्डी का ऑपरेशन THR TKR (घुटना एवं कूल्हे का प्रत्यारोपण)
• हड्डी एवं जोड़ होग का इलाज, साइटिका, कमर दर्द, घुटना।
• गठिया का इलाज इंजेक्शन एवं दूरबीन विधि द्वारा सम्भव है।
• बच्चों के टैड़े पैर का इलाज बिना ऑपरेशन से सम्भव।
मेदांता हॉस्पिटल, लखनऊ द्वारा आयोजित ओ.पी.डी.
विजयलक्ष्मी मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल, जौनपुर में
पेट व लिवर रोग विशेषज्ञ डॉ. आशीष बंसल
प्रत्येक माह के पहले एवं तीसरे बुधवार
Time : 11:00 AM-01:00PM

डॉक्टर्स डे पर जनपदवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
मानसिक, नस, मिर्गी, सिरदर्द, नशा एवं यौन (सेक्स) रोग विशेषज्ञ
डा. उत्तम कुमार गुप्ता
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (न्यूरो साइकियाट्रिस्ट)
Ex. Ass. Professor- UCMS
परामर्श का दिन व समय
प्रत्येक दिन – प्रातः 09 बजे से सायं 08 बजे तक
रविवार – प्रातः 08 बजे से प्रातः 10 बजे तक
सायं 06 बजे से रात्रि 08 बजे तक
भदोही का पता– मनोरोग सेन्टर, चौरी रोड ब्लाक के सामने, भदोही (प्रत्येक रविवार- प्रातः 10 बजे से सायं 4 बजे तक)
24/7 EMERGENCY SERVICES
मरीज भर्ती की सुविधा उपलब्ध
काउंसलिंग, साइकोथिरेपी, EEG की सुविधा
निम्नलिखित बिमारियों का सफल इलाज
• सिर दर्द, अधकपारी (Migrain), मिर्गी (Epilepsy), झटका एवं बेहोशी
• घबराहट, बेचैनी, चिंता (Anxiety)
• मन दुखी, उदास रहना, आत्महत्या का विचार आना (Depression)
• चिड़चिड़ापन, गुस्सा, ज्यादा बोलना, बिना बात खुश रहना (Mania)
• शक करना, डर लगना, अजीब व्यवहार करना (Schizophrenia)
• मन में एक ही बात बार-बार आना, एक ही काम को बार-बार करना (OCD)
• नींद की समस्या (Insomnia), नस (Neuro) से सम्बन्धित रोगों का इलाज
• याद्दाश्त कमजोर होना (Dementia),
• शराब या अन्य किसी प्रकार का नशा (Addiction)
• वैवाहिक एवं सेक्स सम्बन्धी समस्याएं,
• बच्चों में व्यवहार की समस्याएं (ADHD, Conduct disorder etc)
मंगल क्लीनिक
वाजिदपुर तिराहा, जौनपुर
9196128735, 9307913300, 9026405011

डाक्टर्स डे पर जनपदवासियों के स्वास्थ्य की शुभकामनाएं
स्वस्थ्य नवजात शिशु ही स्वस्थ्य भारत के निर्माण का आधार है...
वंशराजी चाइल्ड एण्ड मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल
डा. मंजू यादव
गोल्ड मेडलिस्ट
नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
MBBS, MD, Pediatrics
KGMU Lucknow
PGPN Boston University, USA
डा. अवधेश यादव
हार्ट, डायबिटीज, किडनी, न्यूरो, थायराइड
चेस्ट, लीवर, पेट, श्वांस रोग विशेषज्ञ
MBBS, (LLRM Medical College Meerut)
MD (Medicine) SNMC, Agra
हर मुस्कुराहट अनमोल है।
NICU • वेन्टीलेटर • फोटोथिरैपी • नेबुलाइजेशन • सी–पैप • टीकाकरण • ऑक्सीजन • ब्रेन टीबी • आई.सी.यू. • पी.आई.सी.यू. • न्यूरो क्लीनिक • अस्थमा क्लीनिक
24×7 घण्टे इमरजेन्सी
8881144457, 8881144497
फोन से नम्बर लगाने की सुविधा उपलब्ध
नईगंज, प्रयागराज रोड, जौनपुर

डाक्टर्स डे पर जनपदवासियों के स्वास्थ्य की शुभकामनाएं
स्वस्थ्य नवजात शिशु ही स्वस्थ्य भारत के निर्माण का आधार है...
एस.एस. हास्पिटल एण्ड डायग्नोस्टिक सेण्टर
मेडिकल चौराहा, निकट लाईन बाजार थाना, जौनपुर
फोन : 05452-220400, 9415335433, 9616212304
डा. तेज सिंह
एम.बी.बी.एस., एम.डी.
(पिडियाट्रिक्स) बी.एच.यू.
नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
डा. गीता सिंह
एम.बी.बी.एस., एम.डी.,
कन्सलटेन्ट पैथालॉजिस्ट
समय - प्रातः 10 बजे से 4 बजे तक (सोमवार से शनिवार)
सुविधाएं
वेन्टिलेटर + डबल सरफेस फोटो थिरैपी
सी–पैप + फोटो थिरैपी
ए.बी.जी. + इक्सचेन्ज ट्रांसफ्यूजन
रेडियन्ट वार्मर + इनफ्यूजन पम्प+ पल्स आक्सीमीटर
All Pathological Blood Test
FNAC, Biopsy Hormonal Test
इमरजेन्सी सुविधा 24 घण्टे उपलब्ध

दुद्धी सीओ को सौंपा शिकायती पत्र । जमीन हड़पने व दहशत फैलाने का लगाया आरोप

दबंगों से परेशान आदिवासियों ने किया प्रदर्शन

तरूणमित्र न्यूज

सोनभद्र। दुद्धी कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत बघाडू के आदिवासियों ने दबंगों से परेशान होकर सोमवार को सीओ कार्यालय पहुंच कर शिकायती पत्र दुद्धी सीओ आरके रॉय को सौंपा। उन्होंने मामले को गम्भीरता से लेते हुए निष्पक्ष जांच कराकर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया।

दिए शिकायती पत्र में आदिवासियों ने आरोप लगाया है कि दबंगों द्वारा आदिवासियों का घर व मकान ढहा दिया गया है। जमीन भी हड़पने का प्रयास किया जा रहा है। इसके अलावा दहशत भी फैलाया जा रहा है। जिसकी वजह से आदिवासियों का जीना दुश्वार हो गया है। अगर शीघ्र आवश्यक कार्रवाई नहीं की जाती तो किसी भी दिन बड़ी घटना घटित हो सकती है।

आदिवासियों ने दिए शिकायती पत्र में एक विशेष वर्ग के लोगों के ऊपर घर ढहाने, जमीन हड़पने व दहशत फैलाने का आरोप लगाया है। जिसमें गांव के शमसुल हक,अनायतुल्लाह,एजाज अहमद, अब्दुल करीम, मुस्ताक अहमद, अलामुद्दीन, अब्दुल, बहादुर अली, अजमत अली, तजुद्दीन शामिल हैं। इनलोगों पर आरोप है कि बाबूलाल गोड़, रामसुंदर, रामप्रसाद, लालबहादुर, अमृतलाल, रीता देवी व लीलावती की जमीन हड़पने व घर ढहाने का प्रयास किया जा रहा है। आए दिन जाति सूचक शब्दों से गाली देकर अपमानित करने के साथ ही दहशत फैलाने का काम किया जा रहा है। अगर शीघ्र मामले को गम्भीरता से लेते हुए निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई नहीं की जाती तो किसी भी दिन बड़ी घटना घटित हो जाएगी। दुद्धी सीओ आरके रॉय ने कहा कि मामले की जांच कराकर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

मांगों को लेकर प्रदर्शन करते ग्रामीण।

शिकायती पत्र देने वालों में रीता देवी, सावन्ती गोड़, बाबूलाल गोड़, रजनी गोड़, इंद्रावती, रामरक्षा,लीलावती देवी, शिवशंकर गोड़, कमला देवी, मुन्नी देवी, अवध बिहारी,पार्वती, मानकुंवर, राधेश्याम, गंगा प्रसाद, मीना देवी,अनीता, दौलतिया, देवकुमार, नारद, रामप्रकाश, रजवंती, प्रमिला,रामरतन, समुंद्री देवी, अमर सिंह मरकाम, पनमतिया देवी आदि शामिल रही।

सोनभद्र में मॉर्निंग कोर्ट खत्म आज से चलेगी नियमित कोर्ट

सोनभद्र। इलाहाबाद हाईकोर्ट प्रशासन के आदेशानुसार सोनभद्र जिले में दो माह से चल रही मॉर्निंग कोर्ट सोमवार से खत्म हो गई। अब मंगलवार से नियमित कोर्ट सुबह 10 बजे से चलेगी।

बता दें कि सोनभद्र जिले की भौगोलिक स्थिति को ध्यान में रखकर इलाहाबाद हाईकोर्ट प्रशासन के आदेशानुसार मई और जून माह तक मॉर्निंग कोर्ट प्रातः 6 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक चल रही थी। अब मंगलवार यानि एक जुलाई से पुनः पहले की तरह नियमित कोर्ट सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक चलेगी। जिसकी वजह से एकबार फिर से समय बदलने पर न्यायिक अधिकारियों, कर्मचारियों, अधिवक्ताओं, मुंशियों, वादकारियों आदि को अपने खान-पान से लेकर हर कार्यो में बदलाव करना पड़ेगा। जिससे एकबार फिर से कुछ दिनों के लिए व्यतिक्रम रहेगा, बाद में अर्जेस्ट हो जाएगा।

डेढ़ माह चले निःशुल्क समर कैम्प का हुआ भव्य समापन

मीरजापुर। स्ववित्तपोषित पाल्क संस्था द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर बेटियों को जो आर्थिक अभाव में किसी समर कैम्प में भाग नहीं ले सकती थी ऐसी बेटियों की प्रतिभा निखारने के लिए एक मंच देकर डेढ़ महीने तक समर कैम्प चलाया गया जहाँ संस्था द्वारा योगा, ताईक्वानडो, चित्रकला, क्राफ्ट, संगीत, नृत्य के साथ पर्सनॉलिटी डेवलपमेंट आदि का प्रशिक्षण दिया गया जिसमे सभी बच्चों को कुछ सीखने व मंच पर बोलने का मौका मिला, संस्था द्वारा बच्चों का हौसला बढ़ाने उनको सम्मान देने के लिए लालडिग्गी स्तिथ एक बड़े होटल में सांस्कृतिक व समापन समारोह का आयोजन किया गया था। जहां कार्यक्रम की मुख्यअतिथि पद्मश्री उर्मिला श्रीवास्तव जी व महिला इंस्पेक्टर शशि तिवारी जी रही कार्यक्रम की शुरुआत में स्वागत गीत, समाज में फैली समस्या को दूर करने के लिए नव दुर्गा आदि कई कार्यक्रम में बच्चों नें अपनी प्रस्तुति मंच पर दी, सांस्कृतिक कार्यक्रम के बाद मुख्यअतिथि द्वारा सभी बच्चों को प्रशस्ति पत्र व मोमेंटो देकर सम्मानित किया, संस्था के बच्चें सेना के रूप में सभी अतिथियो का माल्यार्पण व अंगवस्त्र देकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में संस्था की ओर से निर्मला राय, रिया रैदानी, नितेश केशरवानी, दीपा उमर, अभिषेक साहू, आशीष जायसवाल, प्रिन्स सिसोदिया, मो राकिब, तुषार विश्वकर्मा, प्रवीण मौर्य आदि उपस्थित रहे।

ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौत

तरूणमित्र न्यूज

ड्रमंडगंज, मीरजापुर। ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के मीरजापुर रीवा राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित भैसोड़ बलाय पहाड़ गांव में सोमवार दोपहर बारह बजे के करीब ट्रक की चपेट में आने से बाइक चालक युवक की मौके पर मौत हो गई वहीं बाइक पर पीछे बैठा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक को उपचार हेतु अस्पताल भिजवाया। मध्यप्रदेश के मऊगंज जिले के हनुमना थाना क्षेत्र के नाउन कलां गांव निवासी 19 वर्षीय अर्जुन सेन अपने साथी 20 वर्षीय विशेषसेन निवासी शिवगढ़ थाना हनुमना के साथ बाइक से रविवार को अपनी बुआ के घर प्रयागराज जिले के हरदौन छापर गया था। सोमवार को घर लौटते समय जैसे ही भैसोड़ बलाय पहाड़ गांव स्थित जयभामा पेट्रोल पंप के पास पहुंचे तो आगे चल रहे ट्रक के चालक ने तेल भराने के लिए पेट्रोल पंप के पास खोले गए अवैध कट से ट्रक को अचानक घुमा दिया जिससे बाइक सवार दोनों युवक अनियंत्रित होकर ट्रक में जा घुसे। बाइक चालक अर्जुन सेन की मौके पर मौत हो गई। वहीं बाइक पर पीछे बैठा विशेष सेन गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक ड्रमंडगंज अरविंद सरोज,एस आई अखिलेश कुमार यादव ने घटना की जांच कर गंभीर रूप से घायल विशेष सेन को उपचार हेतु मंडलीय अस्पताल भिजवाया।

वहीं ट्रक चालक मौके पर ट्रक छोड़कर भाग निकला। घटना की सूचना पाकर मौके पर मृत युवक के परिजन भी पहुंच गए और युवक को चिकित्सक को दिखाने के लिए न्यू पीएचसी ड्रमंडगंज ले गए जहां चिकित्सक बाल कृष्ण मिश्र ने देखते ही मृत घोषित कर दिया। मृतक दो भाइयों में बड़ा था।इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक अरविंद सरोज ने बताया कि ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौत हो गई है। बाइक पर पीछे बैठे गंभीर रूप से घायल युवक को उपचार हेतु अस्पताल भिजवाया गया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

आपसी सौहार्द के साथ मनायें मोहर्रम का त्योहार

ताजिया की ऊचाई 10 फिट से अधिक न हो : एसडीएम

तरूणमित्र न्यूज

म्योरपुर/सोनभद्र। म्योरपुर थाना परिसर मे सोमवार को दुद्धि एसडीएम निखिल कुमार यादव की अध्यक्षा मे शांति समिति की बैठक आहूत की गयी बैठक मे किरवानी, काचन, म्योरपुर के ताजीदारों की मौजूदगी रही।उपजिलाधिकारी ने कहाकि सुरक्षा एव शांति ब्योस्था बनाये रखते हुए मोहर्रम का त्योहारो मनाये किसी भी दशा मे अन्य धर्म सम्प्रदाय के लोग प्रभावित न हो डी.जे की ध्वनि मानक के अनुरूप हो विशेष कर नये उम्र के किशोरो को सायमित रखे ताजिया की ऊचाई किसी भी दशा मे दस फिट से अधिक न रहे ताकि किसी प्रकार की दुर्धटना की आशंका न रहे क्षेत्राधिकारी दुद्धि राजेश कुमार सिंह ने आगाह किया की जुलुस के दौरान किसी तरह के अस्त्र शस्त्र का प्रदर्शन कतई न करे किसी तरह की ब्योधान आने की दशा मे थाना प्रभारी को सूचित करे इस दौरान म्योरपुर थाना प्रभारी कमल नयन दुबे, एस. आई अनंत राय, भाजपा नेता सोना बच्चा अग्रहरी, सदर अयूब अली,खलील अहमद, शाबिर, जाकिर,रवि, छोटन,रफ़ीउल्ला, आदि मौजूद रहे।

सीएससी प्रभारी राजगढ़ के खिलाफ आशाओं ने दिया एक दिवसीय धरना

तरूणमित्र न्यूज

राजगढ़, मीरजापुर। सरकार की महत्वाकांक्षी स्वास्थ्य की विभिन्न सेवाएं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी के भेंट चढ़ रही है। जिसे लेकर आक्रोशित आशाओं ने सोमवार को आशा एवं आशा संगिनी कर्मचारी संगठन उ.प्र. के बैनर तले सीएचसी प्रांगण में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर विरोध जताया। आशाओं ने केंद्र प्रभारी डॉ. पवन कश्यप पर तमाम भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए नारेबाजी किया और कहा कि हम लोगों का विभिन्न मदों का पैसा गोलमाल कर दिए हैं। डरा धमकाकर बिना पैसे का काम करवा रहे हैं।

बताया गया कि 2024 से आशा संगिनी के मानदेय का भुगतान नहीं किया गया है। विभिन्न मदों में 2023 तथा 2024 एवं 2025 का पैसा बाकी है। प्रोत्साहन राशि वर्ष में एक बार दी जाती है पर इसमें भी गोलमाल किया गया। जिससे आशा कार्यकत्रियों के सामने भुखमरी छा चुकी है। इतना ही नहीं आशाओं ने कई एएनएम के ऊपर सीजर डिलीवरी में पैसा लेने का भी आरोप लगाया। आशाओं ने कहा कि अपनी बदनामी बचाने के लिए पीड़ित से पैसा हम लोग नहीं मांगते। अपने जेब पैसा देना पड़ जाता है। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. पवन कश्यप ने आशाओं के बीच में आकर अपने लापरवाही को स्वीकारते हुए माफी मांगा और कहा कि मात्र 12 दिन का मुझे मौका दीजिए हम चाहे जैसे आप लोगों का भुगतान की व्यवस्था कर देंगे। यह गारंटी लेते हुए कहा कि जिलाधिकारी हमारा वेतन रोक दी हैं आप लोग नहीं मानेंगी तो मेरी नौकरी चली जाएगी।

इस बात पर आशाओं ने कहा कि आपको अपने बेतन की चिंता है और हम लोगों का एक छोटे मानदेय से परिवार का जीविकोपार्जन होता है। बच्चे पढ़ाई करते हैं, कई आशाओं के बच्चों की पढ़ाई पैसे के अभाव में छूट गई है। इसकी चिंता आपको नहीं है। आशाओं ने भुगतान होने तक कार्य रोकने का आह्वान किया। इस पर प्रभारी चिकित्साधिकारी के काफी मान मनौव्वल के बाद 12 दिन के अंदर भुगतान होने के गारंटी पर आशा कार्यकत्रियों ने कार्य करने को तैयार हुई।

एनसीएल में स्वच्छता पखवाड़ा का हुआ समापन

सोनभद्र। सोमवार को नॉर्दर्न कोलफ़ील्डस लिमिटेड (एनसीएल) के मुख्यालय, सभी परियोजनाओं व इकाइयों में स्वच्छता पखवाड़ा 2025 का समापन हुआ। इस वर्ष यह पखवाड़ा 16 जून से 30 जून 2025 तक मनाया गया। इस दौरान कंपनी में वृहद स्तर पर स्वच्छता संबंधी विभिन्न कार्यक्रमों जैसे - एकल प्लास्टिक की रोकथाम, बेहतर कचरा प्रबंधन, कूड़े हेतु डस्टिबन का प्रयोग, कार्यालय एवं आस-पास के क्षेत्र की साफ-सफाई, कॉटन व जूट के थैले के प्रयोग को बढ़ावा, साफ एवं शुद्ध पानी का उपयोग, स्वच्छता जागरूकता रैली इत्यादि का आयोजन किया गया था।

एनसीएल मुख्यालय में समापन समारोह का आयोजन अधिकारी क्लब में किया गया, समारोह के दौरान महाप्रबंधक (कल्याण) राजेश त्रिवेदी, मुख्यालय स्तरीय श्रमिक संघ प्रतिनिधि एवं अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान स्वच्छता पखवाड़ा 2025' के तहत आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता स्कूली बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। साथ ही एनसीएल परिसर को साफ सुथरा रखने वाले स्वच्छता साथियों को भी

सम्मानित किया गया। एनसीएल मुख्यालय सहित सभी परियोजना एवं इकाइयों में भी स्वच्छता पखवाड़ा का समापन समारोह आयोजित किया गया।

डीएम ने कलेक्ट्रेट परिसर में निर्माणाधीन पार्क का किया औचक निरीक्षण

सोनभद्र। जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह सोमवार को कलेक्ट्रेट परिसर व कलेक्ट्रेट परिसर में निर्माणाधीन पार्क का औचक निरीक्षण किये, निरीक्षण के दौरान पार्क तैयारी के लिए पाटी गयी मिट्टी, बाउण्ड्री के लिए भरी गयी बुनियाद, प्रयोग की जा रही सामग्री आदि की स्थिति का जायजा लियें। इस दौरान जिलाधिकारी ने पार्क के सुन्दरीकरण के उद्देश्य से पार्क में गेट निर्माण, फूल व पौध रोपण के लिए स्थान चयनित करते हुए गढ्ढे की खुदाई आदि को पूर्ण करने के निर्देश सम्बन्धित को दियें। उन्होंने उद्यान विभाग के अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि पार्क का मॉडल ऐसा तैयार किया जाये कि पार्क में जो वृक्ष हैं, उनको बेहतर तरीके से सुरक्षित रखा जाये, उसके साथ किसी प्रकार का छेड़-छाड़ न किया जाये। जिलाधिकारी ने कहा कि पार्क में सिंचाई व्यवस्था के साथ ही पानी के फूहारे व मोर की आकृति आदि का निर्माण कराया जाये, जिससे पार्क की मनोहारी दृश्य देखने लायक बनी रहें।

मंडलायुक्त ने निर्माणाधीन परियोजनाओं का लिया जायजा

तरूणमित्र न्यूज

मीरजापुर। मण्डलायुक्त विन्ध्याचल मण्डल बालकृष्ण त्रिपाठी ने आज आयुक्त कार्यालय सभागार में एक करोड़ से अधिक लागत की निर्माणाधीन परियोजनाओं की समीक्षा बैठक व सड़क कटिंग, रेस्टोरेशन सम्बंधी समन्वय की समीक्षा बैठक आहूत की गई। मण्डलायुक्त ने सम्बन्धित अधिकारियों व कार्यदायी संस्थाओं के पदाधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि निर्माण कार्यो की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखे यदि गुणवत्ता खराब पाई जाती है तो सम्बन्धित के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

उन्होंने कहा कि मण्डलीय जनपदीय अधिकारी अपने विभाग की निर्माणाधीन परियोजनाओं का समय-समय पर निरीक्षण करते हुए गुणवत्ता की जांच भी अवश्य करें। जनपद मीरजापुर की समीक्षा के दौरान कार्यदायी संस्था उत्तर प्रदेश जल निगम अर्बन द्वारा वाटर सप्लाई बैलेंस हाउस कनेक्शन में बताया गया कि कार्य प्रगति पर है जिस पर मण्डलायुक्त द्वारा कार्यदायी को निर्देशित किया गया कि सितम्बर 2025 तक कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। उत्तर प्रदेश जल निगम ग्रामीण के द्वारा कराए जा रहे कार्य महुवारी गांव ग्रामीण जलापूर्ति योजना में कराए जा रहे कार्य के बारे में बताया कि इस योजनान्तर्गत 08 गांव कनेक्शन हेतु शेष है मण्डलायुक्त ने निर्देशित किया कि अगली बैठक से पूर्व कार्य पूर्ण कराते हुए अवगत कराना सुनिश्चित करें। कार्यदायी संस्था उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम सोनभद्र ईकाई द्वारा मेडिकल कालेज में मल्टीपर्पज हाल प्रगति के बारे में बताया गया कि विद्युत का कार्य शेष है मण्डलायुक्त ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देशित किया कि शीघ्र अतिशीघ्र कार्य पूर्ण कराते हुए हैण्डओवर की कार्यवाही पूर्ण करें।

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चील्ह, पड़री, हलिया की समीक्षा के दौरान नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि कार्यदायी संस्था को निर्देशित किया कि कार्य गुणवत्ता परीक्षण करते हुए शीघ्र पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। कार्यदायी संस्था उत्तर प्रदेश प्रोजेक्टस कार्पोरेशन लिमिटेड द्वारा 50 सैय्या एकीकृत आयुष चिकित्सालय प्रगति के बारे में बताया गया कि परियोजना एक वर्ष से अधिक लम्बित चल रही है बताया गया कि ठेकेदार के कारण कार्य प्रभावित हैं। मण्डलायुक्त ने कार्यदायी संस्था प्रोजेक्ट मैनेजर को निर्देशित करते हुए कहा कि जो भी कडिनाईया आ रही उन कमियों को दूर कराते हुए मैनपावर की संख्या बढ़ाते हुए कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। मड़िहान तहसील में 100 छात्र क्षमता के बालिका छात्रावास निर्माण के बारे में बताया गया कि अगस्त 2025 तक कार्य पूर्ण करा लिया जाएगा।

मण्डलायुक्त ने निर्देशित कि मजदूरो की संख्या बढ़ाते हुए कार्य को पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। वृहद गौ संरक्षण केन्द्र देवरी कला मड़िहान, वृहद गौ संरक्षण केन्द्र परसिया की प्रगति के बारे में बताया गया कि अगस्त 2025 तक कार्य पूर्ण करा लिया जाए, मण्डलायुक्त अपर निदेशक पशुपालन को निर्देशित करते हुए कहा कि निरीक्षण करते हुए गुणवत्ता की जांच आख्या उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। जनपद मीरजापुर में तहसील सदर के ग्राम नेगुरा स्थित पौराणिक एवं ऐतिहासिक शंकर जी की मन्दिर के पर्यटन विकास कार्य के बारे में बताया गया कि कार्य प्रगति पर समय से पूर्ण करा लिया जाएगा। अष्टभुजा, कालीखोह रोपवे पर पर्यटन अवस्थापना सुविधाओ के बारे में बताया गया कि कार्य प्रगति पर जिस पर मण्डलायुक्त ने परियोजना प्रबंधक को निर्देशित करते हुए कहा कि समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। कार्यदायी संस्था उत्तर प्रदेश आवास विकास परिषद निर्माण ईकाई द्वारा 50 सैय्यायुक्त बहुखण्डी चिकित्सालय का भवन निर्माण कार्य के बारे में बताया गया कि ओ0पी0डी0 संचालित हो रही है एवं डाक्टरो हेतु आवासो का कार्य प्रगति पर हैं मण्डलायुक्त ने निर्देशित किया गया कि कार्य को पूर्ण कराते हुए हैण्डओवर की कार्यवाही सुनिश्चित करें। कार्यदायी संस्था यूपीआरएनएसएस, यूपीसिडको, उप्र राज्य सेतु निगम, निर्माण खण्ड भवन लोक निर्माण विभाग, लोक निर्माण विभाग निर्माण खण्ड-2, ग्रामीण अभियंत्रण, सीएण्डडीएस, बाणसागर नहर निर्माण खण्ड-5, सिंचाई चुनार खण्ड, सिरसी बांध प्रखण्ड, नलकूप खण्ड, मीरजापुर नहर प्रखण्ड, लघु उद्योग निगम लिमिटेड कानपुर, नगर पालिका परिषद चुनार, अहरौरा के द्वारा कराए जा कार्यो की विस्तृत चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिया। जनपद सोनभद्र की समीक्षा के दौरान कार्यदायी संस्था विद्युत पारेषण खण्ड राबटर्सगंज उत्तर प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कार्पोरेशन लिमिटेड के द्वारा 220 केवी उपकेन्द्र म्योरपुर का निर्माण सम्बन्धित लाइनो की प्रगति के बारे में बताया गया कि कार्य प्रगति पर है 08 स्थलों पर कार्य प्रगति पर है मण्डलायुक्त ने कहा कि कार्य अतिशीघ्र पूर्ण कराते हुए अवगत कराएं।

डीएम ने जनप्रतिनिधिगण के साथ बैठक कर सुनी समस्याएं, दिया निर्देश

मीरजापुर। जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद के जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर आमजनो की शिकायतों को लेकर समस्याओं को सुना। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष अपना दल एस इंजीनियर राम लौटन बिन्द, सांसद राज्यसभा अरूण सिंह के प्रतिनिधि धंनजय पाण्डेय, विधायक नगर के प्रतिनिधि राजेश अग्रवाल, विधायक चुनार के प्रतिनिधि आलोक सिंह उपस्थित रहें। बैठक में जिलाधिकारी, अपर जिलाधिकारी अजय कुमार सिंह व अपर पुलिस अधीक्षक आपरेशन ओम प्रकाश सिंह ने जनप्रतिनिधिगण के द्वारा अपने क्षेत्र के उठाए गए समस्याओ को सुना तथा सम्बन्धित अधिकारियों को तवरित निस्तारण निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रतिनिधिगण के द्वारा उठाए गए समस्यो को प्राथमिकता पर निस्तारण कराया जाएगा।

पक्के रास्ते भी हो जातें हैं खराब जब सड़कों पर होता है जल भराव

तरूणमित्र न्यूज

मीरजापुर। जिले विकास खण्ड जमालपुर में इस समय बरसात के मौसम में जलालपुर चौराहे से गोबिंदपुर, भदावल, ओड़ी होते हुए रामपुर तक जाने वाले मार्ग पर लेपन का कार्य चल रहा है। इसी क्रम में इस समय ग्राम-ओड़ी भदालल के बीच सड़क पर लेपन का कार्य किया गया और चौबीस घंटे बाद ही बारिश हो जाने से सड़क पर जगह-जगह पानी भरने से कोलतार का लेपन उखड़ गया और पुनः सड़क गड्ढा युक्त कीचड़ भरे मार्ग में तब्दील हो गया।

यह जानते हुए भी कि बरसात में अलकतरा नहीं पकड़ेगा, फिर भी सड़क विभाग द्वारा सड़क पर लेपन का कार्य किया गया,जो सर्वथा गलत है। सड़क विभाग द्वारा इस तरह से सरकारी धन के बर्बादी के पीछे का क्या मकसद है, कुछ कह नहीं सकते। अक्सर देखा गया

है कि ज्यादातर सड़कें पानी लगने के कारण ही समय से पहले खराब हो जाती है, इसलिए सड़क निर्माण से पहले सड़कों पर पानी न लगे यह सुनिश्चित करने की जरूरत है।पहले विभाग में बेलदार, मेठ, मुन्शी आदि कर्मचारी लोग रहते थे, जो पुरे बरसात भर सड़कों की निगरानी करते थे, लेकिन वर्तमान शासन में विभाग के पास बरसाती मौसम में सड़कों पर यहां-वहां लगे हुए पानी के निकासी की निगरानी करने वाला कोई नहीं है। लिहाजा अन्न दाता मंच शासन से मांग करता है कि सड़क विभाग सड़कों पर पानी न लगे यह सुनिश्चित करने के बाद ही लेपन का करायें तथा बरसात के मौसम में विभाग आवश्यक श्रमिक लगा कर सभी सड़कों पर एकत्रित पानी के निकासी की व्यवस्था सुनिश्चित करें, तभी सड़कों की लाइफ लम्बी हो सकती है, अन्यथा सड़क पर सीमेंट भी ढलवां देंगे तब भी ज्यादा दिन सड़क चलने वाला नहीं है।

ज्ञानपुर में बनेगा रोडवेज बस स्टेशन

विधायक विपुल दुबे ने किया भूमि पूजन, दो करोड़ 29 लाख 98 हजार से होगा निर्माण

तरूणमित्र न्यूज

भदोही। 2 करोड़ 29 लाख 98 हजार रुपए की लागत से ज्ञानपुर में रोडवेज बस स्टेशन का निर्माण कराया जाएगा। शासन ने इस परियोजना के लिए वित्तीय स्वीकृति दे दी है। सोमवार को विधायक विपुल दुबे ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधि-विधान के साथ परियोजना को मूर्त रूप देने के लिए भूमिपूजन किया।

रोडवेज बस स्टेशन ज्ञानपुर में बनाए जाने की मांग जनता द्वारा लंबे समय से की जा रही थी। प्रदेश सरकार ने चली आ रही मांग को देखते हुए परियोजना की न सिर्फ मंजूरी दी बल्कि वित्तीय स्वीकृति भी प्रदान कर दी है। यह रोडवेज बस स्टेशन आधुनिक सुविधाओं से लैस होगा। जहां पर बसों का इंतजार करने के लिए महिलाओं व पुरूषों के लिए अलग-अलग प्रतिक्षालय होगा। साथ ही यात्रियों को हरियाली के बीच बैठने की व्यवस्था की जाएगी। बस स्टेशन पर शुद्ध पेयजल व स्वच्छ शौचालय की भी व्यवस्था होगी।

भूमि पूजन करते विधायक।

सोलर लाइटों से बस स्टेशन जगमगाता रहेगा। बस स्टेशन के बाहर यात्रियों की सुविधा के लिए इलेक्ट्रॉनिक सूचना बोर्ड लगाए जाएंगे।

इस मौके पर भाजपा के जिलाध्यक्ष दीपक मिश्र व नगर पंचायत अध्यक्ष ज्ञानपुर डॉ.घनश्याम दास गुप्ता के अतिरिक्त अन्य लोग मौजूद रहें।

आमजन की सुरक्षा और कानून-व्यवस्था के लिए पुलिस का चला विशेष अभियान

भदोही। जनपद में आमजन की सुरक्षा और कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से सोमवार को एसपी अभिमन्यु मांगलिक के निर्देशन में एक विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान अभियान में सभी सीओ, थाना व चौकी प्रभारी और पुलिस की चुस्त-दुरुस्त टीमों द्वारा सक्रिय रूप से कारवाई करते हुए बैंकों, सर्राफा बाजारों, व्यवसायिक प्रतिष्ठानों, और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में भ्रमण किया गया। बैंकों और आसपास के क्षेत्रों में संदिग्ध व्यक्तियों, वस्तुओं और वाहनों की गहन तलाशी ली। बिना नंबर प्लेट या गलत नंबर प्लेट वाले वाहनों पर विशेष नजर रखी गई। वैध कागजात न दिखाने वालों के खिलाफ तत्काल चालान की कार्रवाई की गई। सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने के लिए बैंकों में लगे सीसीटीवी कैमरों और अलार्म सिस्टम की कार्यक्षमता की जांच की गई। साथ ही, शाखा प्रबंधकों के साथ पुलिस ने संवाद कर सुरक्षा उपायों को और प्रभावी बनाया गया।

श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना ने नियुक्त किए मंडल व जिले के नए पदाधिकारी

मीरजापुर। जनपद में श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेवा के जिला अध्यक्ष दिलीप सिंह गहरवार व प्रदेश कार्य समिति से धवल सिंह ने मंडल सचिव के पद पर विंध्याचल मंडल सचिव के रूप में सतीश कुमार सिंह को नियुक्त किया। जिला उपाध्यक्ष पद पर इंस्पेक्टर सिंह उर्फ शिवम की नियुक्ति की गई। तथा युवा जिला अध्यक्ष पद पर प्रांजल सिंह उर्फ ऋषि को जिम्मेदारी दी गई। उक्त सभी पदाधिकारियो को कैंप कार्यालय पर माल्यार्पण कर उन्हें नियुक्ति पत्र सौंपते हुए लड्डू खिलाकर उनके मनोनयन, नियुक्ति पर उन्हें बधाई देते हुए समाज में अच्छे कार्य के लिए उन्हें शुभकामनाएं दी गई। श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के जिला अध्यक्ष दिलीप सिंह गहरवार ने बताया कि जिला व मंडल की इकाई का विस्तार कार्यक्रम चल रहा है जिसके तहत और भी नित नए पदाधिकारी की नियुक्ति होनी है। नवनियुक्त युवा जिला अध्यक्ष प्रांजल सिंह ऋषि ने कार्यभार ग्रहण करते हुए आमजन को आश्वासन दिया कि उनके हर सुख-दुख में श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेवा उनके हर संभव मदद के लिए सदैव तत्पर रहेगा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

आवश्यक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि स्व0 मदार बक्श व सिराजुद्दीन पुत्रगण स्व0 मौला बक्श , सदरूनिशा पत्नी सिराजुद्दीन निवासी, दीवान शाह कबीर उर्फ ताडतला तह0 सदर, जौनपुर का वर्तमान समय में सभी की मृत्यु हो चुकी है। उक्त व्यक्तियों का कोई अन्य व्यक्ति तनहा वारिस बनकर जौनपुर मे स्थित उनकी अचल सम्पत्तियों का यदि किसी दीगर व्यक्ति को हस्तान्तरित किया जाता है तो वह विधि विरूद्ध होगा और हस्तान्तरण आरम्भतः शून्य समझा जायेगा। ऐसे किसी भी हस्तान्तरण की सूचना अद्योहस्ताक्षरी को दिया जाना आवश्यक है अद्योहस्ताक्षरी उपरोक्त व्यक्तियों का नाती है।

परवेज वहीद पुत्र स्व0 वहीद अहमद मो0 नं0 9911670199

आवश्यकता है

सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी से सम्बद्ध एवं मान्यता प्राप्त श्री दूधनाथ शुक्ल संस्कृत महाविद्यालय सहिजदपुर, बरहता जौनुपर-222144 में सहायक अध्यापक व्याकरण-03 पद, सहायक अध्यापक साहित्य-01 पद एवं सहायक अध्यापक आधुनिक विषय हिन्दी-01 पद, सहायक अध्यापक आधुनिक विषय इतिहास- 01 पद हेतु विज्ञापन की तिथि से 21 दिनों के अन्दर प्रबन्धक को सम्बोधित करते हुए महाविद्यालय के पते पर समस्त अंकपत्रों-प्रमाणपत्रों की स्वप्रमाणित छायाप्रति एवं प्रबन्धक के पक्ष में देय रू0 500/ बैंक ड्राफ्ट के साथ मात्र पंजीकृत पत्र के माध्यम से नियुक्ति आवेदन पत्र प्राप्त होने आवश्यक है। अपूर्ण आवेदनपत्रों पर विचार नहीं होगा। अर्हता- उक्त समस्त पदों के सम्बद्ध विषय में कम से कम द्वितीय श्रेणी में स्नातकोत्तर उपाधि, परम्परागत उपाधि को वरियता।

प्रबन्धक
श्री दूधनाथ शुक्ल संस्कृत महाविद्यालय सहिजदपुर, बरहता, जौनपुर- 222144 (उ0प्र0)

पति से कहासुनी के बाद पत्नी ने फांसी लगाकर दी जान

सुइथाकला। क्षेत्र के करीमपुर गांव में सोमवार सुबह मोबाइल पर पति से कहासुनी के बाद उसकी पत्नी द्वारा फांसी लगाकर अपनी जान दे देने का मामला प्रकाश में आया है। सूचना पर पहुंची पुलिस लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दी। बताया जा रहा है कि उक्त गांव निवासी गीतांजलि उपाध्याय (35) व पति विपिन उपाध्याय के बीच सोमवार सुबह मोबाइल पर बातचीत हो रही थी, उसी दौरान किसी बात पर आक्रोशित गीतांजलि घर में कमरे को अन्दर से बन्द कर साड़ी के फन्दे के सहारे फांसी लगा ली। पति द्वारा दोबारा फोन लगाने पर जब काल रिसीव नहीं हुई तो उसने परिवार वालों के पास काल कर पत्नी के फोन रिसीव न होने की जानकारी दी। परिवार वालों द्वारा उसके कमरे के पास पहुंचकर आवाज लगाया गया तो भीतर से कोई प्रतिक्रिया न मिलने पर सशंकित हो गए। दरवाजे को जब खोलने का प्रयास किया गया तो दरवाजा अंदर से बंद था। फिलहाल परिजन दरवाजा तोड़कर अन्दर घुसे तो गीतांजलि का शरीर हवा में लटक रहा था। परिजन आनन-फानन में उसे नीचे उतारकर तत्काल अस्पताल ले गए जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। उसकी मौत की पुष्टि होते ही परिवार में कोहराम मच गया। लोगों की मानें तो मृतका का पति संगीत के क्षेत्र में रहकर परिवार का भरण पोषण करता था।

वह चार दिन पूर्व घर से एक कार्यक्रम में भाग लेने गया हुआ था। मृतका की दो पुत्रियां सीता आठ वर्ष तथा गीता छह माह की हैं। घटना की सूचना पति और मायके वालों को दी गई है। विवाहिता के मौत की सूचना पर पहुंची पुलिस लाश को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई में जुट गई। मौके पर पहुंची फोरेंसिक टीम द्वारा घटना की छानबीन की गई। उपनिरीक्षक प्रेम शंकर सिंह ने बताया कि विवाहिता की पत्नी द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या किए जाने की सूचना मिली है लाश को पोस्टमार्टम हेतु भेजकर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

समाज सेवा पुनीत कार्य : सीमा द्विवेदी

जौनपुर। सोमवार को वृद्धा आश्रम सैयदपुर सुक्खी पुर में स्वर्गीय सभाजीत सिंह (पुरावलई, बदला पुर) के प्रथम पुण्यतिथि के अवसर पर वृद्धाश्रम में वृद्धों को साड़ी, कपड़ा एवं मिष्ठान वितरित करते हुए सांसद ने कहा कि वृद्धजन की सेवा ही असली पुनीत कार्य है। इस अवसर पर स्वर्गीय सभाजीत सिंह के पुत्र केशव सिंह आदर्श प्रधानाध्यापक की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे अवसर पर इस प्रकार का दानपुण्य करना ही मानवता है। सांसद ने वृद्धजनों का हाल चाल पूंछ और वृद्धजनों के सुविधा हेतु शीघ्र ही सहायता देने की घोषणा की।

इस अवसर पर जिला समाज कल्याण अधिकारी नीरज पटेल उपस्थित होकर श्रद्धांजलि देते हुए वृद्धों का हालचाल लिया। केशव सिंह द्वारा आश्रम में उपस्थित सभी लोगों को भोजन कराया गया। इस अवसर शिक्षक संघ से डा. संतोष कुमार तिवारी, केशव प्रसाद सिंह, सत्येंद्र सिंह राणा, डा. अरविंद प्रकाश सिंह, डा. मनोज सिंह, राकेश सिंह, शिवम सिंह, विक्रम सिंह, युवराज सिंह, वेदप्रकाश सिंह, विजय कुमार, अभिषेक सिंह, भाजपा नेता मनोज द्विवेदी व्यास, संतोष उपाध्याय, वृद्धा आश्रम संचालक रवि चौबे, महिमा चौबे उपस्थित रहे।

डीएम ने ली जिला स्तरीय समति की बैठक

जौनपुर। जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र की अध्यक्षता तथा पुलिस अधीक्षक डॉ0 कौस्तुभ की उपस्थिति में एन कॉर्ड की जिला स्तरीय समिति की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। जिलाधिकारी द्वारा समिति के सदस्यों को निर्देशित किया गया कि जनपद के सभी मेडिकल स्टोर संचालकों को निर्देशित किया जाय कि सार्वजनिक एवं दुरस्थ / सूनसान स्थानों पर जहाँ ड्रग्स की बिक्री की सम्भावना हो वहां पर सतर्क दृष्टि रखते हुए नियमित पेट्रोलिंग की कार्यवाही की जाय। सभी प्रकार के मन:प्रभावी दवाओं की बिक्री चिकित्सक के परामर्श पर ही ग्राहकों को बिक्री की जाय तथा उनके स्टाक का विवरण पंजिका में अद्यतन किया जाय। अस्पतालों, विद्यालयों एवं रेलवे बस स्टेशनों के आस-पास पान मसाला, गुटका/दोहरा बेचने वाली दुकानों की चेकिंग/जांच किया जाय तथा पूर्ण रूप से जनपद में दोहरे की बिक्री पर रोक लगायी जाय। ड्रग्स की तस्करी एवं परिवहन पर अंकुश लगाने हेतु विभिन्न राष्ट्रीय/राज्य राजमार्गों एवं संदिग्ध स्थानों पर संयुक्त टीम द्वारा चेकिंग की जाए। खाद्य सुरक्षा अधिकारी को निर्देशित किया गया कि प्रवर्तन की कार्यवाही में तेजी लाएं तथा मिलावटखोरों पर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ध्रुव खाडिया, अपर पुलिस अधीक्षक आयुष श्रीवास्तव सहित समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

बीजेपी नेता विजय विद्यार्थी समेत दो हत्या में दोषी करार

जौनपुर। अपर सत्र न्यायाधीश द्वितीय रणजीत कुमार की अदालत ने सरायख्वाजा के इटौरी बाजार में 25 वर्ष पूर्व जनार्दन सिंह की गोली मारकर हत्या करने के मामले में बीजेपी नेता विजय सिंह विद्यार्थी व प्रमोद कुमार सिंह को अदालत ने दोषी करार दहराया है। दंड के प्रश्न पर सुनवाई मंगलवार को होगी। हत्या के जुर्म में आजीवन कारावास व मृत्यु दंड तक की सजा का प्रावधान है।

बता दें कि वादी मुकदमा अनिरुद्ध सिंह निवासी ग्राम कुडुली सरायख्वाजा ने थाने पर प्राथमिकी दर्ज कराया था कि घटना के चार दिन पहले वादी का भतीजा देवेंद्र सिंह इटौरी बाजार गया था। वहां पर सोनिकपुर के अजय कुमार ने भतीजे को धमकी दिया था कि तुम्हारे परिवार का कोई भी व्यक्ति अगर मेरे काम में टांग अड़ाएगा तो उसे गोली मार दूंगा। इस पर वादी द्वारा पंचायत बुलाई गई। जिसकी जानकारी विजय सिंह विद्यार्थी व अजय को होने पर वह लोग नाराज हो गए। तीन अक्टूबर 2000 को समय करीब 4:30 बजे शाम जब वादी का भाई जनार्दन सिंह और भतीजा देवेंद्र इटौरी बाजार से वापस जा रहे थे कि दो मोटरसाइकिल से अजय कुमार सिंह, विजय कुमार सिंह पुत्रगण तिलकधारी सिंह निवासी सोनिकपुर व प्रमोद कुमार सिंह पुत्र सूबेदार सिंह निवासी सरायख्वाजा आए। वादी के भाई जनार्दन सिंह को विजय व प्रमोद ने पकड़ लिया और ललकारा कि आज इसे जान से मार दो। इस पर अजय ने वादी के भाई के ऊपर फायर कर दिया जिससे वादी का भाई गिरकर छटपटाने लगा। गोली की आवाज पर वादी व अन्य लोग आरोपी को पकड़ना चाहे तो आरोपित ने कहा की कोई पास आया तो गोली मार देंगे। वादी पक्ष व बाजार वालों के ललकारने पर तीनों आरोपी एक ही मोटरसाइकिल से भाग गए। दूसरी बाइक घटनास्थल पर पड़ी थी। वादी के भाई की मौके पर मौत हो गई। पुलिस ने विवेचना करके कोर्ट में केस डायरी दाखिल की। सरकारी वकील अरुण कुमार ने कोर्ट में गवाहों को परीक्षित कराया। कोर्ट ने दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद विजय व प्रमोद को हत्या के जुर्म में दोषी करार दहराया।

अंबेडकर प्रतिमा क्षतिग्रस्त होने से आक्रोश

शाहगंज। ताखा पूरब गांव में रविवार रात बाबा साहब डा. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा को अराजक तत्वों ने क्षतिग्रस्त कर दिया। सोमवार सुबह जब ग्रामीणों की नजर प्रतिमा की टूटी उंगली पर पड़ी तो आक्रोश फैल गया। बड़ी संख्या में लोग मौके पर एकत्र हो गए और माहौल तनावपूर्ण हो गया। घटना की जानकारी पर बहुजन समाज पार्टी के वाराणसी मंडल प्रभारी अनिल गौतम, विधानसभा अध्यक्ष विकास गौतम और नगर अध्यक्ष मुकेश कुमार गौतम मौके पर पहुंचे। उन्होंने लोगों को समझा बुझाकर शांति बनाए रखने की अपील की।

बच्चों की सुरक्षा से खिलवाड़ न करें सरकार

जौनपुर। जनपद के विभिन्न विकासखंडों में सोमवार को प्राथमिक विद्यालयों के मर्जर (विलय) और पेयरिंग योजना को लेकर अभिभावकों और ग्राम प्रधानों में तीव्र असंतोष देखने को मिला। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की पहल पर सभी बीआरसी केंद्रों पर आयोजित बैठकों में सैकड़ों की संख्या में अभिभावकों, ग्राम प्रधानों और एसएमसी सदस्यों ने भाग लिया और अपनी आपत्तियां दर्ज कराईं।

बैठक में शिक्षकों द्वारा विभागीय योजना की जानकारी देने के बाद मर्जर का विरोध मुखर रूप में सामने आया। अभिभावकों ने चिंता जताई कि अधिकांश लोग मजदूरी करके जीवन यापन करते हैं और घर से दूर स्कूल भेजने में छोटे बच्चों की सुरक्षा सबसे बड़ी चुनौती है। बैठकों में मौजूद महिलाओं ने कहा कि बच्चियों को दूसरे गांव पढ़ने भेजना असुरक्षित है। उन्होंने सवाल उठाया कि आवारा पशुओं और अनजान लोगों के बीच हम अपने बच्चों को कैसे भेजें साथ ही। उन्होंने आशंका जताई कि मर्जर के बाद बच्चे पढ़ाई से वंचित हो सकते हैं। ग्राम प्रधानों ने कहा कि गांव में विद्यालय केवल शिक्षा का केंद्र नहीं, बल्कि सामाजिक जागरूकता का माध्यम भी है। स्वच्छता अभियान, महिला सशक्तिकरण, टीकाकरण और संचारी रोगों के बारे में जानकारी बच्चों के माध्यम से गांव तक पहुंचती थी। मर्जर के बाद यह तंत्र ही टूट जाएगा, ऐसा कहना था सिरकोनी ब्लॉक के एक प्रधान का। सिरकोनी ब्लॉक बीआरसी पर आयोजित बैठक में उपस्थित प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अरविंद शुक्ला ने साफ कहा कि बेसिक शिक्षा विभाग को इस संवेदनशील विषय पर जल्दबाजी से बचना चाहिए। उन्होंने सरकार से अपील की कि वह अभिभावकों की चिंताओं को गंभीरता से सुने और फिर कोई निर्णय ले। विद्यालय मर्जर को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में विरोध की भावना तेजी से बढ़ रही है। यदि समय रहते शासन-प्रशासन ने संवाद कर ठोस समाधान नहीं निकाला, तो यह शिक्षा व्यवस्था के साथ-साथ सामाजिक ताने-बाने पर भी असर डाल सकता है।

गांव की सुख-समृद्धि के लिये ग्रामीणों ने किया हवन-पूजन

जौनपुर। धर्मापुर विकास खण्ड के मनिहां गोविंदपुर गांव में ग्रामीणों ने भंडारे के साथ पूजन, अर्चन, हवन का कार्यक्रम हुआ जहां गांव सहित आस-पास गांव के तमाम लोग भी मौजूद रहे। बता दें कि गांव में स्थित करआसन डीह बाबा के मंदिर प्रांगण में पिछले 15 वर्षों से 30 जून को भंडारे का आयोजन किया जाता है। गांव के कई लोगों की अकाल मौतें हो गई थीं जिसके बाद से ग्रामीणों ने डीह बाबा की पूजा और भण्डारा कार्यक्रम की शुरुआत की है। हर वर्ष एक दिन पहले से अखंड रामायण पाठ की शुरुआत होती है जिसके बाद हवन पूजन किया जाता है। अंत में प्रसाद वितरण किया जाता है जिसमें गांव के लोग काफी उत्साह से पूजा में शामिल होते हैं। ग्रामीणों के अनुसार जब से गांव में यह पूजा कराई जा रही है तब से गांव में शांति बनी हुई है और लोग खुशहाल हैं। यह पूजा आपसी भाईचारे की मिसाल भी कही जा सकती है जिसमें अल्पसंख्यक वर्ग के लोग भी अपना सहयोग देते हैं। इस अवसर पर विनीत शर्मा, विजय दुबे, अजय शर्मा, संजीव सिंह, रोहित दुबे, नागेन्द्र राजभर, नितीश दुबे, महेश शर्मा, जोगिंदर सरोज, फजरूद्दीन अहमद, जंग बहादुर सिंह, अखिलेश शर्मा, मोनू दुबे, बदरुद्दीन, जय प्रकाश दुबे, अंकित दुबे, सोनू दुबे, उत्तम सिंह, अंशु गौड़ सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

शान्तिकुंज हरिद्वार से निकला ज्योति कलश रथ जौनपुर पहुंचा

जौनपुर। परमपूज्य गुरुदेव व परम वन्दनीया माता जी के तत्वावधान में ज्योति कलश रथयात्रा गायत्री शक्ति पीठ शांतिकुंज हरिद्वार से संचालित हो रही है जो विभिन्न गांवों में जाकर गुरुदेव के आदर्शों को पूरे विश्व में प्रसारित करने का कार्य कर रही है। इसका उद्देश्य है कि मानव अपने सत्कर्मों को करते हुए भगवद्भक्ति करके अपने जीवन को धन्य बनायें। इसी तरह ज्योति कलश रथ यात्रा सोमवार की सुबह जौनपुर के कोहड़ा लगधरपुर गांव निवासी मिथिलेश मौर्य के यहां पहुंचा जिसका जयघोष, माल्यार्पण और आरती करके स्वागत किया गया। गुरुदेव आचार्य श्रीराम शर्मा के विचारों को जनमानस तक पहुंचाया गया। मिथिलेश मौर्य के परिवार के सदस्यों के साथ उनकी माता दुलारी देवी पत्नी स्व. बनवासी राम मौर्य, डा. जितेन्द्र प्रसाद मौर्य, लालचन्द्र मौर्य, गुलाब चन्द्र विश्वकर्मा, युवा समाजसेवी आशीष मौर्य, मनीष, विनोद सोनकर, संतोष सिंह, अमरजीत मौर्य, रविन्द्र कुमार, आजाद, मंजू धीवर, मीरा देवी, कुसुम, मुस्कान सोनकर, मनीषा सोनकर, सत्य प्रकाश, दीनानाथ मौर्य, प्रज्ञेश मौर्य, श्याम बिहारी, रूप सुमन, संतोषी, संगीता, अनीता विश्वकर्मा, बदामा देवी, शिला देवी, पुष्पा, आशा मौर्या सहित तमाम लोगों की उपस्थिति रही।

डंपर पलटने से चालक घायल, ग्रामीणों का हंगामा

जौनपुर। जफराबाद बाईपास पर कोल्दीस्टोरे के पास एक ओवरलोड डंपर के पलटने से हादसा होने से बचा और ड्राइबर घयल हो गया। घटना के बाद ग्रामीणों ने हंगामा करते हुए खनन वाहनों की आवाजाही पर रोक लगाने की मांग की।

बाईपास पर रविवार की रात में गांव कोल्डस्टोर के पास एक ओवरलोड डंपर के पलटने से भयावह हादसा होने से बाल बाल बचा। हादसे में ड्राइबर 55 वर्षीय रंजीत बुरी तरह घायल हो गई। घटना के बाद ग्रामीणों ने हंगामा करते हुए ओवरलोड वाहनों की आवाजाही पर रोक लगाने की मांग की। ओवरलोड मिट्टी से भरा हुआ डंपर बाईपास पर कोल्डस्टोरेज के के पास पहुंचा तो अचानक अनियंत्रित होकर पलट गया। इस दौरान ड्राइबर गंभीर रूप से घायल हो गए और उन्हें तुरंत सरकारी अस्पताल ले जाया गया। हादसे के बाद मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने जोरदार हंगामा किया। ग्रामीणों का आरोप है कि बाईपास पर दिनरात ओवरलोड मिट्टी की ढुलाई की जा रही डम्फर और ट्रैक्टर ओवरलोड रहते है मिट्टी से और तेज गति से चलाते है यह हादसा अगर दिन में होता तो बड़ी घटना हो सकती थी और ओवरलोड मिट्टी वाहनों की दिन-रात आवाजाही होती है, जिससे ऐसे हादसों का खतरा बना रहता है। उन्होंने इन वाहनों पर तत्काल रोक लगाने की मांग की।

शादी का झांसा देकर शारीरिक सम्बन्ध बनाने में एक गिरफ्तार

जौनपुर। जिले की सरायख्वाजा थाना पुलिस ने सोमवार को शादी का झांसा देकर एक युवती के साथ जबरिया संबंध बनाने वाले एक जालसाज युवक को गिरफ्तार कर लिया। बाद में विधिक कार्रवाई करते हुए युवक का चालान न्यायालय भेज दिया। दरअसल पीड़िता द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय में बीते दिनों शिकायत किया कि हैप्पी यादव पुत्र शामले यादव निवासी लेदुका थाना बक्शा के द्वारा शादी का झाँसा देकर मेरे साथ जबरिया संबंध बनाया। धोखाधड़ी का यह खेल वह पिछले पांच साल से मेरे साथ खेल रहा है। मुझे अपनी पत्नी के तौर पर मानते हुए वह मेरे साथ शारिरिक सम्बन्ध बनाता रहा। जब जहां-जहां रिश्तेदार या अन्य किसी के यहां बुलाता था। वहां जाती थी, उसकी हर बात मैं मानती थी।

लेकिन जब काफी समय बीत गया तब मैने शादी करने के लिए कहां तो वह शादी करने से अब साफ मना कर रहा है। इसी 28 जून को हैप्पी ने मुझे सबके सामने खूब मारा पिटा और जान से मारने की धमकी दिया। पुलिस अधीक्षक डा. कौस्तुभ ने पीड़िता युवती की बातों को बेहद ही गंभीरता से लेते हुए थाना सरायख्वाजा पुलिस को कड़े निर्देश दिया। कहा कि पीड़िता का मुकदमा दर्ज करके आरोपी को तत्काल गिरफ्तार किया जाए। पुलिस कप्तान का फोन आते ही पुलिस हरकत में आई और आनन फानन में आरोपी हैप्पी यादव पुत्र शामले यादव निवासी लेदुका थाना बक्शा को सरॉयख्वाजा थाना अंतर्गत सिद्दीकपुर तिराहे से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की इस टीम में सरायख्वाजा थाने के उपनिरीक्षक बृजेश सिंह, हेड कांस्टेबल अरुण यादव, रमेश सिंह मुख्य रहे।

सर्पदंश से अधेड़ की मौत

जौनपुर। जिले के तेजीबाजार थाना क्षेत्र के दानूपुर ग्रामसभा में टाइल्स मिस्त्री अवधेश विश्वकर्मा (55) की सर्पदंश से मौत हो गई। इस हादसे से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। जानकारी के अनुसार, अवधेश विश्वकर्मा पुत्र हरगोविंद विश्वकर्मा पेशे से टाइल्स लगाने का काम कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। बाताया जा रहा है कि वह अपनी मोटरसाइकिल को घर के छप्पर के नीचे खड़ा करने गए थे। इसी दौरान किसी विषैले सांप ने उन्हें डंस लिया। उस समय कुछ भी उसको पता नहीं चला, लेकिन कुछ ही देर में उनकी तबीयत बिगड़ने लगी। परिजन जब तक कुछ समझ पाते, तब तक हालत गंभीर हो गई। आनन-फानन में परिजन उन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले जाने लगे, लेकिन जौनपुर पहुंचते-पहुंचते अवधेश की मौत हो गई। घटना के बाद मृतक के घर में कोहराम मच गया। पत्नी और बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है। अवधेश अपने पीछे बूढ़े पिता, पत्नी और तीन पुत्रों को छोड़ गए हैं। घर की सारी जिम्मेदारी अब मोनू जो घर में सबसे बड़ा है उसके ऊपर आ गई है।

निजी स्वार्थ के लिए शिक्षक सरकार से करते हैं आंदोलन

बरैछामोड़। परिषदीय विद्यालयों का एक दूसरे विद्यालय में विलय करने का राज्य सरकार द्वारा उठाया गया कदम काबिले तारीफ कहा जा रहा है।

विवरण के अनुसार परिषदीय विद्यालयों में छात्रों की संख्या पचास से कम है उसे अन्य विद्यालयों में समायोजन करना राज्य सरकार द्वारा उठाया गया कदम काबिले तारीफ है। क्योंकि परिषदीय विद्यालयों में छात्रों की संख्या बढ़ नहीं रही है जबकि राज्य सरकार द्वारा शिक्षकों के साथ-साथ विद्यार्थियों के लिए नि:शुल्क पाठ्य पुस्तक, यूनिफॉर्म व मध्यान भोजन की व्यवस्था कर रखी है। जो परिषदीय विद्यालयों के लिए अभिशाप बनकर उभरा है, इसका कारण शिक्षा विभाग व शिक्षकों के नेताओं की कुंभ कर्णी नींद के कारण ही राज्य सरकार के परिषदीय विद्यालयों के विपरीत नर्सरी विद्यालयों का उद्भव जोरों के साथ निकल पड़ा जो आज राज्य सरकार को भारी पड़ रहा है। वर्तमान में शिक्षक एवं शिक्षक नेता केवल अपनी ही सुविधा के प्रति सरकार से आंदोलन करते रहते हैं। वह कभी भी विद्यालय व शिक्षकों की उपस्थित व शिक्षण कार्य की प्रति जवाब देह नहीं बन सके जब सरकार परिषदीय विद्यालयों को जिसमें 50 से कम छात्र हैं। परिषदीय विद्यालयों को एक दूसरे में समायोजन करने की प्रक्रिया को साकार कर रही है, जिसको लेकर शिक्षक नेताओं ने अभिभावकों को आगे करके आंदोलन करने की प्रक्रिया में जुट गए हैं। राज्य सरकार द्वारा इन शिक्षकों के प्रति जब-जब कठोर कदम जैसे ऑनलाइन उपस्थित हो चाहे अन्य कार्य हो यह नेता शिक्षकों के साथ हड़ताल करने की धमकी दे डालते हैं। यह शिक्षक कभी भी छात्रों की भविष्य के बारे में नहीं सोचते जबकि कहा गया है परिषदीय विद्यालय ही शिक्षा की प्रथम नीव कहलाती है।

खण्ड विकास अधिकारी के आदेशों का नहीं हो रहा पालन

चन्दवक। लगभग सात साल से अंगद की तरह पैर जमाये बैठा चन्दवक का ग्राम पंचायत अधिकारी (सचिव) पत्रकारों तक का नहीं उठाता फोन। जानकारी के लिए बताते चलें कि चंदवक ग्राम सभा में कार्यरत ग्राम पंचायत अधिकारी (सचिव) लगभग सात सालों से पैर जमाए हुए बैठे हैं। वैसे तो शासनादेश के द्वारा उनकी नियुक्ति एक ब्लॉक पर मात्र तीन साल की होती है, लेकिन श्रीमान जी सात साल से चंदवक ग्राम सभा में ही पड़े हुए हैं। अधिक दिनों तक एक हीं जगह रहने से ये बे लगाम होकर ग्राम सभा का शोषण करते हैं। अगर ग्राम सभा चंदवक की सही मायने में जांच कराई जाए तो, तो खुद व खुद पता चल जाएगा। यह सात साल से चंदवक में क्यों विराजमान है, तरुण मित्र संवाददाता ने इनके मोबाइल नंबर पर फोन लगाकर कुछ जानकारी चाही परंतु श्रीमान जी का मोबाइल नंबर व्यस्त रहा। उन्होंने यह जानने का प्रयास तक नहीं किया की पत्रकार ने आखिर फोन क्यों किया था। जब इनका पत्रकारों के साथ ऐसा व्यवहार है तो क्षेत्रीय जनता के फोन को यह किस तरह से रिसीव करते होंगे। आश्चर्य तो तब हुआ, बृहस्पतिवार को जब तरुण मित्र संवाददाता के कहने पर खंड विकास अधिकारी ने पुरानी बाजार में बिगड़े हुए हैंडपंपों को ठीक करने आदेश तुरंत दूरभाष से दिया परंतु एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी अभी तक खंड विकास अधिकारी के आदेशों का पालन नहीं हो पाया। क्षेत्रीय जनता ऐसे सचिव के खिलाफ जांच कराकर कार्यवाही करने की जिलाधिकारी से मांग की है।

सरकारी पत्थर बार-बार उखाड़कर फेंक रहे दबंग

जौनपुर। गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के तरसण्ड निवासी रामजीत पुत्र छब्बी ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर राजस्व टीम द्वारा गाड़े गए पत्थर को उखाड़कर फेंके जाने वाले के विरूद्ध कार्यवाई की मांग किया है। सोमवार को दिए गए प्रार्थना पत्र में उसने बताया की प्रार्थी ग्राम तरसण्ड उपरोक्त की भूखण्ड का स्वामी अध्यासी, संक्रमणीय भूमिधर है। उसने अपनी गाटा संख्या का सीमांकन अन्तर्गत धारा 24 कराया। जिसमे आदेश 10/11/2023 को अंतिम रूप से पारित करे पत्थर गाड़ने का निर्देश हो गया। आदेश के अनुपालन में 03/12/2024 को तमाम ग्रामीणो की उपस्थिती में लेखपाल हल्का व राजस्व निरीक्षक ने पत्थरगड्डी कर दिया। आरोप है कि इन लोगों के चले जाने के बाद गांव के रोहित, राहुल व खुशहाल पुत्रगण चौथी तथा पार्वती बेवा ने मिलकर एक राय होकर पत्थर को उखाड़ दिया।

दबंगों द्वारा उखाड़कर फेंका गया सरकारी पत्थर।

इसकी शिकायत उपजिलाधिकारी सदर से कई बार किया गया। जिसके क्रम में थाना प्रभारी गौराबादशाहपुर को निर्देशित किया जिसके आधार पर पुलिस बल मौके पर जाकर विपक्षीगण को मना किया कि गाटा संख्या के सीमा चिन्हो को क्षतिग्रस्त मत करना। प्रार्थी द्वारा 21/06/2025 को तहसील दिवस में पुन: आदेश कराया कि प्रार्थी की गाटा संख्या का पुन: सीमांकन करके पत्थर गाड़ दिया जाय।

घटना 29 जून की है कि लेखपाल हल्का और राजस्व निरीक्षक मौके पर जाकर सीमांकन करके पत्थर गाड़ दिये। परन्तु लेखपाल व राजस्व निरीक्षक के चले जाने के बाद उक्त लोगों ने परिवार को भद्दी-भद्दी गालिया दिया और कहा कि डीएम, एसपी या कोई भी अधिकारी आ जाए मैं जमीन कब्जा नहीं लेने दूंगा। 29 जून की सायं रात 08:00 बजे उक्त लोगों ने सीमा पर गाड़े गए पत्थर को उखाड़ दिया और प्रार्थी व परिवार के लोगों को भद्दी-भद्दी गाली दिया और जान से मारने की धमकी दिया और कहे कि कोई भी आ जाय। हम लोग जमीन पर कब्जा नहीं लेने देंगे। उक्त घटना आईपीसी की धारा 434 के नए कानून धारा 326 भारतीय न्याय संहिता मे गंभीर अपराध है।

इस प्रकरण मे जब तक उक्त लोगों को दंडित नहीं किया जाएगा तब तक वे लोग अपने हरकत से बाज नहीं आएंगे। मांग किया कि मौके पर थाना प्रभारी गौराबादशाहपुर को भेजकर घटना का प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करने का निर्देश देकर प्रार्थी के सीमा चिन्हो पर यथावत पत्थर गाड़े जाने का आदेश प्रदान करने की कृपा करे, ताकि न्याय हो।

रिटायर्ड पेशकार को जज ने दी विदाई

जौनपुर। मोटर दुर्घटना अधिकरण में सोमवार को रिटायर्ड हुए पेशकार मोहसिन जमाल का विदाई समारोह आयोजित हुआ। सड़क दुर्घटना के जज मनोज कुमार अग्रवाल ने उनके उत्तम कार्यकाल की प्रशंसा करते हुए उन्हें अधिकरण का फाऊंडेशन स्टोन बताया। अधिवक्ताओं ने माला पहनाकर कर उनका स्वागत किया। उन्हें अंग वस्त्रम, कुरान, तसबीह, जानमाज भेंट किया। 2020 में ट्रिब्यूनल के गठन से अब तक वह पेशकार रहे। अधिवक्ताओं ने उनके उत्तम कार्यकाल की प्रशंसा की। कहा कि वह अत्यंत कर्तव्यनिष्ठ, ईमानदार, ऊर्जावान एवं किसी के साथ भेदभाव न करने वाले पेशकार रहे। उन्हें मील का पत्थर बताया। विदाई समारोह का संचालन अधिवक्ता हिमांशु श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर पर अधिवक्ता दिलीप श्रीवास्तव, एके सिंह, सुभाष मिश्रा, बृजेश निषाद, सूर्यमणि पांडेय, राना प्रताप सिंह, निलेश निषाद, शैलेश यादव, संतोष सोनकर, अंकित सिंह, वीरेंद्र त्रिपाठी, विनोद प्रजापति, शादाब, शाहबाज, कासिम, सुरेंद्र पांडेय, ईश्वर यादव, निलेश यादव, राहुल तिवारी, सद्दाम, अरसलान, मो. अहमद, दीपक, अमितेश, बहाबुद्दीन आदि उपस्थित रहे।

जीवन रक्षक चिकित्सक समाज के सच्चे नायक : सीएमओ

जौनपुर। समाज में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य एवं योगदान और बेहतर सेवा कार्य के लिए समर्पित चिकित्सकों को लायन्स क्लब मेन द्वारा सम्मानित किया गया। सोमवार को डॉक्टर्स डे की पूर्व संध्या पर जिला अस्पताल के सभागार में आयोजित समारोह में उन्हें चिकित्सा रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया। समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि मुख्य चिकित्साधिकारी डा. लक्ष्मी सिंह व विशिष्ट अतिथि डा. के के राय मुख्य चिकित्सा अधीक्षक ने किया।

चिकित्सा रत्न से सम्मानित होने वाले चिकित्सकों सीनियर सर्जन डा. सैफ हुसैन खान, डा. एसपी तिवारी, डा. एसपी अग्रवाल, डा. नरेंद्र कुमार, डा. संजय कन्नौजिया, डा. राम नगीना राम, डा. वीके सोनकर, डा. अमरदीप, डा. दीप शिखा, डा. शायन दास, डा. शिव देव रजक, डा. अशोक यादव, डा. शशांक यादव, डा. प्रभात सिंह, डा. केके पाण्डेय, डा. सलमान अंसारी, डा. एस के मिश्रा, डा. मानसी उपाध्याय, डा. सत्येंद्र, डा. अशोक कुमार, डा. प्रमोद कुमार, डा. पवन सिंह, डा. अर्पित प्रताप सिंह, डा. मनीष को स्मृति चिन्ह् व अंगवस्त्रम प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डा. लक्ष्मी सिंह ने कहा कि डॉक्टरों का धर्म मानव सेवा है। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा. कृष्ण कुमार राय ने कहा कि चिकित्सक समाज की रीढ़ हैं। डॉक्टर केवल इलाज नहीं करते, वे जीवन की आशा लौटाते हैं।

ट्रेन से उतरने के चक्कर में यात्री की मौत

जौनपुर। जौनपुर जंक्शन के प्लेटफार्म नंबर एक पर मरुधर एक्सप्रेस ट्रेन से उतरने के चक्कर में वृद्ध यात्री की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। जीआरपी ने लाश को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया जाता है कि पड़ोसी जनपद आजमगढ़ बरदह थाना क्षेत्र के इसहाकपुर गांव निवासी चिंता राज राजभर उम्र लगभग 55 वर्ष पुत्र स्वर्गीय सोचन राजभर सोमवार शाम को सुहेलदेव एक्सप्रेस ट्रेन से दिल्ली जाने के लिए जौनपुर जंक्शन पर पहुंचे हुए थे। लेकिन वह गलती से वाराणसी से जोधपुर को जाने वाली मरुधर एक्सप्रेस ट्रेन नंबर 14853 जो प्लेटफार्म नंबर एक पर खड़ी थी। उस पर वह सवार हो गए हालांकि ट्रेन के प्लेटफॉर्म से चलने पर जब उनको यह जानकारी ट्रेन की किसी अन्य यात्री द्वारा दी गई कि यह ट्रेन दिल्ली न जाकर जोधपुर जाएगी तो वह तुरंत ट्रेन से उतरने के प्रयास किए और ट्रेन के नीचे जाकर कट गए। जीआरपी ने लाश को कब्जे में लिया और आगे की कार्यवाही करने में जुटगई।

अवकाश ग्रहरण करने पर दी गई विदाई

जौनपुर। सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी बृजेश चतुर्वेदी के आज सेवानिवृत्त होने पर कलेक्ट्रेट सभागार में विदाई समारोह आयोजित किया गया। जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चन्द्र, मुख्य विकास अधिकारी ध्रुव खाडिया, अपर जिलाधिकारी राम अक्षयबर चौहान ने बृजेश चतुर्वेदी को माला पहनाकर, पुष्पगुच्छ व स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया।

जिलाधिकारी ने ली सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

जौनपुर। जिलाधिकारी डा. दिनेश चंद्र की अध्यक्षता तथा पुलिस अधीक्षक डा. कौस्तुभ की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न हुई।

बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि सेंट पैट्रिक के पास सड़क चौड़ीकरण हेतु आकलन संबंधी प्रस्ताव उच्चाधिकारियों को प्रेषित किया जाए। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल यूनिवर्सिटी के सामने फुट ओवरब्रिज बनाए जाने हेतु जिलाधिकारी की तरफ से प्रस्ताव भेजा जाए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि जनपद में सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन कराया जाए, लोगों को जागरुक किया जाए, डग्गामार वाहन न चलने पाए, इसके साथ ही अवैध बस/टैक्सी स्टैंड संचालित नहीं होने चाहिए। साथ ही उन्होंने निर्देशित किया गया कि जनपद की सभी सड़के गड्ढा मुक्त होनी चाहिए, अधीक्षण अभियंता पीडब्ल्यूडी को निर्देशित किया कि ऐसे सड़कों को चिन्हित करते हुए तत्काल गड्ढे भरवाने का कार्य किया जाए। यातायात निरीक्षक द्वारा अवगत कराया गया कि करीब 23 ब्लैक स्पॉट चिन्हित किए गए है। जिलाधिकारी ने ऐसे मार्गों पर सड़क सुरक्षा संबंधी कार्य कराने के निर्देश दिए, जिससे संभावित दुर्घटना को रोका जा सके। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि सड़कों पर अनफिट वाहन नहीं चलने चाहिए। यह भी सुनिश्चित किया जाए कि विद्यालयों में भी अनफिट वाहन संचालित ना हो। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि हमारा दायित्व है कि अभियान चलाकर वाहनों की चेकिंग कराई जाए, पुलिस प्रशासन द्वारा इसमें पूरा सहयोग किया जाएगा। गड्ढा मुक्ति का कार्य भी किया जा रहा है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ध्रुव खाड़िया, अपर पुलिस अधीक्षक आयुष श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

कुकर फटने से युवक झुलसा

जौनपुर। रसोई घर में कुकर के फटने से युवक झुलस गया। उसका उपचार जिला अस्पताल में चल रहा है। लाइन बाजार थाना क्षेत्र के परियावा गांव निवासी खिलाड़ी उम्र लगभग 22 वर्ष पुत्र खेतान सोमवार तीसरे पहर रसोई घर में कुकर पर कुछ पका रहा था। उसी समय कुकर में अधिक हवा भरने से कुकर फट गया नतीजतन चपेट में आकर वह झुलस गया। परिजन उसे तुरंत जिला अस्पताल पहुंचा कर भर्ती करवाए।

शांति भंग के आरोप में 23 गिरफ्तार

शाहगंज। अपराध और शांति भंग पर प्रभावी कार्रवाई करते हुए कोतवाली पुलिस ने सोमवार को क्षेत्र के विभिन्न स्थानों से कुल 23 लोगों को शांति भंग तहत गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा। गिरफ्तारी की यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ के निर्देशन में की गई, जिसमें प्रभारी निरीक्षक दीपेंद्र सिंह सहित कई उप निरीक्षक शामिल रहे।

रोटरी क्लब को मिला प्लेटिनम क्लब का गौरव

जौनपुर। रोटरी क्लब ने एक और गौरवशाली उपलब्धि हासिल करते हुए रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3120 के सिद्धोत्सव वार्षिक पुरस्कार समारोह में कुल 24 पुरस्कार प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया। प्रयागराज स्थित इलाहाबाद इंडियन मेडिकल एसोसिएशन कन्वेंशन हॉल में आयोजित भव्य समारोह में क्लब को प्लेटिनम क्लब के सम्मान से विभूषित किया गया। यह प्रतिष्ठित सम्मान क्लब द्वारा वर्षभर किए गए उल्लेखनीय सामाजिक कार्यों के फलस्वरूप प्रदान किया गया।

समारोह में डिस्ट्रिक्ट गवर्नर पारितोष बजाज ने 90 क्लबों की उपस्थिति में रोटरी क्लब के सदस्यों को यह सम्मान प्रदान किया। इस मौके पर क्लब अध्यक्ष श्याम वर्मा को प्लेटिनम प्रेसिडेंट, सचिव शिवांशु श्रीवास्तव को प्लेटिनम सेक्रेटरी तथा रोटेरियन पंकज जायसवाल को नए उत्कृष्ट सदस्य के पुरस्कार से नवाजा गया। क्लब को मिली इन उपलब्धियों ने संस्था की सामाजिक प्रतिबद्धता और सेवा कार्यों को नई पहचान दी है। क्लब अध्यक्ष श्याम वर्मा ने इस अवसर पर कहा, यह सम्मान सभी सदस्यों की टीम भावना, समर्पण और समाजसेवा के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का परिणाम है। यह हमें भविष्य में और अधिक प्रेरणा देगा। समारोह में श्याम वर्मा, शिवांशु श्रीवास्तव, संजय जायसवाल और पंकज जायसवाल विशेष रूप से उपस्थित रहे। क्लब सचिव शिवांशु श्रीवास्तव ने पूरे कार्यक्रम के दौरान अन्य क्लबों से आए रोटेरियन का गर्मजोशी से स्वागत किया। यह सम्मान रोटरी क्लब की सक्रिय भूमिका और समाज के प्रति उसके सतत योगदान को प्रमाणित करता है।

जमीन के बंटवारे को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट

जौनपुर। गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के जमुआरी और सकरा गांव में जमीन के बंटवारे को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने चार लोगों को हिरासत में ले लिया। पुलिस के अनुसार जमुआरी गांव के राजकुमार सरोज और सत्येंद्र सरोज तथा सकरा गांव के साहबराज और शेखराज में जमीन के बंटवारे को लेकर सोमवार को सुबह साढ़े 11 बजे झड़प होते हुए मारपीट हो गई। विवाद की सूचना पर मौके पर पुलिस पहुंच गयी जिन्होंने सकरा गांव के साहबराज, शेखराज एवं जमुआरी गांव के राजकुमार सरोज, सत्येंद्र को हिरासत में ले लिया। इस बाबत पूछे जाने पर थानाध्यक्ष फूलचन्द्र पाण्डेय ने बताया कि जमीनी विवाद को लेकर सकरा और जमुआई गांव में विवाद हुआ था जिसमें चार लोगों को हिरासत में लेते हुए शांति भंग में चालान कर दिया गया है। हिदायत दिया कि पुन: मारपीट होने पर मुकदमा दर्ज कर दिया जायेगा।

जनहित के कार्यों को गम्भीरता से लें अधिकारी : जिलाधिकारी

जौनपुर। जिलाधिकारी डा. दिनेश चंद्र की अध्यक्षता में आजमगढ़-वाराणसी राजमार्ग संबंधी मुआवजे के प्रकरण के निस्तारण के सम्बन्ध में बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई।

बैठक में जिलाधिकारी के द्वारा अवगत कराया गया कि आजमगढ़-वाराणसी राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण के दौरान वर्ष 2013 से भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया चल रही थी। किन्ही कारणों से किसानों तथा एनएचएआई के मध्य मुआवजे के निर्धारण को लेकर गतिरोध चल रहा था। उन्होंने कहा कि किसानों को न्यायोचित मुआवजा मिल सके इस हेतु तीन गांव का अभिनिर्णय किया जा चुका है तथा अन्य सभी गांवों में अभिनिर्णय की प्रक्रिया चल रही है। दोनो पक्षों को सुनते हुए न्यायोचित निर्णय किया जाएगा जिससे आने वाले समय में शीघ्र राष्ट्रीय राजमार्ग का निर्माण किया जा सके तथा किसानों और एनएचएआई के मध्य जो गतिरोध है उसे समाप्त किया जा सके। लम्बित मुआवजे के प्रकरण के निस्तारण के लिए एनएचएआई और किसानों के मध्य कई बार बैठक कराया गया है और पूरे प्रकरण को उच्च अधिकारियों से भी अवगत कराया गया। उन्होंने कहा कि जो दर निर्धारित किया गया है अभिनिर्णय के पश्चात सम्पूर्ण धनराशि सम्बन्धित किसान के खाते में हस्तान्तरित कर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री का निर्देश है कि इसमें किसी भी बिचैलिए का हस्तक्षेप नहीं होना चाहिए। उन्होंने सभी किसानों का आश्वस्त कराया कि उन्हे यथोचित मुआवजा दिया जाएगा। जिलाधिकारी ने कहा कि जनहित के कार्यों को प्रत्येक अधिकारी गम्भीरता से लें यह राजमार्ग बन जाने से सभी किसानों, आमजनमानस को आवागमन में सुविधा होगी तथा उस क्षेत्र का तीव्र गति से विकास भी हो सकेगा। इस अवसर पर मुख्य राजस्व अधिकारी अजय अम्बष्ट सहित किसानगण उपस्थित रहे।

बुजुर्गों का सम्मान सर्वोपरि : मधुसूदन बैंकर

जौनपुर। समाजसेवा की भावना को समर्पित लायंस क्लब रॉयल द्वारा आज नगर के सुक्खीपुर स्थित वृद्धाश्रम में एक विशेष सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर वृद्धाश्रम में निवासरत सभी वरिष्ठजनों को प्रात: काल गर्मागर्म जलेबी व समोसे का नाश्ता कराया गया। क्लब के सदस्यों ने बुजुर्गों के साथ आत्मीयता के साथ समय बिताते हुए उनका हालचाल जाना और अपनापन का भाव प्रकट किया। क्लब अध्यक्ष लायन मधुसूदन बैंकर ने इस मौके पर कहा, हमें अपने बुजुर्गों का हमेशा सम्मान करना चाहिए, क्योंकि इनका आशीर्वाद अमूल्य होता है और यह कभी व्यर्थ नहीं जाता। कार्यक्रम के दौरान वृद्धाश्रम के केयरटेकर रवि चौबे द्वारा ई-रिक्शा खरीदने हेतु सहयोग का निवेदन किया गया, जिस पर क्लब ने तत्परता दिखाते हुए 5100/- की सहयोग राशि प्रदान की। इस पुण्य अवसर पर नव-निर्वाचित अध्यक्ष संजीव साहू, कोषाध्यक्ष राजेश किशोर, उपाध्यक्ष आनंद साहू, विष्णु गौड़, रवि शर्मा, ऋषि श्रीवास्तव, विनोद अग्रहरि, अजय मोदनवाल, हर्षित बैंकर, श्रेयश बैंकर सहित कई सदस्यों ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति से इस सेवा कार्य को सार्थकता प्रदान की।

अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे सभापति

जौनपुर। उत्तर प्रदेश विधान परिषद की प्रदेशीय विद्युत व्यवस्था संबंधी समिति सभापति दिनेश कुमार गोयल के सभापतित्व में एक जुलाई को जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक की उपस्थिति में जिला स्तरीय विभागीय अधिकारियों से विचार विमर्श कर विद्युत आपूर्ति की स्थिति, विद्युत उपभोक्ता लोड के अनुरूप ट्रांसफार्मर की स्थिति, विद्युत लाइन लॉस, विद्युत चोरी रोकने हेतु विभाग द्वारा किए गए उपाय, वाणिज्यिक/ औद्योगिक क्षेत्र/इकाइयों को कनेक्शन देने की स्थिति, विगत दो वर्षों में विभाग को सदस्यों द्वारा प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्र और उन पर की गई कृत कार्यवाही सहित अन्य बिंदुओं पर जानकारी प्राप्त करेगी।

तरुणमित्र
मंगलवार,01 जुलाई 2025
संवत- 2081, आषाढ़ शुक्ल पक्ष.- 06

विपक्ष का संदेह

पहले से ही विवादों से घिरे चुनाव आयोग ने एक और विवाद खड़ा कर दिया है। उसने बिहार में विधानसभा चुनाव से पहले मतदाता सूची का स्पेशल इंटेंसिव रिविजन (विशेष गहन पुनर्निरीक्षण) शुरू किया है। यह काम 25 जुलाई 2025 तक होना है। यानी 25 दिनों में 'सब कुछ बदल डालूंगा' की तर्ज पर यह पूरी मतदाता सूची को बदल डालेगा। आयोग की इस अप्रत्याशित सक्रियता से बिहार की विपक्षी पार्टियों और मतदाताओं के बीच खलबली मचना स्वाभाविक है। बीते फरवरी में ही मतदाता सूची संशोधित हुई है और चुनाव आयोग के कहे अनुसार राजनीतिक पार्टियों ने बूथ लेवल एजेंटों की नियुक्ति भी कर दी है। चुनाव आयोग के आंकड़ों के अनुसार इन एजेंटों की संख्या डेढ़ लाख से ऊपर है। आयोग ने राजनीतिक पार्टियों से कहा था कि वे चाहें तो और एजेंटों की नियुक्ति भी कर लें। यानी बिहार विधानसभा चुनावों की तैयारी चल रही थी कि आयोग में 'सूची बदल डालूंगा' का जोश उमड़ आया। गहन पुनर्निरीक्षण को इतने कम समय में करने का वादा किया गया है कि उससे आयोग के अपने तर्कों का भी खंडन होता है। अपनी क्षमता की दुहाई देकर वह एक या दो चरणों में होने वाले चुनाव कई चरणों में कराता है और अब बिहार की करीब सात करोड़ 89 लाख वोटरों की सूची को महज 25 दिनों में पूरी तरह बदल लेगा। इसी दौरान सभी मतदाताओं के फॉर्म और दस्तावेज उसके पास जमा हो जाएंगे और उनकी जांच भी कर ली जाएगी। यह सब करके वह एक सितंबर को नई संशोधित सूची जारी कर देगा। ध्यान रहे, बिहार के करीब 3 करोड़ लोग देश के दूसरे हिस्सों में काम करते हैं। क्या फॉर्म के साथ जमा होने वाले दस्तावेज सबके पास हैं? क्या वे इतने कम दिनों में इकट्ठा कर सकते हैं? यह लगभग असंभव है।

आयोग ने आसानी से पहचान और आवास के सहज ही उपलब्ध सबूतों को स्वीकार करने से मना कर दिया है। आधार कार्ड, वोटर आई कार्ड और पैन कार्ड भी पहचान और आवास के प्रमाण नहीं होंगे। आयोग ने मतदाताओं की पहचान और आवास के जो सबूत मांगे हैं उससे लोगों को मतदान का अधिकार मिलने के बजाय इसके छिन जाने का खतरा पैदा हो गया है। एक जुलाई 1987 के पहले जनमे मतदाताओं को यह प्रमाण देना पड़ेगा कि उनका जन्म किस तारीख को और कहां हुआ। उन दिनों बिहार के अधिकांश लोग घर में पैदा होते थे। साल 2018 के आंकड़े के अनुसार, बिहार में अभी भी 18 प्रतिशत लोगों का जन्म घर में ही होता है। स्कूली शिक्षा का प्रतिशत ऐसा है कि बिहार की जाति जनगणना के अनुसार अभी मैट्रिकुलेशन या दसवीं पार करने वालों का प्रतिशत 15 है तो उस समय तो और भी कम होगा। घर में पैदा होने वालों के पास जन्म के स्थान को प्रमाणित करने के लिए जमीन का कोई कागज चाहिए, जिसमें उसका नाम हो। बिहार में करीब एक चौथाई लोग ऐसे हैं जिनके घर मिल्कियत वाली जमीन पर नहीं हैं। इसमें ज्यादातर दलित और अति पिछड़े समाज के लोग हैं। आयोग ने एक जुलाई 1987 और 2 दिसंबर 2004 के बीच पैदा होने वालों से जन्म की तिथि और स्थान के दस्तावेज के साथ माता-पिता में से किसी एक की जन्म की तिथि और स्थान के सबूत मांगे हैं। तीसरा समूह उन लोगों का है जो 2004 के बाद जनमे हैं। उन्हें अपने साथ साथ माता-पिता के लिए भी ये दस्तावेज देने होंगे। आयोग ने जिन अन्य दस्तावेजों को मान्य किया है, उनमें सरकारी नौकरी, पासपोर्ट के अलावा बैंक, बीमा, पोस्ट ऑफिस, किसी सरकारी संस्थान या स्थानीय निकाय से जारी पहचानपत्र, जाति प्रमाणपत्र और मूल निवास का प्रमाणपत्र शामिल हैं।

...आज का दिन...

मेष- किसी योजना का सुपरिणाम प्राप्त, दूसरों के आश्वासनों से मानसिक राहत, मांगलिक आयोजन सम्पादित, विरोधियों का वर्चस्व कम, अकल्पित लाभ।

वृषभ- आज दिन 3/24 बजे तक कठिनाइयां, अभीष्ट सिद्धि में विलम्ब, योजना अधूरी, आपसी सम्बन्धों में कटुता, शेष समय में ग्रहस्थिति अनुकूल, आरोग्य सुख की प्राप्ति।

मिथुन- आज दिन 3/24 बजे तक दिनचर्या व्यवस्थित, धन संचय की ओर प्रवृत्ति, परिजनों का सहयोग, शेष समय में घरेलू समस्याओं से मानसिक राहत, भौतिक सुख की प्राप्ति।

कर्क- कठिनाइयों का निराकरण, व्यावसायिक क्षेत्र में सफलता, धनसम्पत्ति विषयक मसला हल, आपसी सलाह से कामयाबी, इच्छा के अनुकूल घटनाएँ घटित, हर्ष भी।

सिंह- साहसिक प्रयास प्रगति पर, सामाजिक मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि, आहार-विहार में नवीनता, आपसी सम्बन्ध मधुर, इच्छित पद की प्राप्ति, आमोद-प्रमोद के साधन सुलभ।

कन्या- आज दिन 3/24 बजे तक सफलता में संदेह, आर्थिक पक्ष से निराशा, शंका-कुशंका से मतभेद, शेष समय शुभ, नौकरी में पदोन्नति, वैवाहिक अड़चनें समाप्त।

तुला- आज दिन 3/24 बजे तक व्यापार में धन निवेश, कार्य क्षमता में वृद्धि, अकल्पित लाभ, शेष समय में प्रतिकूलता, स्वास्थ्य प्रभावी, जोखिम से हानि, विचारों में उग्रता।

वृश्चिक- नवउत्तरदायित्व का निर्वाह, अधीनस्थ सहयोगियों से सहयोग, शुभ कार्यों में व्यय की अधिकता, दाम्पत्य जीवन मधुर, कर्ज की निवृत्ति का प्रयास सार्थक, मन प्रसन्न।

धनु- पराक्रम से कार्य सफल, व्यवसाय में उपस्थित व्यवधान समाप्त, अकल्पित लाभ, व्यक्तिगत परेशानी में कमी, दर्शनीय स्थलों की यात्रा का सुयोग, मनोविनोद के सुअवसर।

मकर- आज दिन 3/24 बजे तक असफलता, सुख शांति का अभाव, संकल्प-विकल्प की स्थिति, यात्रा में कष्ट, शेष समय में दिनचर्या व्यवस्थित, सुयश की प्राप्ति।

कुम्भ- आज दिन 3/24 बजे तक समय उन्नतिकारक, आरोग्य सुख, योजना साकार, पठन-पाठन में रुचि, शेष समय में विपरीत घटनाएँ घटित, सोचे हुए कार्य अधूरे।

मीन- कार्य व्यवसाय में प्रगति की ओर अग्रसर, धन सम्पत्ति विषयक मसला पक्ष में हल, दूसरों के आश्वासनों से राहत, आवागमन में अनुकूलता, प्रेम सम्बन्धों में प्रगाढ़ता।

-: श्री विमल जैन :-
हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद् एस-2/1-76 ए, द्वितीय तल, वरदान भवन, आकांक्षा हास्पिटल के निकट, टैगोर टाउन एक्सटेंशन
भोजूबीर, वाराणसी-221002 (उ0प्र0)- मो0:-09335414722

-: राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस :-

जीवनदाता, देवदूत और मानवता के प्रहरी चिकित्सक

- नरेंद्र शर्मा परवाना -

हर साल एक जुलाई को भारत में राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस मनाया जाता है। यह दिन केवल एक तारीख नहीं, बल्कि एक कृतज्ञ समाज का हृदयस्पर्शी सम्मान है उन चिकित्सकों के प्रति, जो जीवन और मृत्यु के बीच खड़े होकर हर दिन इंसानियत की रक्षा करते हैं। चिकित्सक न केवल रोगों का उपचार करते हैं, बल्कि वे उन आशाओं के रक्षक भी हैं, जो परिवारों की आंखों में झलकती हैं। कोरोना महामारी ने इस पेशे की महत्ता को और भी गहराई से उजागर किया, जब चिकित्सकों ने अपनी जान जोखिम में डालकर लाखों लोगों की जिंदगियां बचाईं। यह दिन हमें उनके समर्पण, बलिदान और मानवता के प्रति उनकी अटूट निष्ठा को याद करने का अवसर देता है।

डॉक्टर दिवस की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि- भारत में राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस की शुरुआत सन् 1991 में हुई थी। यह दिन डॉ. बिधान चंद्र रॉय की स्मृति में मनाया जाता है, जो पश्चिम बंगाल के दूसरे मुख्यमंत्री थे, एक उत्कृष्ट चिकित्सक और समाज सुधारक थे। उनकी जन्म और पुण्यतिथि दोनों एक जुलाई को ही पड़ती हैं, जो अपने आप में एक प्रेरक संयोग है। डॉ. रॉय ने चिकित्सा क्षेत्र में अपनी सेवाओं से न केवल मरीजों का जीवन बचाया, बल्कि मेडिकल शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनके जीवन से प्रेरणा लेकर यह दिन हमें चिकित्सकों के नैतिकता और समर्पण के मूल्यों को याद दिलाता है।

समाज की रीढ़ चिकित्सक- चिकित्सक समाज के वे अनमोल रत्न हैं, जो न केवल बीमारियों का उपचार करते हैं, बल्कि मानवता की सेवा में अपना जीवन समर्पित करते हैं। एक डॉक्टर का काम केवल तकनीकी ज्ञान तक सीमित नहीं है,इसमें धैर्य, करुणा और संवेदनशीलता की भी आवश्यकता होती है। उदाहरण के लिए, ग्रामीण भारत में एक डॉक्टर जो सीमित संसाधनों में भी मरीजों का इलाज करता है, वह न केवल एक चिकित्सक है, बल्कि एक सामाजिक योद्धा भी है। वहीं, शहरी अस्पतालों में जटिल सर्जरी करने वाले डॉक्टर अपनी विशेषज्ञता से असंभव को संभव बनाते हैं। चाहे वह एक छोटे से क्लिनिक में मरीज को प्राथमिक उपचार देने वाला डॉक्टर हो या बड़े अस्पताल में जीवन रक्षक ऑपरेशन करने वाला विशेषज्ञ, दोनों ही समाज की रीढ़ हैं।

कोरोना काल में चिकित्सकों की भूमिका- कोविड महामारी ने चिकित्सकों की भूमिका को एक नए आयाम में प्रस्तुत किया। जब पूरा विश्व ठहर सा गया था, तब चिकित्सक अपनी जान जोखिम में डालकर अस्पतालों में डटे रहे। पीपीई किट पहने, महीनों तक परिवारों से दूर रहकर, और अनगिनत घंटों तक काम करते हुए उन्होंने लाखों लोगों की जान बचाई। उदाहरण के तौर पर, दिल्ली के एक अस्पताल में डॉ. रितु गर्ग ने लगातार 18 घंटे काम करके सैकड़ों मरीजों को ऑक्सीजन और दवाइयाँ उपलब्ध कराईं, जबकि उनकी खुद की जान खतरे में थी। कई चिकित्सकों ने अपने प्राणों की आहुति दी, जिसने समाज को यह सिखाया कि चिकित्सक केवल पेशेवर नहीं, बल्कि मानवता के सच्चे प्रहरी हैं।

व्यवसायीकरण बनाम मानवता की सेवा- आज के दौर में चिकित्सा क्षेत्र में व्यवसायीकरण एक गंभीर चुनौती बनकर उभरा है। कुछ निजी अस्पतालों में मरीजों को अनावश्यक टेस्ट और महंगे इलाज के लिए मजबूर किया जाता है, जिससे इस पवित्र पेशे की गरिमा पर सवाल उठते हैं। फाइव-स्टार अस्पताल, ऊंची सैलरी और लैब में टेस्ट में मुनाफे की चाह ने कुछ मामलों में चिकित्सा को व्यापार बना दिया है। अनेक निजी अस्पतालों में सामान्य बीमारियों के लिए भी लाखों रुपये का बिल थमाया जाता है, जो आम आदमी की पहुँच से बाहर है। यह व्यवसायीकरण चिकित्सकों और मरीजों के बीच विश्वास को कमजोर करता है।

हालांकि, इसके बावजूद कई चिकित्सक आज भी मानवता की सेवा को सर्वोपरि मानते हैं। उदाहरण के लिए, डॉ. गोविंद प्रकाश अग्रवाल जैसे चिकित्सक, जिन्होंने अपनी चिकित्सा सेवाओं से हजारों लोगों को नवजीवन दिया, सस्ता और गुणवत्तापूर्ण उपचार किया। चिकित्सा में मानवता और व्यवसाय का संतुलन बनाया। समाज को चाहिए कि वह ऐसे चिकित्सकों को प्रोत्साहित करे और व्यवसायीकरण को नियंत्रित करने के लिए नीतियां बनाएं।

चुनौतियां और भविष्य की राह- चिकित्सकों के सामने कई चुनौतियां हैं। अत्यधिक कार्यभार, मरीजों का असंतोष, सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं में कमी और बढ़ती चिकित्सकीय हिंसा उनके लिए बड़ा खतरा हैं। हाल के वर्षों में डॉक्टरों पर हमले की घटनाएं बढ़ी हैं, जो न केवल उनके मनोबल को तोड़ती हैं, बल्कि पूरे स्वास्थ्य तंत्र को कमजोर करती हैं। इसके लिए, एक सुरक्षित माहौल और कठोर कानूनों की आवश्यकता है। साथ ही, मेडिकल शिक्षा को और अधिक मानवीय और संवेदनशील बनाने की जरूरत है, ताकि भविष्य के चिकित्सक न केवल तकनीकी रूप से कुशल हों, बल्कि मानवता के प्रति भी समर्पित हों।

राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस हमें उन अनगिनत चिकित्सकों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर देता है, जो समाज की सेवा में अपना जीवन समर्पित करते हैं। यह दिन हमें यह याद दिलाता है कि चिकित्सकों को केवल धन्यवाद नहीं, बल्कि सम्मान, सुरक्षा और समर्थन की भी आवश्यकता है। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि चिकित्सा क्षेत्र में व्यवसायीकरण मानवता की सेवा के सामने बाधा न बने।

महावाक्य- जब विज्ञान में संवेदना जुड़ती है, तब डॉक्टर जन्म लेते हैं, और वही मानवता का सबसे भरोसेमंद प्रहरी होता है। आइए, इस चिकित्सक दिवस पर हम सब मिलकर उनके योगदान को नमन करें और उनके प्रति अपनी जिम्मेदारी को निभाएं।

(विभूति फीचर्स)

प्रकृति का रौद्र रूप कहीं बाढ़ कहीं भूस्खलन

भारत में वर्षाकाल मे भीषण प्राकृतिक वर्षा के फलस्वरुप बाढ़ भूस्खलन और नदियों में उफान आने से उत्तरांचल, उत्तराखंड, असम, मेघालय, दिल्ली और पंजाब भीषण त्रासदी झेल रहे हैं और बड़ी संख्या में लोगों की मृत्यु भी हो गई है।देश के साथ एकसाथ विश्व में कई देशों में अतिवृष्टि से बाढ़ का प्रकोप होता है लैंडस्लाइडिंग भी होती है पर सर्वाधिक मृत्यु भारत में ही होती है। भारत में भूकंप के झटके भी लगते हैं कई बार भूकंप भी आता है और जान माल की हानि होती है। यह ऐसा तो है नहीं कि अति वर्षा कई सालों में एक बार होती हो, वर्षा, बाढ़ तथा लैंडस्लाइडिंग का प्रकोप हर वर्ष अखबारों में हम पढ़ते हैं और लोगों की मृत्यु होती है तो ऐसे में केंद्र तथा राज्य सरकारों को आपस मैं सामंजस्य कर इस त्रासदी तथा विपदा का पहले से प्रबंध करने की आवश्यकता होनी चाहिए जिससे आमजन को जान माल का कम से कम नुकसान हो सके। आपदा सदैव अनअपेक्षित घटना होती है। जो मानवीय नियंत्रण से बाहर तथा प्राकृतिक व मानवीय कारकों द्वारा मूर्त रूप दी जाती है।

प्राकृतिक आपदा अल्प समय में बिना किसी पूर्व सूचना के घटित होती है, जिससे मानव जीवन के सारे क्रियाकलाप अवरुद्ध हो कर,जान और माल की बड़ी हानि होती है ।आपदा की गहनता, विशालता एवं निरंतरता मानव जीवन तथा समाज, देश को बड़ी हानि पहुंचाते हैं, एवं उस देश की आर्थिक स्थिति में गहरी चोट करते हैं। इन प्राकृतिक आपदाओं से देश की प्रगति पर चोट पहुंचती है। तथा राष्ट्र को आर्थिक रूप से बहुत पीछे खींच कर ले जाती है। आपदा प्रबंधन में जापान से सीख ली जा सकती है। क्योंकि जापान आपदा प्रबंधन में विश्व में अग्रणी देश माना जाता है। जापान पृथ्वी के ऐसे क्षेत्र में अवस्थित है, जहां भूकंप, सुनामी, ज्वालामुखी जैसी प्राकृतिक आपदाएं सदैव आती रहती हैं। जापान में आपदा प्रबंधन की अत्याधुनिक तकनीक को याकोहामा रणनीति कहा जाता है। जापान में आपदा प्रबंधन की साल भर नियमित रूप से मॉनिटरिंग कर एक्सरसाइज की जाती रहती है, एवं आपदाओं पर निरंतर निगरानी तथा नजर रखी जाती है,एवं इसके निदान के लिए पूर्व से ही सुनियोजित योजना बनाकर नागरिकों को सुरक्षित कर लिया जाता है। भारत को भी इसी तरह आपदा प्रबंधन को अपनाकर हमें बाढ़, अतिवृष्टि, लैंडस्लाइडिंग तथा भूकंप से पूरी क्षमता कथा विशेषताओं के साथ सामना करना चाहिए। आपदाओं के प्रति मानवीय सभ्यता के संदर्भ में समाज के आर्थिक सामाजिक रूप से कमजोर वर्ग को ज्यादा प्रभावित करती है। एवं समाज का सबसे संवेदनशील तबका यानी वृद्ध व्यक्ति, महिलाएं, बच्चों, दिव्यांग लोगों को प्राकृतिक आपदाओं से सबसे ज्यादा खतरा बना रहता है। आपदा के समय सबसे ज्यादा निम्न आय वर्ग का व्यक्ति तथा मजदूर तबके का व्यक्ति सबसे ज्यादा प्रभावित होकर उसकी दिनचर्या समूह रूप से छिन्न-भिन्न हो जाती है, एवं आर्थिक साधन भी नष्ट हो जाते हैं, जिससे उसे आजीविका का एक बड़ा भय सताने लगता है। भारत के भू भाग का लगभग 58% क्षेत्र भूकंप की संभावना वाला क्षेत्र है, जिसमें हिमालयिन क्षेत्र, पूर्वोत्तर राज्य, गुजरात का कुछ क्षेत्र, अंडमान निकोबार द्वीप समूह भूकंप की दृष्टि से सबसे सक्रीय क्षेत्र रहें है। देश के 65 से 68% भूभाग पर कभी कम कभी ज्यादा भीषण रूप से सूखा पड़ता है, इसी तरह भारत के पश्चिमी और प्रायद्वीपीय राज्य में मुख्यत: शुष्क तथा अर्ध शुष्क न्यून नमी वाले क्षेत्र सूखे से सदैव प्रभावित रहते हैं। बाढ़ से प्रभावित भूमि का विस्तार क्षेत्र देश के 12% है, यानी 7 करोड़ हेक्टेयर जमीन में भूकंप आने की संभावना सदैव बनी रहती है।

हिमालय क्षेत्र देश के पर्वतीय क्षेत्र मैं भूस्खलन की गंभीर समस्या की संभावना सदैव बनी रहती है। देश के विशाल तटवर्ती क्षेत्र में चक्रवात तथा सुनामी की भयावह स्थिति की संभावना सदैव बनी रहती है। अब भारत में विश्व के साथ-साथ करोना संक्रमण की भयानक महामारी से प्रभावित होकर हजारों लाखों नागरिकों की जान गवा कर इस आपदा से जंग लड़ रहा है, यह कोविड-19 की महामारी या आपदा प्राकृतिक है या मानव निर्मित यह तो भविष्य ही बताएगा, किंतु इस महामारी ने पूरे वैश्विक स्तर पर आकस्मिक रूप से मानव जीवन में मृत्यु का तांडव मचा के रख दिया है। ऐसी ही अनपेक्षित आपदाओं का पूर्वानुमान अथवा आकलन किया जाना पहले से संभव नहीं हो सकता है। ऐसे में राष्ट्रीय अन्य योजनाओं के साथ-साथ आपदा प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण विषय पर अत्यधिक सावधानी पूर्वक योजना तथा विभाग बनाने चाहिए, देश में जापान जैसे देश की तरह आपदा प्रबंधन से निपटने के लिए अत्याधुनिक आपदा प्रबंधन सिस्टम को तैनात कर तैयार रखने की आवश्यकता होगी।

भारत को आपदा प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण विभाग को चुस्त-दुरुस्त तथा अत्याधुनिक तकनीक से युक्त रखने की आवश्यकता है। तूफानी चक्रवात, सुनामी, भूस्खलन, भूकंप, सूखा बाढ़ के अलावा अब कोविड-19 यानी करोना संक्रमण जैसी खतरनाक बीमारियां भारत देश को अपना निशाना बना कर रखा है ।ऐसे में भारत में मध्यम दर्जे का या निम्न दर्जे का आपदा प्रबंधन सिस्टम किसी भी काम का ना रहेगा, एवं इससे भारी जानमाल की हानि होने की संभावना सदैव बनी रहेगी। भारत में आपदा प्रबंधन के लिए 1990 में कृषि मंत्रालय के अंतर्गत डिजास्टर मैनेजमेंट सेल स्थापित किया गया था। लेकिन 1993 में लातूर के भूकंप तथा 1998 में मालपा के भूस्खलन तथा 1999 में ओडिशा में सुपर साइक्लोन तथा 2001 में भुज के भूकंप के बाद देश में एक मजबूत आपदा प्रबंधन की व्यवस्था की जरूरत को महसूस करते हुए जे,सी, पंत जी की अध्यक्षता में हाई पावर कमेटी की रिपोर्ट में एक सुव्यवस्थित तथा व्यापक सिस्टम तथा विभाग की स्थापना की आवश्यकता प्रतिवेदित की गई थी। अगर आपदा प्रबंधन सिस्टम को लगातार मॉनिटर किया जाता एवं उस सिस्टम के अधिकारी जिम्मेदार व्यक्ति सचेत एवं सजग रहते, तो द्वितीय लहर में इस तरह हड़कंप संक्रमण एवं मृत्यु का सामना नहीं करना पड़ता। भारत को आपदा प्रबंधन के सिस्टम पर फिर से आंकलन कर एक नई व्यूह रचना बनाकर गरीब तबके निचले व्यक्ति तथा समग्र रूप से मानव जाति की सुरक्षा के लिए नए-नए उपाय करने चाहिए। क्योंकि आपदा कभी बताकर नहीं आती। इसी तरह कोविड-19 की तीसरी लहर की आशंका को ध्यान में रखते हुए हमें इसकी तैयारी पूर्व से ही कर लेना चाहिए अन्यथा हाथ मलने के अलावा अपने पास कुछ ना रह जाएगा।

संजीव ठाकुर, स्तम्भकार, चिंतक,लेखक,
रायपुर छत्तीसगढ़, 9009415415

चंदौली

जिलाधिकारी द्वारा उर्वरक बिक्री केंद्र बी पैक्स जगदीशसराय का किया गया औचक निरीक्षण

जिलाधिकारी ने किसानों से दूरभाष पर बात कर ली जानकारी

तरूणमित्र न्यूज

चन्दौली। जिलाधिकारी चंद्र मोहन गर्ग द्वारा उर्वरक बिक्री केंद्र बी पैक्स जगदीशसराय का औचक निरीक्षण किया गया। केंद्र पर पहुंच कर किसानों को दी जाने वाली उर्वरकों की जानकारी प्राप्त किया तथा जिन जिन किसानों को उर्वरक वितरित किए गए थे उन्होंने दूरभाष के माध्यम से क्रास चेकिंग की जिस पर बहुत सारी अनियमिताएं पाई गई। इस पर जिलाधिकारी ने गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुवे सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधन सहकारिता को मौके पर बुलाकर वहां लंबे अवधि से तैनात

सचिव श्री सुनिल तिवारी को तत्काल प्रभाव से हटाने के निर्देश देते हुवे कहा कि जनपद के किसान भाइयों को कही भी किसी भी प्रकार की उर्वरक में कोई अनियमिता नहीं होनी चाहिए। यदि शिकायत प्राप्त हुई और जांच में शिकायत सही पाई जाती है तो आप लोग भी दंड के भागी होंगे।

दंड से बचना है तो सभी उर्वरक बिक्री केन्द्रों पर किसी भी प्रकार की गड़बड़ी को रोकना सुनिश्चित करे।

युगांधर सेवा समिति का रक्तदान शिविर सम्पन्न

तरूणमित्र न्यूज

चकिया, चंदौली। जिला संयुक्त चिकित्सालय, चकिया में सोमवार को युगांधर सेवा समिति के तत्वावधान में एक दिवसीय रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। मानवता की सेवा के उद्देश्य से आयोजित इस शिविर में कुल 27 रक्तदाताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपने रक्तदान के माध्यम से जरूरतमंदों को जीवनदान देने का कार्य किया। इस शिविर का संचालन चंदौली जिला चिकित्सालय की चिकित्सकीय टीम के देखरेख में किया गया, जिसमें चिकित्साधिकारी डॉ. दिनेश सिंह एवं रक्तकोष सहायक संध्या सिंह प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

सेवा भावना को समर्पित संस्था- युगांधर सेवा समिति, एक पंजीकृत समाजसेवी संगठन है, जो वर्ष 1998 से विभिन्न सामाजिक व मानव सेवा कार्यों में संलग्न है। शिविर का उद्घाटन समिति के अध्यक्ष संदीप कुमार मोदनवाल द्वारा किया गया, जिन्होंने इस अवसर पर कहा।卐एक यूनिट रक्त दो लोगों की जान बचा सकता है।

हमारा प्रयास है कि कोई भी व्यक्ति रक्त की कमी के कारण अपनी जान न गंवाए। समिति समाज में जागरूकता फैलाने के साथ-साथ निरंतर रक्तदान, छठ पर्व सेवा शिविर एवं आपदा राहत कार्यों में सक्रिय है।卐 शिविर में रक्तदान करने वाले प्रमुख रक्तवीर- संदीप कुमार मोदनवाल (अध्यक्ष) कैलाश जायसवाल अंकित मध्देशिया, राजेश गुप्ता, मोहम्मद हसनैन खाँ, सोनू गुप्ता, प्रियांशु जायसवाल, सत्यम जायसवाल, मार्वन त्रिपाठी, शेखर तिवारी, रंजीत सिंह, ओमी जायसवाल, आफताब आलम, ज्योति गुप्ता, मनीष जायसवाल, कुलदेव मिश्रा, सलामुद्दीन शिवरतन गुप्ता सहित 27 लोगो द्वारा रक्तदान किया गया। रक्तदान करने वाले युवाओं में जबरदस्त उत्साह और सामाजिक कर्तव्यों के प्रति समर्पण देखा गया। कुछ रक्तदाताओं ने यह भी कहा कि वे नियमित अंतराल पर रक्तदान करते रहते हैं और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करते हैं। भावनात्मक पल शिविर के दौरान कई भावनात्मक दृश्य भी देखने को मिले। एक वरिष्ठ नागरिक ने आकर रक्तदाताओं का आभार व्यक्त किया, यह कहते हुए कि, 卐इन युवाओं की वजह से मेरे पोते को समय पर रक्त मिल सका था, मैं इनका आशीर्वाद देने आई हूँ।卐 आगे की योजना युगांधर सेवा समिति ने यह घोषणा की कि भविष्य में हर दो महीने पर रक्तदान शिविर आयोजित किए जाएंगे, साथ ही ब्लड ग्रुप रजिस्ट्रेशन और आपातकालीन रक्त सहायता सेवा भी जल्द शुरू की जाएगी। इस मौके पर समिति के सभी पदाधिकारी, स्वंयसेवकगण एवं स्थानीय गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में रक्तदाताओं को सम्मान पत्र और जलपान देकर सम्मानित किया गया।

चन्दौली: मत्स्य आखेट पर सख्ती, डीएम ने लगाया प्रतिबंध, उल्लंघन पर होगी कार्रवाई

तरूणमित्र न्यूज

चकिया/चन्दौली। चन्दौली जिले में अब जलस्रोतों से मछलियों के अवैध शिकार पर प्रशासन ने सख्त रुख अपना लिया है। जिलाधिकारी चन्द्र मोहन गर्ग ने उत्तर प्रदेश मत्स्य अधिनियम 1948 की धारा-3(1) तथा शासनादेशों के तहत तत्काल प्रभाव से जिले के सभी जलाशयों, नदियों व धाराओं में मत्स्य आखेट (मछली शिकार) पर कड़ा प्रतिबंध लगा दिया है।

जारी आदेश के अनुसार यह नियम चन्दौली जनपद की सीमा में आने वाले सभी सार्वजनिक जलस्रोतों पर लागू होंगे। सिर्फ वही जलधाराएं इससे बाहर रहेंगी जो यथाविधि निजी या धार्मिक घोषित की गई हैं। आदेश में साफ किया गया है कि कोई भी व्यक्ति विस्फोटक पदार्थों, कृषि रक्षा रसायनों या किसी भी विषैले रसायन के माध्यम से मछलियों को मारने या मारने के प्रयास नहीं करेगा। 15 जुलाई से 30 सितम्बर तक प्रतिबंधित मछली पकड़ना- प्रशासन द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार 15 जुलाई 2023 से 30 सितम्बर 2023 तक 10 इंच से कम आकार की मत्स्य अंगुलिका अथवा जीरा को पकड़ना, बेचना या उसकी तस्करी करना पूरी तरह वर्जित रहेगा। साथ ही, 15 जून 2023 से 30 जुलाई 2023 तक प्रजनन काल में किसी भी प्रकार की मछली पकड़ना, बेचना या मारना तब तक मना होगा, जब तक वैध लाइसेंस प्राप्त न हो।

प्राकृतिक बहाव में छेड़छाड़ पर सख्त मनाही- डीएम के आदेश के अनुसार कोई भी व्यक्ति नदियों या धाराओं के प्राकृतिक प्रवाह को रोकने हेतु अवरोध नहीं लगाएगा। यदि ऐसा पाया गया, तो संबंधित सामग्री के साथ मछलियों और मत्स्य जीरा को जब्त कर लिया जाएगा।

उल्लंघन पर दण्डात्मक कार्रवाई- डीएम ने स्पष्ट किया कि आदेशों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध उत्तर प्रदेश मत्स्य अधिनियम 1948 के तहत दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी। यह आदेश जिले में मछलियों की प्रजातियों के संरक्षण और जल-जीवन संतुलन को बनाए रखने हेतु जारी किया गया है।

प्रशासन की अपील- जिलाधिकारी ने जनता से अपील की है कि जलस्रोतों के संरक्षण में सहयोग करें और किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि की जानकारी संबंधित विभाग को दें, जिससे जैव विविधता को सुरक्षित रखा जा सके।

तमंचे के साथ फोटो-वीडियो बनाना पड़ा महंगा, दो गिरफ्तार

तरूणमित्र न्यूज

डीडीयू नगर, चंदौली। चंदौली पुलिस को अपराध व अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में एक बड़ी सफलता मिली है। जिले की धानापुर पुलिस ने गुप्त सूचना पर कार्यवाही करते हुए दो युवकों को अवैध असलहा के साथ गिरफ्तार किया। अभियुक्तों ने बताया कि वे शौकिया तौर पर अवैध असलहा रखते है। फिलहाल पुलिस, आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है।

दरअसल, चंदौली के एसपी आदित्य लांग्हे द्वारा अपराध व अपराधियों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करने का निर्देश दिया गया है। एसपी द्वारा दिये गए निर्देशों के क्रम में जिले की पुलिस द्वारा अपराधियों की धड़-पकड़ के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा। इस क्रम में धानापुर पुलिस को मुखबीर से अवैध असलहा रखने से संबंधित इनपुट मिली। मुखबीर की सूचना पर कार्यवाही करते हुए पुलिस ने कुसुम्ही नहर पुलिया के पास से दो युवकों को पकड़ा और उनकी तलाशी ली। तलाशी में युवकों के पास से 312 बोर के 2 तमंचा और 2 जिंदा कारतूस बरामद हुई। असलहे के साथ बनाते थें वीडियो गिरफ्तारी व बरामदगी के बाबत जानकारी देते हुए पुलिस द्वारा बताया गया कि गिरफ्तार अभियुक्तों के नाम अनिल कुमार, निवासी धानापुर और अमन यादव निवासी वाराणसी है।

चौबीस घंटे में मात्र एक घंटे बिजली पर बिफरे पूर्व विधायक

तरूणमित्र न्यूज

चंदौली। सपा के राष्ट्रीय सचिव व सैयदराजा के पूर्व विधायक मनोज सिंह डब्लू सोमवार को अमड़ा विद्युत उपकेंद्र पहुंचे। इस दौरान वहां पहले से मौजूद आसपास के ग्रामीण इलाके के लोगों ने कई महीनों से हो रही भीषण बिजली कटौती की समस्या से अवगत कराया। बताया कि उपकेंद्र से सम्बद्ध फीडरों को चौबीस घंटे में मात्र एक घंटे बिजली आपूर्ति की जा रही है। इस पर सपा के राष्ट्रीय सचिव ने विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता के टेलीफोनिक बातचीत कर ग्रामीणों की समस्या से अवगत कराया।

लड़की का जीवन

लड़की होना कोई पाप नहीं,
लड़की का जन्म अभिशाप नहीं,
खुशियां लाती है घर मे वो,
रौनक होती है जग की वो,
पर ये कैसी रीती जग की
स्वतंत्र हो के भी ना स्वतंत्र हुई,
लड़की होना पाप नही . .
लड़की का जन्म अभिशाप नहीं,
समानता का अधिकार दिया
फिर वही अधिकार छिन लिया,
कभी परिया है तो कभी बुलबुल सी
उसे कब खुला आकाश दिया,
कभी ईर्ष्या ने कभी लोलुपता ने
उसके कदमों को छिन लिया ,
लड़की होना पाप नही . . . . .
लड़की का जन्म अभिशाप नहीं
सारे चरित्र की जिम्मेदारी
समाज ने उसके नाजुक कंधो
पर डाल दिया,
धर्म और कर्म के बंधन में
उसे जकड़ के बाध दिया,
उसे कुंठित होने पर मजबूर किया,

लड़की होना पाप नही . . . .
लड़की के जन्म अभिशाप नहीं,
प्रकृति का ये भी नियम
अपवाद स्वरूप मंथरा ,शूर्पणखा,
पूतना का जन्म हुआ,
उस युग से इस युग तक
कुछ अपवाद है जारी,
जहां लड़की होना पाप हुआ,
लड़की का जन्म अभिशाप हुआ,
पर उस युग से इस युग तक
सदा ये साक्ष्य रहा
सीता, राधा, अनुसुइया,सावित्री
ने स्वर्णिम इतिहास रचा,
गुण गान सदा जिनका
जय - जयकारा रहा,
लड़की होना पाप नहीं
लड़की का जन्म अभिशाप नहीं।

सुचिता विश्वकर्मा

दिव्यांग बच्चों के चिह्नांकन के लिए ब्लॉक स्तर पर होगा शिविरों का आयोजन

2 जुलाई से 11 जुलाई तक ब्लॉक मुख्यालयों पर लगेगे दिव्यांग चिन्हांकन शिविर

तरूणमित्र न्यूज

चन्दौली। जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी राजेश कुमार नायक ने बताया कि दिव्यांग बच्चों के चिन्हांकन के लिए ब्लॉक स्तर पर शिविर आयोजित होंगे। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में एक विशेष अभियान के रूप में क्रियान्वयन के लिए प्रत्येक दिव्यांग बच्चे तक पहुंच हो सके और उनका एक डाटा बेस भी तैयार कराया जा रहा है।

यह समस्त कार्यवाही 11 जुलाई तक पूरी होनी है। जनपद के प्रत्येक विकास खण्ड पर शिविर का आयोजन कर उनके चिकित्सकीय परीक्षण, दिव्यांग प्रमाण पत्र, उनकी आवश्यकता के अनुरूप सहायक उपकरण व अन्य योजनाओं का लाभ दिलाये जाने विशेष अभियान के तहत 02 जुलाई, 2025 से शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

उक्त शिविर में दिव्यांगजन अपने पास उपलब्ध प्रमाण पत्रों यथा दिव्यांगता प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र (गरीबी रेखा से नीचे अथवा ग्रामीण क्षेत्र में 46080 एवं शहरी क्षेत्र में 56460),

निवास प्रमाण पत्र, आधार कार्ड एवं बैंक पासबुक की प्रति, दो फोटो, मोबाईल नम्बर आदि के साथ शिविर में उपस्थित होकर निर्धारित तिथियों में प्रात: 11.00 बजे से सायं 3.00 बजे तक करायेंगे, जिसमें दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग के कार्मिक उपलब्ध रहेंगे। उन्होंने बताया कि बरहनी ब्लाक में 02 जुलाई को, 03 जुलाई को चहनियां में, 04 जुलाई को चकिया में, 05 जुलाई को चंदौली में, 07 जुलाई को धानापुर, 08 को नौगढ़ में, 09 जुलाई को नियमताबाद, 10 जुलाई को साहबगंज एवं 11 जुलाई को सकलडीहा में चिन्हांकन शिविर आयोजित किए जाएंगे।

उन्होंने जनपद के समस्त दिव्यांग बच्चों के अभिभावको एवं सर्व साधारण से अपील की है कि जनपद में निवासरत समस्त दिव्यांग बच्चों को इन चिन्हांकन शिविरों में शत-प्रतिशत पंजीकरण कराएं जिससे कि चिन्हित बच्चों के समग्र पुनर्वासन का कार्य किया जा सके।

जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार ने ईवीएम-वीवीपैट वेयरहाउस का किया निरीक्षण

जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार निरीक्षण के दौरान। एडीएम ई बिपिन कुमार सहित तमाम पार्टियों के जनप्रतिनिधि मौजूद रहे

तरुणमित्र न्यूज

वाराणसी। जिला निर्वाचन अधिकारी / जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में तहसील सदर निर्वाचन कार्यालय वेयरहाउस में रखे ईवीएम तथा वीवीपीएटी मशीन का सोमवार को त्रैमासिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वेयरहाउस के चारों तरफ लगाए गए सीसीटीवी कैमरों की संख्या एवं उनकी स्थिति, कंट्रोल रूम, कक्षवार विद्युत आपूर्ति, खिड़कियों एवं रोशनदानों को सुरक्षित रखने के उपायों सहित अन्य बिंदुओं का गहन निरीक्षण किया।

डीएम ने वेयरहाउस के बाहर लगाए गए सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से बाह्य सुरक्षा व्यवस्था की लगातार निगरानी करने के निर्देश भी दिये। जिलाधिकारी ने उप जिला निर्वाचन अधिकारी सहित अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों को ईवीएम और वीवीपैट वेयरहाउस की सुरक्षा के दृष्टिगत माननीय भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिये। उन्होंने सुरक्षा गार्ड्स की शिफ्टवार तैनाती सहित वेयरहाउस की अन्य सुरक्षा व्यवस्था का भी निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये इस दौरान एडीएम प्रशासन बिपिन कुमार, निर्वाचन कार्यालय के कर्मचारी सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि मौजूद थे।

काशी की आत्मा उसके इतिहास, धर्म और संस्कृति में है, सुंदरीकरण में वह रहेगा बरक़रार : पुलकित गर्ग वीसी

तरुणमित्र न्यूज

वाराणसी। शहर के प्रमुख चौराहों और धार्मिक स्थलों को व्यवस्थित व सौंदर्यपूर्ण स्वरूप देने की दिशा में हो रहे कार्यों की समीक्षा के तहत वाराणसी विकास प्राधिकरण (वीडीए) के उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने सोमवार को मैदागिन चौराहा और काल भैरव मार्ग का निरीक्षण किया।इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों व अभियंताओं को निर्धारित समयसीमा में गुणवत्ता युक्त कार्य पूर्ण करने, सौंदर्यीकरण में काशी की सांस्कृतिक पहचान उभारने और पर्यटकों की सुविधा का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए।

वीडीए वीसी पुलकित गर्ग निरीक्षण के दौरान। एडीसीपी यातायात अंशुमान मिश्र भी रहे मौजूद

शहर के व्यस्ततम ट्रैफिक स्थलों में से एक मैदागिन चौराहे को आधुनिक डिज़ाइन के अनुरूप विकसित किया जा रहा है, जिसमें हरे-भरे पौधे, आकर्षक पाथवे, लोहे की नक्काशीदार रेलिंग, और सांस्कृतिक प्रतीकों का समावेश किया जाएगा। हर कोने से काशी की परंपरा झलके, इसके लिए स्थानीय स्थापत्य व कला को प्राथमिकता दी जा रही है। सुंदरीकरण परियोजना का एक और महत्वपूर्ण हिस्सा काल भैरव मंदिर मार्ग है।मंदिर गेट और गली के भीतर ध्वनि प्रणाली लगाएं जाना प्रस्तावित है, जिनसे निरंतर '?' की प्रसारित होगी।उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने निरीक्षण के दौरान दोहराया कि काशी की आत्मा उसके इतिहास, धर्म और संस्कृति में है, सुंदरीकरण में यह ध्यान रखा जाए कि कोई भी कार्य इसकी मूल पहचान को क्षति न पहुँचाए। निरीक्षण के दौरान अपर पुलिस उपायुक्त (यातायात) अंशुमान मिश्र भी उपस्थित रहे।

समाजवादी छात्र सभा के नेतागणों ने जन्मदिन की पूर्व संध्या पर किया पौधारोपण

तरुणमित्र न्यूज

वाराणसी। अखिलेश यादव के जन्मदिवस की पूर्व संध्या पर काशी विद्यापीठ विश्वविद्यालय के सम्पूर्ण परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम किया गया और पूरे परिसर को स्वच्छ व हरा भरा रखने का संकल्प लिया गया। जिसमें मुख्य रूप से राज सिंह यादव राष्ट्रीय सचिव समाजवादी छात्रसभा, आशुतोष तिवारी आशु छात्रनेता काशी विद्यापीठ विश्वविद्यालय, गौरव पाण्डेय, अमरनाथ यादव प्रदेश सचिव, ऋषि, सुनील, प्रद्युम्न, आदर्श आर्या, दीपक मिश्रा, रमेश चौहान, विवेक मौर्य, मुहम्मद आरिफ, राहुल श्रीवास्तव , शानू कुमार सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

अखिलेश यादव के जन्मदिवस की पूर्व संध्या पर पौधा लगाते समाजवादी छात्रसभा के नेता गण

सीआरपीएफ 95 बटालियन में विकास कार्यों के लिए मंत्री रविंद्र जायसवाल ने किया मुआयना

तरुणमित्र न्यूज

वाराणसी। उत्तर प्रदेश के स्टांप न्यायालय शुल्क एवं पंजीयन विभाग मंत्री रविन्द्र जायसवाल ने सोमवार को 95 बटालियन केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल, पहड़िया मंडी का भ्रमण किया इस दौरान मंत्री को शस्त्रागार पर स्पेशल गार्ड द्वारा सलामी देकर सम्मानित किया गया तत्पश्चात बैठक का आयोजन हुआ। जिसकी अध्यक्षता बटालियन के कमान्डेंट राजेश्वर बालापुरकर ने की ।

मंत्री रविन्द्र जायसवाल ने अपने संबोधन में जवानों की सुरक्षा और उनके स्वास्थ्य को बेहतर बनाए रखने के लिए पहाड़िया मंडी स्थित सीआरपीएफ मुख्यालय में आवश्यक बाउंड्री वॉल बनाने, सड़क रिपेयरिंग के साथ ओपन जिम के निर्माण की बात कही। मंत्री ने जवानों को संबोधित करते हुए कहा कि देश की रक्षा में सीआरपीएफ के जवानों का महत्वपूर्ण योगदान हमेशा से रहा है। मैं जवानों की सुविधा के लिए जितना हो सकेगा उसके लिए ज्यादा से ज्यादा सहयोग करूंगा। इस उद्घोषणा के लिए राजेश्वर बालापुरकर कमांडेंट 95 द्वारा मंत्री को धन्यवाद ज्ञापित किया गया। इस अवसर पर 95 बटालियन केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के आलोक कुमार, प्रदीप सिंह शेखावत, अभिषेक कुमार सिंह, शिवमोहन दीक्षित, रंजन कुमार सिंह, प्रिंस सिंह कमलेश यादव दिनेश यादव अनिल यादव , विपुल कुमार मंडी सचिव, अतुल सिंह मंडल अध्यक्ष के अलावा क्षेत्रीय सभासद एवं अन्य लोग प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

यूपी के स्टांप मंत्री रविंद्र जायसवाल संग मौजूद रहे सीआरपीएफ 95 बटालियन के कमांडेंट राजेश्वर बालापुरकर सहित सभी अफसरगण

समाजकार्य विभाग में पुरातन विद्यार्थी समागम का हुआ आयोजन

तरुणमित्र न्यूज

वाराणसी। समाचार विभाग में पुरातन विद्यार्थी समागम का ऑफलाइन ऑनलाइन मोड में आयोजन सोमवार को किया गया।मुख्य अतिथि शशि मौलि पाण्डेय का सम्मान व पुराने विद्यार्थियों को माल्यार्पण करने के साथ इसकी औपचारिक शुरुवात हुई। कार्यक्रम में कई पुरातन विद्यार्थियों ने अपने विचार रखे। इसी क्रम में प्रो के.के सिंह ने अपने विचार रखते हुए शिक्षक के महत्ता के बारे में बताया, जो समाजकार्य विषय को मजबूत बनाते हैं। प्रो बंशीधर पाण्डेय ने कहा की समाज कार्य संकाय विश्वविद्यालय का सबसे अच्छा विभाग है जहां उन्होंने अपने सीनियर से बहुत कुछ सीखा।

कार्यक्रम में मौजूद समाजकार्य विभाग के विभागाध्यक्ष सहित मुख्य अतिथि, समस्त प्राध्यापकगण, पुरातन छात्र व छात्र-छात्राएं

प्रो संजय ने एम.एस.डब्ल्यू में अपने एडमिशन के अनुभव के साथ अपना विचार व्यक्त किया। उन्होंने कहा यहां के विद्यार्थी कम संसाधन होते हुये भी अपनी शिक्षा गुणवत्ता के साथ प्राप्त करते रहे है। डॉ शम्भूनाथ रिसर्च फाउंडेशन के अध्यक्ष राजीव सिंह ने कहा कि विभाग के केवल ईट-पत्थर से नहीं बनता है। इसमें बहुत लोगों की स्मृति जुड़ी होती है। पुरातन विद्यार्थी के रूप में ही प्रो वन्दना सिन्हा ने कहा कि अपने शुरुआती शिक्षा के बारें में बताया, फिर यहां के समाज कार्य में अध्यापिका के रुप में अपने कार्य के अनुभवों का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि कोरोना काल के बाद से एम.एस.डब्ल्यू के कक्षा में विद्यार्थयों की उपस्थिति में कमी आयी है, जो चिंताजनक है। जगत नारायण, राकेश त्रिवेदी, अल्पना व जितेन्द्र पाल ने भी अपने अनुभव साझा किये। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रो एम.एम वर्मा ने कहा कि एलुमनी एसोसिएसन की एक कमेटी बनायी जायेगी। यह कमेटी विद्यार्थियों को क्लासरुम और फील्ड वर्क के महत्व को बतायेगी। कार्यक्रम में 85 पुरातन विद्यार्थी ऑनलाइन मोड से जुड़े हुये थे। इस कार्यक्रम का संचालन प्रो शैला परवीन ने किया और औपचारिक धन्यवाद प्रो निमिषा गुप्ता ने किया। कार्यक्रम के संयोजक प्रो अनिल कुमार चौधरी, डा. संदीप गिरि एवं डा. चन्द्रशेखर सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम में रजनीश तिवारी, जुबैर अहमद, इरशाद अहमद, डा. राजेश, डा. शिवपूजन, डा. विमल एवं ज्ञानचन्द, निशांत कुमार, रंजन तिवारी इत्यादि लोग उपस्थित थे।

सपा के वरिष्ठ छात्रनेताओं ने अखिलेश यादव के जन्मदिन की पूर्व संध्या पर किया रक्तदान

तरुणमित्र न्यूज

वाराणसी। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व उत्तर प्रदेश के पुर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के जन्मोत्सव की पूर्व संध्या पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। जिसमें 104 नौजवानों ने काशी विद्यापीठ में रक्तदान करके अखिलेश यादव को दीर्घायु व शतायु होने की कामना की।

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के जन्मदिवस की पूर्व संध्या पर रक्तदान करते वरिष्ठ छात्रनेता गण

कार्यकम का आयोजन करने वाले शताब्दी छात्रसंघ के अध्यक्ष संदीप यादव व पूर्व छात्रसंघ महामंत्री अनिल यादव ने कहा की हम सभी के द्वारा अपने नेता का जन्मदिन मनाने का उद्देश्य यह है कि गरीबों और जरूरतमंद को जब कभी रक्त की जरूरत हो तो उनकी मदद हो सके।रक्तदान करने वालो में पूर्व महामंत्री अनिल यादव, शताब्दी छात्रसंघ अध्यक्ष संदीप यादव, शिवम भक्ति, शिवम महाकाल, सत्या यादव, जय, अभिषेक यादव, अर्श अहमद, प्रशांत गिरी, श्रवण, अविनाश, मानस सिंह, सुशील, अजय, जंगबहादुर, कन्हैया अजित, अंशु चौरसिया, सूरज,अनुराग भारद्वाज, जन्नत, आशीष यादव, दिव्यांशु पाल, गौरव चौरसिया, निशांत पांडेय, पुनीत, संजय,शिवम पांडेय,मोनू यादव पंकज सोनकर, आलोक कुमार, शिवानी धनकड़ अजित, नीतीश, अखिल, नितेश यादव सहित तमाम सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

नगर निगम द्वारा शहर के विभिन्न वार्डो में चलाया गया स्वच्छता जागरूकता अभियान

तरुणमित्र न्यूज

वाराणसी। नगर निगम के जनसंपर्क अधिकारी संदीप श्रीवास्तव ने सोमवार को बताया कि नगर निगम द्वारा जन जागरूकता अभियान के अंतर्गत प्रीति सिंह (डॉक्युमेंट मैनेजर, एवं सरिता तिवारी (आईईसी एक्सपर्ट) के नेतृत्व में आईईसी संस्थाओं के सहयोग से विभिन्न स्थानों पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। फुलवरिया, भारत माता मंदिर, हिरामनपुर, रेलवे बस स्टेशन, मदनपुरा, ईश्वरगंगी, हनुमान नगर कॉलोनी, एवं कैलाश नगर कॉलोनी में कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस दौरान घर-घर जाकर कूड़े को अलग अलग डस्टबिन में रखने का महत्व बताया गया। नगर निगम की टीम द्वारा कैंट रेलवे स्टेशन एवं बस स्टेशन पर सार्वजनिक स्थलों पर खुले में पेशाब न करने एवं थूकने से बचने के लिए लोगों को प्रेरित किया गया तथा खुले में पेशाब कर रहे कुछ लोगों को माला पहनाकर शर्मिंदा किया गया। स्वच्छता अपनाने के लिए नागरिकों से सहयोग की अपील की गई। नगर निगम द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक (प्रतिबंधित प्लास्टिक) से बने थैली का प्रयोग न करने तथा कपड़े और जूट से बने झोले का प्रयोग करने हेतु लोगों को जागरूक किया गया। नगर निगम वाराणसी शहर में स्वच्छता हेतु नियमित जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है, जिससे यह प्रयास है कि शहर को स्वच्छ, स्वस्थ और सुंदर बनाया जा सके।

कुलपति प्रो. आनंद त्यागी ने प्रवेश परीक्षा का किया औचक निरीक्षण

तरुणमित्र न्यूज

वाराणसी। महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ में सत्र 2025-26 के प्रवेश परीक्षा के दूसरे दिन सोमवार को बी.ए. एल-एल.बी., एल-एल.बी., एल-एल.एम., एम.पी.एड. एवं एम.एड. की परीक्षा हुई। कुलसचिव डॉ. सुनीता पाण्डेय ने बताया कि प्रवेश परीक्षा तीन केंद्रों- विश्वविद्यालय स्थित मानविकी संकाय, हरिश्चंद्र पी.जी. कॉलेज एवं जगतपुर पी.जी. कॉलेज में दो पालियों में संपन्न हुई, जिसमें कुल 3434 परीक्षार्थियों में से 1691 उपस्थित एवं 1743 अनुपस्थित रहे।

उन्होंने बताया कि पहली पाली (सुबह 08 से 10 बजे तक) में एल-एल.बी. व एल-एल.एम. एवं द्वितीय पाली (अपराह्न 03 से 05 बजे तक) में बी.ए. एल-एल.बी., एम.पी.एड. एवं एम.एड. की परीक्षा हुई। उन्होंने बताया कि प्रवेश परीक्षा में प्रत्येक परीक्षा केन्द्रों पर पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की गयी थी। इस दौरान कुलपति प्रो. आनन्द कुमार त्यागी परीक्षा केंद्रों में प्रवेश परीक्षा का औचक निरीक्षण कर जरूरी दिशा निर्देश दिया। प्राक्टोरियल बोर्ड एवं उड़ाकादल के सदस्यों के निगरानी में कड़ाई के साथ नकल विहीन प्रवेश परीक्षा सम्पन्न हुई। प्रवेश परीक्षा में स्मार्ट वाच, मोबाइल फोन एवं अन्य इलेक्ट्रानिक गैजेट का प्रवेश पूर्णतः प्रतिबन्धित रहा।

महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ की प्रवेश परीक्षा के दौरान निरीक्षण करते कुलपति प्रो आनंद कुमार त्यागी

बीएफए तीन व चार जुलाई एवं बी.कॉम. की काउंसिलिंग 08 व 09 जुलाई को : डा. सुनीता पांडेय

कुलसचिव डा. सुनीता पांडेय

तरुणमित्र न्यूज

वाराणसी। महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ में सत्र 2025-26 हेतु बी.एफ.ए. एवं बीकॉम की काउंसिलिंग की तिथियों में परिवर्तन किया गया है। कुलसचिव डॉ सुनीता पाण्डेय ने बताया कि अब बी.एफ.ए. की काउंसिलिंग 01 व 02 जुलाई की जगह 03 व 04 जुलाई को होगी। वहीं, बी.कॉम. की काउंसिलिंग 04 व 05 जुलाई की जगह 08 व 09 जुलाई को आयोजित है। उन्होंने कहा कि उक्त पाठ्यक्रमों की काउंसिलिंग वाणिज्य एवं प्रबंधशास्त्र संकाय में होगी।

पुलिस की पाठशाला कार्यक्रम का हुआ आयोजन

पुलिस की पाठशाला कार्यक्रम में भाग लेते लोग।

सुजानगंज। क्षेत्र के रामेष्ट एम वी गर्ल्स पब्लिक स्कूल वेलवार के परिसर में विद्यालय के प्रबंधक -मनोज कुमार मिश्र की देखरेख में पुलिस की पाठशाला का कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अतिश कुमार सिंह (एस.पी.ग्रामीण) से मुखर होकर संवाद किया बच्चों के प्रश्नों में आधुनिक शिक्षा और पुलिस के प्रति सामाजिक समायोजन की झलक दिखी जिसका सराहना करते हुए एस पी ग्रामीण ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया और भारतीय कानून व्यवस्था को भी समझाया, एस पी ग्रामीण के कर कमलों से सत्र-2024 की टापर स्नेहा पटेल, 2025 के टापर आशीष कुमार पाण्डेय को पुरस्कृत किये। विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री कान्त मिश्र के साथ सभी अध्यापक/अध्यापिकाओं ने बच्चों की देखरेख किया, संचालन रामचन्द्र मिश्र ने किया।

गैंगेस्टर के मुकदमे में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

बरसठी। पुलिस अधीक्षक डॉक्टर कौस्तुभ के आदेशनुसार अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे हैं अभियान के क्रम में बरसाती प्रभारी निरीक्षक, राजेश यादव के नेतृत्व मे उपनिरीक्षक अजय कुमार तिवारी हेड कांस्टेबल कालिका यादव कांस्टेबल शेर बहादुर यादव कांस्टेबल संदीप पटेल कांस्टेबल वकील चौहान के देखभाल क्षेत्र, चेकिग संदिग्ध वाहन व सन्दिग्ध व्यक्ति, तलाश वांछित अपराधी में बसहरा बैंक पर मौजूद थे कि मुखबिर खास की सूचना पर गैंगेस्टर के मुकदमा मु0अ0सं0-101/2025 धारा 3(1) उ0 प्र0 गिरोहबन्द समाज विरोधी क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1986 में वांछित अभियुक्त तेजा वनवासी उर्फ तेजई पुत्र स्व0 पन्नालाल नि0 खरगापुर थाना बरसठी जनपद को हमराहियान की मदद से उसके घर से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई करते हुए संबंधित न्यायालय में भेज दिया गया।

सत्तर वर्षीय महिला से दुष्कर्म का आरोप, मुकदमा दर्ज

मछलीशहर। स्थानीय कोतवाली के एक गांव में एक महिला के पुत्र ने गांव के ही एक युवक पर अपनी माता के साथ दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। बेटे की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। शनिवार सांय कोतवाली में दिए गए तहरीर के अनुसार पीड़ित की माता घर के अंदर छप्पर में लेटी हुई थी। तभी गांव का ही बाईस वर्षीय नितीन छप्पर में घुस गया। कुछ समय बाद नितिन घर से बाहर निकला और भाग गया। वृद्धा महिला की बहू ने उसे घर के बाहर से तेजी भागते हुए देखा। बहू छप्पर के अंदर गई तो वृद्धा ने रोते हुए युवक द्वारा किए गए दुष्कर्म की जानकारी दी। जिसके बाद पीड़ित महिला का पुत्र महिला को लेकर कोतवाली पहुंचा और मामले की तहरीर दी। मामले बाबत प्रभारी निरीक्षक विनीत रॉय ने बताया मामल संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। पीड़ित महिला ठीक से चल फिर नहीं पाती। आंखों से भी कम दिखाई देता है। तहरीर के आधार पर नितीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। एक को हिरासत में लेकर जांच पड़ताल की जा रही है।

जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट, सात घायल

थानागद्दी। केराकत कोतवाली क्षेत्र बिसुई बराई गाँव मे सोमवार की शाम जमीनी विवाद मे दो पक्षो मे जमकर मारपीट हो गयी, मारपीट मे घायल दोनों पक्षो को पुलिस ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र केराकत मे इलाज के लिये भेजवाया। बिसुई गाँव मे आबादी की जमीन को लेकर दो पक्ष आपस विवाद कर लिये और गाली गलौज मारपीट मे बदल गया। दोनों तरफ से चले लाठी डंडे मे एक पक्ष के प्रियांशु शुक्ला, शिवम् शुक्ला और दूसरे पक्ष के दिलीप शुक्ला, कैलाश नाथ शुक्ला, अन्नू शुक्ला, सूरज शुक्ला, सरस्वती शुक्ला घायल हो गये। मिली सुचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षो के घायलों को केराकत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र केराकत भेजवाया। चौकी प्रभारी आशुतोष कुमार गुप्ता ने बताया कि दोनों पक्षो के बीच बहुत पुराना जमीनी विवाद चल रहा हैं मामला न्यायलय मे भी चल रहा हैं यथास्थित के बावजूद दोनो पक्ष आये दिन विवाद करते रहते हैं। मारपीट का मामला संज्ञान मे हैं दूनो पक्ष के खिलाफ कार्रवाई कि जा रही हैं।

लेफ्टिनेंट कर्नल व लेखाकार को दी गई श्रद्धांजलि

खुटहन। क्षेत्र के दो अलग अलग स्थानों पर सोमवार को श्रद्धांजलि सभा आयोजित कर सेना में लेफ्टिनेंट कर्नल और ब्लाक मुख्यालय पर तैनात लेखाकार को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। शोक सभा में दो मिनट का मौन रखा गया। सराय नसीब गांव के मूल निवासी व तीन दसकों से मध्य प्रदेश के भोपाल शहर में रहने के साथ साथ सेना में तैनात लेफ्टिनेंट कर्नल नवीन यादव की हृदय गति रुकने से हुई मौत से आहत क्षेत्र वासियों ने उनके पैतृक आवास पर शोक सभा आयोजित कर उनके प्रति श्रद्धांजलि अर्पित किया। वक्ताओं ने कहा कि उनका जीवन देश की सेवा के लिए समर्पित रहा। वहीं ब्लाक मुख्यालय पर तैनात लेखाकार आमोद सिंह की दुर्घटना में घायल होने के पखवाड़ा भर बाद उपचार के दौरान हुई मौत से आहत कर्मचारियों ने ब्लाक सभागार में शोक सभा आयोजित कर उनके प्रति श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस मौके पर रामनाथ यादव, ऋषि कृष्ण मिश्र, बिनोद यादव, बिपिन सिंह,अजय मिश्रा, अखिलेश वर्मा, प्रधान संतलाल सोनी, प्रधान रामदुलार यादव, अच्छेलाल, विजय बहादुर यादव, प्रमोद यादव, हीरालाल जितेन्द्र यादव, राहुल यादव, दिनेश यादव, कृष्ण कुमार यादव, विनय चौरसिया, ओमप्रकाश आदि ने श्रद्धांजलि अर्पित किया।

एडियो पंचायत की हुई भावभीनी विदाई

सुजानगंज। सोमवार के दिन ब्लांक सभागार में सहायक खंड विकास अधिकारी (एड़ियों पंचायत) इंद्र भूषण दुबे की विदाई की गई, इनका कार्यकाल 30 जून को पूर्ण होने पर ग्राम सचिवो एवं ग्राम प्रधानों द्वारा विदाई कार्यक्रम रखा गया। सुजानगंज ब्लांक में इनका कार्यकाल लगभग तीन वर्ष तक होने के बाद सोमवार को सेवानिवृत्त हो गए, उपस्थित सभी लोगों ने माल्यार्पण एवं पुष्प गुच्छ के साथ गिफ्ट एवं स्मृतिचिह्न भी दिया गया, इस अवसर राकेश कुमार मिश्रा खंड विकास अधिकारी, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी धीरज गुप्ता, एडियो कोऑपरेटिव शिल्पा तिवारी ग्राम विकास अधिकारी,ग्राम प्रधान एवं सफाई कर्मचारी विदाई कार्यक्रम समारोह मेंउपस्थित रहे, कार्यक्रम का संचालन एडियो एजी करमचंद मौर्य ने किया।

एक पेड़ मां के नाम : रजत गुप्ता

सुजानगंज। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर एक पेड़ मां के नाम सघन वृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत जनपद में प्रत्येक बूथ पर होगा वृक्षारोपण। 29 जून को भारतीय जनता पार्टी जौनपुर द्वारा प्रत्येक बूथ पर आयोजित कार्यक्रम-के दौरान मण्डल अध्यक्ष युवा मोर्चा रजत गुप्ता ने अपने बूथ के अंतर्गत 11 पौधे लगाए व उन्होंने यह वचन किया की सभी पौधों की देखभाल व उन्हें मजबूत करने के लिए वह उसे खुद सिंचित करेंगे।

अनपढ़ प्रेमी बारहवी की छात्रा को लेकर हुआ फरार

तरुनमित्र न्यूज

केराकत। क्षेत्र के एक गांव में उस वक्त हड़कंप मच गया जब पड़ोस का एक अशिक्षित युवक इंटरमीडिएट की छात्रा को प्रेमजाल में फंसा कर भगा ले गया। परिजनों की शिकायत पर पुलिस भी सक्रिय हुई, लेकिन तीन दिन बाद प्रेमी खुद लड़की को लेकर वापस लौट आया। इसके बाद मामले को सुलझाने के लिए दोनों पक्षों को बुलाकर क्षेत्रीय चौकी पर पंचायत बैठाई गई। चौकी में हुई इस पंचायत में बड़ी संख्या में गांव के लोग, दोनों परिवार और पुलिसकर्मी मौजूद रहे। पंचायत में सामने आया कि युवक ने लड़की के 30 हज़ार रुपये के गहने बेच दिए और पैसों का दुरुपयोग कर दिया। इस पर दोनों पक्षों के पंचों और पुलिसकर्मियों ने फैसला सुनाया कि युवक को चार महीने के अंदर लड़की के बैंक खाते में 60 हज़ार रुपये जमा करने होंगे। इसके बाद ही अगली पंचायत में यह तय किया जाएगा कि दोनों की शादी कराई जाएगी या नहीं।

पंचायत में लड़की के परिजन ने युवक पर गंभीर आरोप लगाते हुए उसकी नीयत पर सवाल उठाए, जबकि युवक के परिजनों ने शादी कराने की इच्छा जताई। पुलिस ने फिलहाल दोनों पक्षों को समझाते हुए मामले को शांत कराया और चार महीने में शर्त पूरी करने का निर्देश दिया। इस घटना से गांव में चर्चाओं का बाज़ार गर्म है। लोग तरह-तरह की बातें कर रहे हैं और युवाओं में बढ़ती लापरवाही पर चिंता जता रहे हैं। वहीं, पुलिस ने कहा है कि अगर समझौता नहीं होता है, तो कानून के तहत कार्रवाई की जाएगी। केराकत कोतवाली प्रभारी अवनीश कुमार राय ने बताया लड़की गई थी जिसे पुलिस ने बरामद कर परिजनों को सुपुर्द कर दिया शादी कराने का जिम्मा पुलिस का नहीं है दोनों बालिग हैं।

लेखपाल पर फर्जी तरीके से पत्थर गड्डी कराये जाने का आरोप

मड़ियाहूं। स्थानीय तहसील क्षेत्र के मालिकानपुर निवासी एक व्यक्ति ने सोमवार को उप जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देते हुए हल्का लेखपाल के ऊपर फर्जी तरीके से पत्थर गड़ी कराये जाने का आरोप लगाया है। उक्त गांव निवासी शिकायतकर्ता राम गोविंद गुप्ता के अनुसार प्रार्थी आराजी संख्या 94 पर काबिज है। तथा न्यायालय में चल रहे बिरेंद्र कुमार बनाम गांव सभा के मामले में आपत्तिकर्ता है। न्यायालय द्वारा आपत्ति स्वीकार करते हुए पथरगड़ी कराये जाने का आदेश दिया गया। जिसके अनुपालन में गत 13 जून को पथर गड़ी कराया गया। इसके बावजूद 27 जून को हल्का लेखपाल अपने साथ अन्य लेखपाल व तहसील कर्मी को लेकर आए और पूर्व की पत्थर गड़ी को उखाड़ कर न्यायालय के आदेश के अवहेलना करते हुए बिना किसी आदेश के फर्ज़ी तरीके से पथर गड़ी कर दिए जिससे मौके पर विवाद की स्थिति उत्पन्न हो गई। उप जिलाधिकारी ने शिकायत को संज्ञान में लेते हुए मामले की जांच का आदेश दिया है।

अमित तिवारी को कांग्रेस का जिला उपाध्यक्ष बनाए जाने पर हर्ष

मड़ियाहूं। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय द्वारा अनुमोदित जौनपुर जिला कांग्रेस कमेटी की सूची में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डा. प्रमोद सिंह द्वारा नगर निवासी युवा नेता अमित तिवारी बबलू को जिला उपाध्यक्ष एवं सदर जौनपुर का विधानसभा प्रभारी नियुक्त किया है। श्री तिवारी के इस नियुक्ति पर क्षेत्रवासियों, कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों में हर्ष व्याप्त है। छात्र जीवन से राजनीति करने वाले अमित तिवारी विगत 34 वर्षों से मड़ियाहूं विधानसभा में कांग्रेस में रहते हुए तमाम सामाजिक एवं जनहित के मुद्दों को लेकर संघर्षशील रहे है। इसके पूर्व वे राष्ट्रीय छात्र संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं प्रवक्ता, कांग्रेस सेवा दल के जिला अध्यक्ष, जिला कांग्रेस कमेटी में उपाध्यक्ष समेत अन्य पदों व विभिन्न सामाजिक संगठनों में भी दायित्व निर्वहन कर चुके हैं। उनके नियुक्ति पर हिमांशु विश्वकर्मा, अनिल सोनकर, रजत जायसवाल, राजेश गुप्ता, अलाउद्दीन कुरैशी, सरदार सोनू सिंह, रुमान फारुकी, इफ्तिखार अहमद सिद्दीकी, आसिफ गांधी, फिरोज खान, राजेश गुप्ता समेत अन्य लोगों ने बधाई देते हुए हर्ष व्यक्त किया है।

अखिलेश के रातभर वाले बयान पर ओमप्रकाश राजभर का पलटवार

बोले- ये रातभर सत्ता का सपना देखते हैं, जब तक सुभासपा एनडीए के साथ इन्हें सत्ता नसीब नहीं होगी

तरुणमित्र न्यूज

खेतासराय। जौनपुर के दौरे पर पहुंचे सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने सोमवार को जिले के खेतासराय थाना क्षेत्र के ग्राम अब्बोपुर, ग्राम नौली, ग्राम अमरेथुआ में तीन अलग-अलग स्थानों पर आयोजित जनचौपाल में पार्टी कार्यकर्ता बैठकों में भाग लेने पहुंचे राजभर ने संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने की रणनीति पर चर्चा की।

उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि बूथ स्तर तक पार्टी की पकड़ मजबूत करनी है, ताकि आगामी चुनावों में सुभासपा निर्णायक भूमिका निभा सके। कार्यक्रम को संबोधित में अखिलेश के बयान पर ओमप्रकाश राजभर ने पलटवार किया है। उन्होंने कहा-सुभासपा सत्ता का दरवाजा है। उसी से अखिलेश यादव सत्ता में घुसने के लिए परेशान हैं। जब तक दरवाजे पर एनडीए के साथ सुभासपा खड़ी रहेगी तब तक सत्ता सपा को नसीब नहीं होगी। अखिलेश जी दिनभर रातभर यही सोचते है। एनडीए के साथ खड़े सभी असली पीडीए वाले आ जाते तो सत्ता मिल जाती लेकिन यह चाहे सपा प्रमुख रात में सपना देखे चाहे दिन में सत्ता वर्षों तक दूर ही रहेगी।

जब यादव ही सपा का साथ छोड़ रहे तो कैसे सरकार बनाएंगे

ओमप्रकाश राजभर ने कहा- अखिलेश यादव का बयान आया कि बीजेपी के यादव इस तरह कि घटना को अंजाम दे रहे हैं। मतलब यादव अब बीजेपी में चले गए और उनका साथ छोड़ दिया। अखिलेश यादव के कहे अनुसार अब बड़े पैमाने पर यादव बीजेपी में चले गए हैं। अब जो सपना वो देख रहे हैं कि 2027 में सरकार बनाएंगे। जब यादव ही उनका साथ छोड़ दिया तो कैसे सरकार बनाएंगे। अब तो मुसलमान भी उनका साथ छोड़कर कांग्रेस में चला जाएगा। पता नहीं अखिलेश यादव का क्या होगा।

इटावा कांड को हवा देने में लगे अखिलेश यादव

उन्होंने कहा-अखिलेश यादव इटावा कांड को हवा देने में लगे हैं। इससे उनकी मानसिकता को समझा जा सकता है। उन्होंने कहा-जब प्रदेश में सपा की सरकार थी तो ये लोग जातिगत राजनीति करते थे। सोमवार को जौनपुर दौर पर ओमप्रकाश राजभर पहुंचे। वह तीन गावों में चौपाल लगाएंगे। इस दौरान उन्होंने कहा- भाजपा के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी की सरकार में देश और प्रदेश को भ्रष्टाचार और अपराध मुक्त करने का काम कर रही है।

राजभर बोले- इटावा की घटना निंदनीय, कानून को अपने हाथ में नहीं लेना चाहिए

ओमप्रकाश राजभर ने कहा- इटावा की जो पहले दिन घटना हुई उसकी हम निंदा करते हैं। ऐसी घटना नहीं होनी चाहिए। दूसरे दिन कि जो घटना है कि दो आधार कार्ड। संविधान में दो आधारकार्ड रखने का अधिकार नहीं है। ये फ्राड गिरी है। तीसरे दिन की जो घटना हुई उसकी भी हम निंदा करते हैं। जिसमें कानून को अपने हाथ में लेकर पुलिस पर पथराव किया गया। कानून का राज है और कानून आप अपने हाथ में नहीं ले सकते।

राजभर बोले- जमीन से उठकर यहां पहुंचा हूं

ओमप्रकाश राजभर ने कहा- मैं जमीन से उठकर यहां पहुंचा हूं। उन्होंने कहा- देश सरकार जनता के हित के लिए कई योजनाएं चल रही है। सभी को इसका लाभ उठाना चाहिए। उन्होंने कहा- आप सभी मतदाताओं को अपने अधिकार को समझना होगा। अपने बहुमूल्य वोट को पैसे से लेकर नहीं बेचना चाहिए।

पंचायत चुनाव अकेले लड़ेगी सुभासपा

आगामी त्रि-स्तरीय पंचायत को लेकर ओमप्रकाश राजभर ने ऐलान किया कि उनकी पार्टी आगामी पंचायत चुनाव में एनडीए के साथ गठबंधन नहीं करेगी, खुद अपने दम पर लड़ेगी. बोले कि गठबंधन में पर्याप्त सीटें नहीं मिलेंगी, इसलिए हम पंचायत चुनाव अलग लड़ेंगे. हमारे कार्यकर्ताओं को पूरा मौका मिलना चाहिए. जबकि आगामी विधानसभा और लोकसभा एनडीए में ही रहकर लड़ने की बात कही।

2027 विधानसभा चुनाव की तैयारी

ओमप्रकाश राजभर ने जौनपुर की सभी विधानसभा सीटों पर मजबूती से चुनाव लड़ने की बात कही. उन्होंने संगठन को मजबूत करने पर जोर देते हुए कहा कि सुभासपा का लक्ष्य है कि अपने वोटों से खुद को मजबूत किया जाए, न कि दूसरों को. इसके अलावा उन्होंने कार्यकर्ताओं से पंचायत चुनाव की तैयारियों में जुटने का आह्वान किया।

प्रकाश ग्रुप ने दोहराई पर्यावरण संरक्षण की प्रतिबद्धता

मरीजों, पत्रकारों और समाजसेवियों को डायरेक्टर ने भेंट किए पौधे

इच्छुक व्यक्ति को आम का पौधा देते डा.मनीष राय।

तरुणमित्र न्यूज

मऊ। प्रकाश ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स एंड कॉलेज ने अपने महत्वाकांक्षी 'वन सुरक्षित तो जन सुरक्षित' अभियान के तहत आज एक महत्वपूर्ण कदम उठाया। विश्व पर्यावरण दिवस पर शुरू किए गए 25,000 पौधे रोपण और वितरण के लक्ष्य को आगे बढ़ाते हुए, ग्रुप ने अस्पताल से छुट्टी पाने वाले मरीजों, स्थानीय पत्रकारों और प्रमुख समाजसेवियों को पौधे वितरित किए।

ग्रुप के निदेशक डॉ. मनीष राय ने इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा, 'हमारा श्वन सुरक्षित तो जन सुरक्षितश् अभियान तेजी से आगे बढ़ रहा है। हम मानते हैं कि एक स्वस्थ पर्यावरण ही स्वस्थ जीवन का आधार है, और इस दिशा में हम हर व्यक्ति की भागीदारी सुनिश्चित करना चाहते हैं।' डॉ. राय ने बताया कि पर्यावरण की सुरक्षा न केवल हमारे वर्तमान स्वास्थ्य के लिए बल्कि हमारी आने वाली पीढ़ियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए भी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने उपस्थित सभी लोगों से अपील की कि वे अपने आस-पास अधिक से अधिक पेड़ लगाएं और उनकी देखभाल करें, ताकि एक हरा-भरा और स्वस्थ वातावरण बन सके।

आज के इस विशेष कार्यक्रम में, अस्पताल परिसर से स्वस्थ होकर घर जा रहे प्रत्येक मरीज को एक-एक पौधा भेंट किया गया।

यह अनूठी पहल मरीजों को न केवल बेहतर स्वास्थ्य के साथ घर लौटने का अनुभव देती है, बल्कि उन्हें पर्यावरण संरक्षण के इस पुनीत कार्य में व्यक्तिगत रूप से योगदान करने का अवसर भी प्रदान करती है।

इसके अतिरिक्त, कार्यक्रम में विशेष रूप से आमंत्रित स्थानीय पत्रकारों और विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों को भी डॉ. राय ने अपने हाथों से पौधे भेंट किए। इस दौरान, उन्होंने सभी का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी ऐसे जनहितैषी कार्यों में सहयोग की अपेक्षा की।

चार को रोजगार मेला में साक्षात्कार के माध्यम से होगा चयन

तरुणमित्र न्यूज

मऊ। अरूण यादव, नोडल प्रधानाचार्य राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान द्वारा सोमवार को जारी विज्ञप्ति में बताया गया कि 04 जुलाई को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान परिसर में एक दिवसीय रोजगार मेल का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें देश की प्रतिष्ठित विभिन्न क्षेत्रों के 04 कम्पनियों टाटा मोटर्स लि.मि. अहमदाबाद, पदमिनी वी.एन.ए. मेकाट्रोनिक लि.मि. गुडग्राम हरियाणा, हैवल्स इण्डिया लि.मि.राजस्थान एवं न्यू हालैण्ड इण्डिया लि.म. नोएडा द्वारा प्रतिभाग किया जा रहा है।

जहां इन कंपनियों में चयनित अभ्यर्थियों को 13300 रूपये से 17149 रूपये तक माहवारी वेतन दिया जायेगा। योग्यता 10वी, 12वी0 व प्रमाण पत्र आई0टी0आई0 पास अन्य सुविधाए नि:शुल्क यूनिफार्म, सूज, बस सेवा लंच इत्यादि। उक्त तिथि को पूर्वान्ह 10.30 बजे प्रतिभाग कर सकतें हैं।

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के तहत किया गया जागरूक

टोल फ्री हेल्पलाइन नंबरों की महिलाओं को दी गई जानकारी

जागरूकता कार्यक्रम को संबोधित करतीं श्रीमती संध्या सिंह।

तरुणमित्र न्यूज

मऊ। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत जिला प्रोबेशन अधिकारी के निर्देश के क्रम में सोमवार को विकास खंड घोसी के सभागार में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। श्रीमती संध्या सिंह सेन्टर मैनेजर वन स्टॉप सेन्टर द्वारा अवगत कराया गया कि वन स्टॉप सेन्टर, योजना भारत सरकार द्वारा 1 अप्रैल, 2015 से पूरे देश में प्रारम्भ की गयी थी। ओ.एस.सी. का मुख्य उद्देश्य उन महिलाएं जिनको घर या बाहर हिंसा एवं मानसिक पीड़ा उत्पीड़न, यौन हमला, घरेलू हिंसा तस्करी, सम्मान सम्बन्धित अपराध, तेजाब हमले सम्बन्धित पीड़ा से गुजरना पड़ रहा है उनकों 24 घण्टे एक छत के नीचे सारी सुविधाएं देना जैसे- चिकित्सीय, कानूनी सहायता, पुलिस सहायता, एवं अस्थायी शेल्टर एवं मनोवैज्ञानिक काउन्सलिंग की मदद से साहस देना जिससे उन पीड़ित महिलाओं को सशक्त किया जा सके ताकि वे अपनी लड़ाई मजबूती से लड़ सके।

अस्थायी आवास में हिंसा से प्रभावित महिलाए रह सकती है साथ ही उन्होंने बताया कि वन स्टॉप सेन्टर, अमरोहा मे पीड़ित महिला 181 हेल्पलाइन, आईजी.आर.एस. एवं सीधे ओ.एस.सी. आकर भी शिकायत कर सकती हैं। इसके साथ टोल फ्री न.-181, 1090, 1098, 112, 108, 1076, हेल्पलाइन की जानकारी भी दी गई।

उन्होंने यह भी बताया कि कन्या सुमंगला योजना के अंतर्गत उ.प्र. में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की बेटियों के जन्म से लेकर स्नातक तक की पढ़ाई के लिए आर्थिक सहायता दी जाती है। मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना को मुख्यमंत्री द्वारा 30 मई 2021 को आरम्भ किया गया है। इस योजना के माध्यम से उन सभी बच्चों की मदद की जाएगी, जिनके माता पिता की मृत्यु कोरोना वायरस संक्रमण के कारण हो गयी है।

158 पेटियों में विभिन्न ब्रान्ड की अंग्रेजी शराब बरामद

तरुणमित्र न्यूज

मऊ। पुलिस अधीक्षक इलामारन जी के निर्देशन में आबकारी विभाग की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा मादक पदार्थों की तस्करी, अवैध भंडारण व अवैध रूप से बिक्री पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु मऊ में अभियान चलाया जा रहा है।

जिसके क्रम में प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली नगर अनिल कुमार सिंह व विमलेश कुमार यादव आबकारी निरीक्षक आबकारी क्षेत्र प्रथम सदर द्वारा बीते 29 जून को दिन में 2 बजे से सायं 5.15 के मध्य चन्द्रलोक मैरेज हाल बलिया मोड़ भीटी के आफिस के बगल में बने एक कमरे से कुल 158 पेटियों में रखे विभिन्न ब्राण्ड की शराब को बरामद किया। इस दौरान शराब के अवैध भण्डारण में लिप्त एक शातिर अभियुक्त रमेश माली 50 वर्ष पुत्र मरछू माली निवासी चन्दनपुर थाना कोपागंज को मौके से गिरफ्तार किया। उक्त अभियुक्त के सम्बन्ध में थाना कोतवाली नगर में अभियोग पंजीकृत कर अन्य संलिप्त अभियुक्तगण के सम्बन्ध में जानकारी करते हुए आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

जनता से सीधा संवाद और न्याय का घर-घर तक विस्तार: अशोक कुमार सिंह

तरुणमित्र न्यूज

घोसी (मऊ)। जिले में प्रशासनिक स्तर पर बड़ा बदलाव सामने आया है।

घोसी तहसील में न्यायिक एसडीएम के पद पर तैनात रहे अशोक कुमार सिंह को अब प्रशासनिक एसडीएम की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं सत्य प्रकाश को न्यायिक एसडीएम के रूप में नियुक्त किया गया है। दोनों अधिकारियों ने विधिवत रूप से अपना-अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया है। कार्यभार संभालते ही एसडीएम प्रशासनिक अशोक कुमार सिंह ने स्पष्ट संदेश देते हुए कहा, ष्सरकार की मंशा के अनुरूप न्याय अब निर्धन के द्वार तक पहुंचेगा। न्याय चला निर्धन के घर, अब सिर्फ नारा नहीं, एक साकार होती नीति है।ष् उन्होंने कहा कि जनता से सीधा संवाद कर समस्याओं को प्राथमिकता से सुलझाना उनकी पहली जिम्मेदारी होगी। उन्होंने यह भी जोड़ा कि तहसील स्तर पर पारदर्शी और जवाबदेह प्रशासन सुनिश्चित करना और प्रत्येक व्यक्ति को उसके अधिकारों के प्रति सजग बनाना उनका लक्ष्य है।

नवनियुक्त एसडीएम न्यायिक सत्य प्रकाश ने कहा कि वह न्यायिक प्रक्रिया में पारदर्शिता, समयबद्धता और निष्पक्षता को सर्वोच्च प्राथमिकता देंगे। उन्होंने कहा कि न्यायिक ढांचे को और अधिक प्रभावी बनाकर आम जनता को समय पर न्याय दिलाना उनकी प्राथमिकता होगी। इस बदलाव को तहसील प्रशासन को अधिक सक्रिय और उत्तरदायी बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक, शासन प्रशासन का फोकस अब जनता से सीधे संवाद, भ्रष्टाचारमुक्त सेवा और न्यायिक प्रणाली को मजबूत करने पर है। स्थानीय नागरिकों अधिवक्ताओं और जनप्रतिनिधियों ने दोनों अधिकारियों के आगमन का स्वागत किया है। लोगों को उम्मीद है कि प्रशासनिक और न्यायिक दोनों क्षेत्रों में यह नया संयोजन विकास और न्याय की नई मिसाल कायम करेगा।

संक्षिप्त समाचार

अनियंत्रित बाइक के चपेट में आने से घायल वृद्ध की मौत

तरुणमित्र न्यूज

मर्यादपुर/बेलौली (मऊ)। रामपुर थाना क्षेत्र के मधुबन-बेल्थरा रोड़ मुख्य मार्ग स्थित मर्यादपुर बाजार के समीप ढिलई फिरोजपुर बाग में सोमवार कि सुबह लगभग आठ बजे अनियंत्रित बाईक के चपेट में आने से एक सत्तर वर्षीय व्यक्ति गम्भीर रूप से घायल हो गया। आनन फानन में उपस्थित लोगों ने घायल व्यक्ति को ईलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फतहपुर मंडाव में भर्ती कराया। जानकारी के अनुसार रामपुर थाना क्षेत्र के ढिलई फिरोजपुर निवासी तारिक उस्मानी पुत्र स्व मंसूर 70 वर्ष किसी कार्य हेतु मर्यादपुर बाजार जारहा था कि ज्यो ही मधुबन -बेल्थरा रोड़ मुख्य मार्ग स्थित ढिलई फिरोजपुर बाग के पास पहुंचा था कि विपरीत दिशा से आ रहे बहोरनपुर थाना भीमपुरा जनपद बलिया निवासी के बाईक की चपेट में आकर गम्भीर रूप से घायल हो गया। आनन फानन में उपस्थित लोगों ने ईलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फतहपुर मंडाव में उसे भर्ती कराया। जहां स्थिति गम्भीर देख चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल के लिये रेफर कर दिया जिसकी जिला अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही मौत होगई। मौत कि सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। जिन के करुणक्रंदन से उपस्थित सभी कि आँखे नम हो रही थी।

एसपी के निर्देश पर 6 लोगों पर मुकदमा दर्ज

तरुणमित्र न्यूज

मर्यादपुर/बेलौली (मऊ)। मधुबन थाना क्षेत्र के हसनपुर में बीस वर्ष पुरानी विवादित दिवार तोड़ने के मामले में पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर मधुबन पुलिस ने पीड़ित पक्ष की तहरीर पर कुल छः लोगों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। पीड़िता शिवंता देवी पत्नी उदयभान गोंड़ का आरोप है कि घर के सामने पुश्तैनी जमीन है जिस पर 2003 से शम्भु से मुकदमा जिला न्यायालय में विचाराधीन है।

बीते 22 जून को थाना प्रभारी मधुबन कि उपस्थिति में दोनो पक्षों में सुलह समझौता हुआ कि दोनो पक्ष यथास्थिति बनाए रखे परंतु 24 जून को गुड्डी पत्नी शम्भू, छाया पत्नी राजेश, सुमन पत्नी श्रवण, परिवार के अन्य सदस्य मिल कर भूमि पर कब्जा करने की नियत से बीस वर्ष पुरानी दिवार तोड़ दिये। विरोध करने पर शम्भु पुत्र देवानंद, राजेश पुत्र अज्ञात, श्रवण पुत्र शम्भू हत्या करने की धमकी दे रहे है। इस मामले में पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर मधुबन पुलिस ने पीड़ित पक्ष कि तहरीर पर उपरोक्त छः लोगो के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यमी प्रोत्साहन हेतु करें आवेदन

तरुणमित्र न्यूज

मऊ। उपायुक्त उद्योग राजेश रोमन ने सोमवार को जारी विज्ञप्ति में बताया कि जनपद में सूक्ष्म लघु एवं उद्यम प्रोत्साहन हेतु प्रदेशिक पुरस्कार योजना को अन्तर्गत वर्ष 2025-26 में संचालित किये जाने का निर्णय लिया गया है। जनपद में मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र में 2 एवं सर्विस क्षेत्र में 2 का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिसमें प्रादेशिक पुरस्कार योजनान्तर्गत मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र की 14 श्रेणियों और सेवा क्षेत्र की 12 श्रेणियों में लक्ष्य निर्धारित है। जिससे जनपद में सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यमियों प्रोत्साहन हेतु आवेदन कर अधिक से अधिक लाभ प्रदान किया जा सके। उक्त के संबंध में विस्तृत जानकारी हेतु कार्यालय जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केंद्र मऊ में संपर्क कर सकते हैं। आवेदन पत्र आवश्यक दस्तावेजों के साथ कार्यालय-जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र, मऊ में दिनांक 31 अगस्त 2025 तक जमा कर सकते है।

सर्प व विषैले जीव के काटने से तीन घायल

तरुणमित्र न्यूज

मुहम्मदाबाद गोहना (मऊ)। स्थानिक कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सूत्र रही निवासी शिखा पुत्री सुग्रीव उम्र 19 वर्ष रविवार रात्रि एवं ग्राम पराग खंड निवासी पूजा पुत्री शिव कदंब उम्र 14 वर्ष जो रविवार संध्या शौच के लिए गई हुई थी।

इस दौरान विषैले सर्प ने दोनों को काट लिया जिसकी जानकारी मिलते ही परिजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ले गए। गंभीर हालत होने पर चिकित्सकों ने दोनों को जिला मुख्यालय रेफर कर दिया। इसी क्रम में कोतवाली क्षेत्र के ग्राम क्यामपुर निवासी आयुष पुत्र अजय उम्र तीन वर्ष रविवार संध्या कोई जहरीले जंतु काट लेने पर परिवार के लोग इलाज है तो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ले गए।

वाहन के टक्कर से महिला घायल

तरुणमित्र न्यूज

मुहम्मदाबाद गोहना (मऊ)। स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अनु पर निवासी कुसुम पत्नी रामकिशन उम्र 37 वर्ष रविवार दोपहर में सड़क दुर्घटना में घायल होने पर परिवार के लोग इन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज हेतु ले गए। गंभीर चोट आने पर चिकित्सकों ने जिला मुख्यालय के लिए रेफर कर दिया। लोगों का कहना है कि कुसुम दोपहर में अपने घर से किसी कार्य हेतु सड़क पार कर रही थी कि अज्ञात वाहन ने इन्हें टक्कर मार दी जिससे यह सड़क पर गिरकर घायल हो गई।

प्रतिबंधित पेड़ काटने के मामले में पुलिस ने की कार्यवाही

अवैध पेड़ काटने वालो में हड़कंप मचा, ट्रैक्टर ट्राली सीज

तरुणमित्र न्यूज

घोसी (मऊ)। स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के कटिहारी बुजुर्ग में प्रतिबंधित पेड़ काटने का मामला सामने आया है। मामले में बोझी चौकी प्रभारी संजय उपाध्याय ने तीन आम का पेड़ एक जामुन का पेड़ व पेड़ काटने का सामान सहित ट्रैक्टर ट्राली पकड़ कोतवाली लाया। जहाँ पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भारतीय वन अधिनियम के तहत कारवाई करते हुए पकड़े गए ट्रैक्टर ट्राली सीज कर दिया है। पुलिस की कारवाई से अवैध पेड़ काटने वालो में हड़कंप मचा है।

कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत बोझी क्षेत्र के कटिहारी बुजुर्ग गाँव में एक स्कूल के समीप बाग में अवैध पेड़ों की कटाई धड़ल्ले से चल रही थी। उसी दौरान क्षेत्र भ्रमण कर रहे चौकी प्रभारी संजय उपाध्याय मय फोर्स सूचना पर बाग में पहुँचे। जहाँ पुलिस देख ट्रैक्टर चालक व अन्य भाग गए। मौके से पुलिस ने आम के तीन कटे पेड़ व जामुन का एक कटा पेड़ पाया। पेड काटने का सामान व ट्रैक्टर ट्राली भी पाया गया। पुलिस ने मौके से कटे पेड के बोटो को ट्रैक्टर ट्राली पर लदवा कोतवाली लाई।

मामले में पुलिस ने आजमगढ़ जनपद के अजमतगढ़ निवासी आरोपी दिलशाद के खिलाफ भारतीय वन अधिनियम के तहत कारवाई किया है। पुलिस ने ट्रैक्टर ट्राली सीज कर दिया।

तहसील में लूट खसोट, रिश्वतखोरी एवं भ्रष्टाचार का लगाया आरोप

तरुणमित्र न्यूज

मऊ। हिंदू जागरण समिति के कार्यकर्ताओं ने सदर तहसील में व्याप्त भ्रष्टाचार अनियमियता लूट खसोट रिश्वतखोरी एवं भ्रष्टाचार के विरोध में सोमवार को कलेक्ट्रेट परिसर में जमकर प्रदर्शन किया। तहसील प्रशासन के विरुद्ध नारेबाजी करके अपना कड़ा विरोध जताया। मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार को संबोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट को सौंप कर रिश्वतखोरी और भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने की मांग की।

हिंदू जागरण समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुजीत कुमार सिंह ने कहा कि सदर तहसील भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी का अड्डा बन गया है। बिना रिश्वत लिए तहसील के अधिकारी और कर्मचारी आम जनमानस का कोई काम नहीं कर रहे हैं। उन्होंने सदर तहसील प्रशासन पर जनता के शोषण करने का आरोप लगाया और कहा कि सदर तहसील दलालों के चंगुल में फंस गया है। तहसील कर्मियों पर सरकार का कोई नियंत्रण नहीं रह गया है।

वह बेखौफ होकर जनता का खून चूस रहे हैं। उन्होंने कहा अगर बेलगाम अधिकारियों ने जनता के प्रति अपना रवैया नहीं बदला तो इनके विरुद्ध आर पार का संघर्ष किया जाएगा। समिति के प्रांत संगठन मंत्री रामकृष्ण भारद्वाज ने कहा कि आज आम जनमानस को न्याय नहीं मिल पा रहा है। तहसील प्रशासन के पक्षपात पूर्ण निर्णय से आम जनमानस को न्याय पाने के लिए दर-दर की ठोकरे खानी पड़ रही है। संगठन के प्रवक्ता नरेंद्र सिंह ने कहा कि तहसीलों में भ्रष्टाचार की जड़े बहुत गहरी हो गई है तहसील का शायद ही कोई कर्मचारी इससे अछूता रह गया हो उनके अनैतिक कार्य से भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिल रहा है। समिति के जिलाध्यक्ष मनीष सिंह ने कहा कि भ्रष्टाचार कैंसर से भी खतरनाक साबित हो रहा है और वह हमारे देश के चरित्र को खोखला कर रहा है। समिति के यूथ ब्रिगेड के अध्यक्ष आर्यन सिंह ने कहा कि भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी से निपटने के लिए बनाए गए कानून हवा हवाई साबित हो रहे हैं। उन्होंने भ्रष्टाचार के विरुद्ध आर पार के जंग का ऐलान किया और कहा कि अधिकारी आम जनता के लिए अपना रवैया ठीक कर लें। प्रांत उपाध्यक्ष बृजेश सिंह पटेल और प्रांत मंत्री अमित वर्मा ने भी चेतावनी देते हुए कहा कि हिंदू जागरण समिति जनता के हितों की रक्षा के लिए आर पार का संघर्ष करने के लिए तैयार है।

कहा कि अधिकारी और कर्मचारी जनता के प्रति अपना व्यवहार नहीं बदलते हैं तो ईंट से ईंट बजा दिया जाएगा। इस अवसर पर श्याम सिंह राज श्रीवास्तव रोशन वर्मा गुड्डू सोनकर आदित्य रंजन सिंह आकाश ठाकुर विजय रंजन सिंह योगेंद्र प्रजापति शुभम प्रजापति रवि गुप्ता राजकुमार मौर्य वीरेंद्र पासवान अनुराग बरनवाल अमरजीत चौहान बाके चौहान विनय राजभर सत्यम गुप्ता शुभम गुप्ता सतीश मद्धेशिया सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

रोटरी प्राइड मऊ की टीम ने 34 पुरस्कार जीत कर बनाया कीर्तिमान

वार्षिक पुरस्कार समारोह में मऊ की टीम के साथ डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटेरियन।

तरुणमित्र न्यूज

मऊ। रोटरी इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3120 के वार्षिक पुरस्कार समारोह सिद्धोत्सव-2025 का आयोजन प्रयागराज के मेडिकल एसोसिएशन कन्वेंशन सेंटर में गत दिवस एक समारोह में संपन्न हुआ। इस अवसर पर रोटरी क्लब प्राइड मऊ टीम ने उत्कृष्ट सेवाओं और सामाजिक योगदान के लिए 34 पुरस्कार जीतकर अपनी मण्डल 3120 में एक अलग पहचान बनाई। टीम को 2024-25 के दौरान किए गए शानदार कार्यों के लिए विभिन्न श्रेणियों में सम्मानित किया गया। डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटेरियन परितोष बजाज ने प्राइड के अध्यक्ष जितेंद्र राखोलिया को सर्वश्रेष्ठ अध्यक्ष के प्लैटिनम पुरस्कार से सम्मानित किया साथ ही क्लब के सचिव डॉ रितेश अग्रवाल को भी प्लैटिनम पुरस्कार से नावाजा गया।

क्लब द्वारा उत्कृष्ट कार्यो के लिए स्थानीय रोज गार्डन में बेंच एवं वाटर कूलर लगाने के लिए, स्थानीय रोडवेज पर बेबी फीडिंग बूथ बनाने के लिए, बृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम 'तरु छाया' के अंतर्गत वृक्ष लगाने के लिए, महिलाओं के स्वास्थ्य के लिए कार्य करने के लिए, प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ में नेत्र शिविर में मोतियाबिंद के ऑपरेशन में सहयोग करने के लिए, हनुमान घाट पे लक्ष्मी नारायण मंदिर में वाटर कूलर लगाने के लिए,त्रिदेव मंदिर में बड़े इंडस्ट्रियल पंखे लगाने के लिए रोटरी फाउंडेशन में अंश दान देने के लिए आदि कई अच्छे कार्यों के लिए डायमंड, गोल्ड, प्लैटिनम आदि पुरस्कारों से सम्मानित किया। साथ ही गोरखपुर क्षेत्र के डीजीआरएच राकेश गर्ग को एवं जून 20 के सह मण्डल अध्यक्ष कृष्णा खंडेलवाल को भी सम्मानित किया। इस पुरस्कार समारोह में क्लब को 34 पुरस्कार प्राप्त हुए। सभी उपस्थित सदस्यो ने मंडल अध्यक्ष परितोष बजाज को धन्यवाद दिया।

सूचना- सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि यूपी बोर्ड इण्टरमीडिएट वर्ष 2008 अनुक्रमांक 1413791 का प्रमाणपत्र वास्तव में खो गया है। दिलीप राय पुत्र राजेन्द्र नाथ राय, ग्राम व पोस्ट- मुंगमास, तहसील-घोसी, जनपद-मऊ।

खड़ंजे के निर्माण के विवाद को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट

तरुणमित्र न्यूज

मुहम्मदाबाद गोहना (मऊ)। स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भात कोल में सोमवार प्रातः खड़ंजे के निर्माण के विवाद को लेकर दो पक्षों में हुई। मारपीट के मामले में पवन कुमार बिहार एवं रामकरण। वहीं इसी गांव के रास्ते के विवाद को लेकर गुलाम रसूल को पुलिस ने शांति भंग में न्यायालय चालान किया। इसी क्रम में कोतवाली क्षेत्र के ग्राम हरना साथ में रविवार प्रातः पारिवारिक विवाद को लेकर पुलिस ने गोरख का शांति भंग में न्यायालय चालान किया।

इसी क्रम में कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला साइफन पूरा में रविवार प्रातः दो पक्षों में जमीन के विवाद को लेकर एक पक्ष के मुखराम तथा मीणा तथा दूसरे पक्ष के राजकुमार एवं कमल चौहान का पुलिस ने शांति भंग में न्यायालय चालान किया। इसी क्रम में कोतवाली क्षेत्र के ग्राम चिश्ती पट्टी में रविवार प्रातः जमीन के विवाद को लेकर एक पक्ष के रघुवर चौहान सुकालू दूसरे पक्ष के मोहित तथा वींरेंद्र चौहान एवं दिनेश चौहान बबलू चौहान सिकंदर चौहान तथा प्रभुनाथ चौहान का पुलिस ने शांति भंग में न्यायालय चालान किया इस प्रकार पुलिस ने रविवार को शांति भंग में कुल 13 लोगों का न्यायालय चालान किया है।

विद्यालयों के युग्मन से गरीब, वंचित समाज के बच्चे शिक्षा से वंचित होंगे: डॉ.रामविलास

तरुणमित्र न्यूज

मऊ। उत्तर प्रदेशीय अनुसूचित जाति/अनु. जनजाति बेसिक शिक्षक महासंघ, महिला शिक्षक संघ, प्राथमिक शिक्षक संघ, सम्यक समाज सेवा संस्थान, डॉ.आंबेडकर अधिवक्ता संघ, सोशल जस्टिस ऐडवोकेट फोरम, नवजागरण आंबेडकर समिति एंव अन्य अधिकारी, कर्मचारी, अधिवक्ता, समाजसेवी एवं शिक्षकों द्वारा संयुक्त रूप से डॉ.रामविलास भारती की अध्यक्षता में सोमवार को मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी के प्रतिनिधि सीटी मजिस्ट्रेट को दिया गया। जिसमें अपर मुख्य सचिव, बेसिक शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश शासन द्वारा प्रदेश के परिषदीय विद्यालयों में अपर्याप्त/कम संख्या वाले विद्यालयों को युग्मन किये जाने सम्बन्धी 16 जून के आदेश को निरस्त करने की मांग की गई।

मांग की गई कि युग्मन के नाम पर विद्यालयों को बंद किया जा रहा है जिससे गरीब, वंचित समाज के बच्चे शिक्षा से वंचित हो रहे हैं। इस कार्यवाही की बंद किया जाय। खुलेआम आरटीई का उल्लंघन करके विद्यालयों को दूर युग्मन किया जा रहा है। इस अवसर पर डॉ. रामविलास भारती ने कहा कि विद्यालयों के युग्मन से गरीब, वंचित समाज के बच्चे शिक्षा से वंचित होंगे। और आरटीई के अनुसार सबके लिए शिक्षा, सब पढ़े, सब बड़े का उद्देश्य भी अधूरा होगा। यह शासनादेश आम आदमी को शिक्षा की पहुंच से दूर करेगा। जिलाध्यक्ष नित्यप्रकाश यादव ने कहा कि शिक्षकों से गैर शैक्षणिक कार्य लेने से गुणवत्ता और संख्या प्रभावित होती है इसलिए विद्यालय बंद करने की बजाय शिक्षकों से गैर शैक्षणिक कार्य लेना बंद किया जाय। महिला शिक्षक संघ की जिलाध्यक्ष सावित्री ने कहा कि विद्यालयों को मर्ज करने की जगह उन विद्यालयों को हाईटेक किया जाय। एडवोकेट हरीनाथ ने कहा कि विद्यालयों का युग्मन अभिभावकों से सहमति लिए बिना एवं अपर्याप्त संख्या को परिभाषित किए वगैर स्वेच्छाचारिता पर किया गया है। आईटीआई एक्टिविस्ट अरविन्द मूर्ति ने कहा कि शिक्षा की जिम्मेदारियां की निभाने की जरूरत है न कि उसे समाप्त किया जाय।

उत्तर रेलवे

खुली निविदा सूचना (ई-निविदा)

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक **22.07.2025** को **15.00 बजे** तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल आफर स्वीकार नहीं किये जायेगें यदि कोई मैनुवल आफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा।

1	निविदा सूचना संख्या	07702025 दिनांक 30.06.2025
2	निविदा संख्या : 09-Sr.DEN-II-LKO/2025-26	
3	कार्य का नाम : ADEN-MBDP एडीईएनएमबीडीपी के अंतर्गत- S.S.E.-P.WAY-PBH एसएसई जेएनएच खंड में ट्रैक रखरखाव हेतु रेल एवं/पीवे/स्लीपरों का आकस्मिक नवीनीकरण, ओवरहॉलिंग, डिस्ट्रेसिंग, एलडब्ल्यूआर की बॉक्सिग एवं प्रोफाइलिंग का कार्य।	
4	अनुमानित लागत : रु. 79,46,401.36	
5	धरोहर राशि : रु. 1,58,900.00	
6	कार्य की समापन अवधि : स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से 8 माह	
7	निविदा डालने का प्रारंभ : 08.07.2025	
8	निविदा बंद होने की तिथि एवं समय : 22.07.2025 को बजे 15:00	
9	वेबसाईट : www.ireps.gov.in	

नोट:- निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है। 1961/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

संस्थापक सम्पादक- स्व. कैलाशनाथ

श्री विश्वकर्मा चैरिटेबल ट्रस्ट धरनीधरपुर, जौनपुर एवं तरूणमित्र मीडिया प्रा0लि0 द्वारा तरूणमित्र हि0दै0 के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं सम्पादक आदर्श कुमार* द्वारा मीडिया टेक्स्ट प्रा0लि0, रोहनिया जी0टी0 रोड, वाराणसी से मुद्रित एवं 631, उमरपुर हरिबन्धनपुर, जौनपुर से प्रकाशित।

आर.एन.आई पंजीयन सं. 353710/78 (मो0:- 9452984488)

फोन:-समाचार कक्ष-(05452) 358728, 05452-470147

E-mail : tarunjnp@rediffmail.com, tarunjaunpur@gmail.com

* इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा उत्पन्न समस्त विवाद जौनपुर न्यायालय के अधीन होंगे।

मुख्यालय:- 47 धरनीधरपुर, जौनपुर (उ0प्र0)

छः व्यापारियों पर हुई सख्त कार्रवाई, अन्य दुकानदारों में दहशत

बाट-माप विभाग की छापेमारी

तरूणमित्र न्यूज

मुहम्मदाबाद यूसुफपुर (गाजीपुर)। स्थानीय थाना कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत नगर के मुख्य बाजार में सोमवार को बाट-माप विभाग की टीम ने सघन जांच अभियान चलाया। वाराणसी डिविजन के सहायक बाट-माप नियंत्रण अधिकारी अशोक कुमार चौरसिया के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई में दुकानों पर औचक निरीक्षण कर बाट, तराजू, माप उपकरणों और संबंधित दस्तावेजों की गहनता से जांच की गई।

जांच के दौरान कई दुकानदार अपने माप यंत्रों का सत्यापन नहीं करा सके और न ही उनके पास वैध दस्तावेज एवं

सरकारी मोहर लगे यंत्र पाए गए। नियमों की अवहेलना करने वाले छह व्यापारियों के खिलाफ मानक मापन एवं मूल्य अधिनियम के तहत कानूनी कार्रवाई की गई। अधिकारी अशोक कुमार चौरसिया ने स्पष्ट किया कि सभी व्यापारियों को समय-समय पर अपने माप यंत्रों का सत्यापन कराना अनिवार्य है। उन्होंने चेतावनी दी कि भविष्य में बिना सत्यापन के उपकरण पाए जाने पर दंडात्मक कार्रवाई और जुर्माना तय है।

इस अभियान में मोहम्मदाबाद क्षेत्र की बाट-माप निरीक्षक सीमा कुशवाहा समेत विभाग की अन्य टीमें भी शामिल थीं। कार्रवाई की शुरुआत तहसील चौराहा (गोलंबर) से हुई, जो डॉ. मुख्तार अहमद अंसारी मार्ग होते हुए नगर के अन्य हिस्सों तक पहुंची। अधिकारियों ने मौके पर व्यापारियों को माप यंत्रों की वैधता, रसीद और सरकारी मोहर के महत्व के बारे में जानकारी दी, ताकि उपभोक्ता हितों की रक्षा सुनिश्चित की जा सके।

इस औचक कार्रवाई से बाजार में हड़कंप मच गया। कई दुकानदार तत्काल अपने दस्तावेज़ और माप उपकरणों की वैधता की जांच कराने में जुट गए। विभाग की इस सख्ती को ग्राहकों के हित में उठाया गया अहम और सराहनीय कदम माना जा रहा है, जिससे व्यापारिक पारदर्शिता और उपभोक्ता संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा।

वारंटी को पुलिस ने घर से किया गिरफ्तार

तरूणमित्र न्यूज

मुहम्मदाबाद यूसुफपुर (गाजीपुर)। स्थानीय थाना कोतवाली पुलिस टीम द्वारा 01 नफर वारंटी को गिरफ्तार किया गया। अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 30.06.2025 को उ0नि0 हरीश चन्द्र सिंह मय हमराह थाना कोतवाली द्वारा माननीय न्यायालय द्वारा निर्गत वारण्टी/अभियुक्त मुख्तार अंसारी पुत्र नसीम अंसारी उम्र-50 वर्ष निवासी जमालपुर कस्बा थाना मुहम्मदाबाद जनपद गाजीपुर को उसके घर से

गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक श्री राम सजन नागर मय हमराह उपस्थित रहे।

फेसबुक पर ब्राह्मण समाज की महिलाओं पर आपत्तिजनक टिप्पणी

बरदह। थाना क्षेत्र के ग्राम तम्मरपुर निवासी पवन यादव व एक अन्य व्यक्ति संतोष अहीर द्वारा फेसबुक पर ब्राह्मण समाज की महिलाओं, बहनों और बेटियों के विरुद्ध जातिगत एवं अश्लील टिप्पणी करने से क्षेत्र में भारी आक्रोश व्याप्त हो गया है। इस कृत्य की तीव्र निंदा करते हुए ब्राह्मण समाज के दर्जनों लोगों ने सोमवार को बरदह थाने पहुँचकर कार्यवाही की माँग की। शिकायतकर्ताओं में अखिलानंद उपाध्याय (सोशल मीडिया सह-संयोजक, लालगंज भाजपा), राकेश मिश्रा (मंडल महामंत्री), सुनील तिवारी, अरुण उपाध्याय, धीरेंद्र उपाध्याय (जिला कार्यसमिति सदस्य), संतोष चौबे (निवर्तमान मंडल अध्यक्ष, ठेकमा), राजेश विश्वकर्मा, हेमंत तिवारी, अमित बिंद, सुशील चतुर्वेदी, प्रिंस पांडेय, अतुल पाठक सहित अनेक लोग शामिल रहे।

पुलिस अधीक्षक ने अंग वस्त्र प्रदान कर दी विदाई

तरूणमित्र न्यूज

बलिया। सोमवार को निरीक्षक ना0पु0 आनन्द कुमार सिंह, उप निरीक्षक परिवहन अरविन्द शाही परिवहन शाखा, फायर सर्विस चालक रमेश चन्द्र पाण्डेय, चतुर्थ श्रेणी कर्मी श्रीनिवास ने अपनी सम्पूर्ण सेवाकाल के दौरान पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी एवं लगन से कार्य करते हुए अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत हुए।

पुलिस लाइन बलिया में पुलिस सेवा से सेवानिवृत्त हुए अधिकारी/कर्मचारियों के उपलक्ष्य में विदाई समारोह आयोजित किया गया। पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह द्वारा विदाई समारोह में सम्मिलित होकर समस्त अधिकारी/कर्मचारीगण को उपहार, स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति-पत्र देकर उनके आगामी सुखमय व समृद्ध जीवन की कामना कर शुभकामनाओं सहित विदाई दी गयी। इस दौरान प्रतिसार निरीक्षक सहित अन्य अधिकारीगण द्वारा भी सेवानिवृत हुए समस्त अधिकारी/कर्मचारीगण को शुभकामनायें दी गई।

सेवानिवृत्त कर्मचारियों को सम्मानित करते एसपी।

ऑल इंडिया पैगामे इंसानियत फोरम संस्था ने मरीजों को बांटा फल एवं खाद्य सामग्री

तरूणमित्र न्यूज

बेल्थरा रोड (बलिया)। तहसील क्षेत्र के आदर्श नगर पंचायत बेल्थरा रोड में स्थित दो निजी अस्पताल में रविवार को मानवतात्र की मदद के उद्देश्य से बनी संस्था ऑल इंडिया पयामे इंसानियत फोरम की बेल्थरा रोड यूनिट ने आदर्श नगर पंचायत बेल्थरा रोड डॉक्टर फैजुर्रहमान के हॉस्पिटल व एपेक्स नर्सिंग होम में पहुंचकर वहां मौजूद मरीजों से उनका हाल-चाल लिया और आवश्यकता अनुसार तीमारदारी करते हुए मरीजों में पानी की बोतलें व खाद सामग्रियों का वितरण किया।

इस अवसर पर डॉक्टर फैजुर्रहमान ने संस्था को अपनी तरफ से पूरे सहयोग का आश्वासन दिया और कहा कि यदि कोई भी गरीब लाचार या मजबूर व्यक्ति संस्था की जानकारी में आता है व संस्था उसे उन तक पहुंचाती है तो वह उसका नि:शुल्क इलाज और जांच आदि की व्यवस्था अपनी तरफ से करेंगे

राष्ट्रीय स्तर पर चलने वाला पैग़ामे इंसानियत फोरम एक ऐसी संस्था है जो सामाजिक सेवा के सभी कामों में अपनी क्षमता अनुसार बिना जाति धर्म का भेदभाव किये हर संभव सहायता करती है।

इस संस्था का उद्देश्य मानव मात्र की सहायता करना तय किया गया है। इस अवसर पर संस्था के सदस्य मौलाना अब्दुल वासे नदवी ने बताया कि सन 1974 में मौलाना अबुल हसन अली नदवी ने इस संस्था की शुरुआत की थी जिसका उद्देश्य धार्मिक भाईचारे को बढ़ाना और धार्मिक भेदभाव किया बिना हर जरूरतमंद की यथासंभव मदद करने का रहा है। इस अवसर पर संस्था के बेल्थरा रोड यूनिट के सदर मो0 रब्बान, के साथ अहमद मुज्तबा उर्फ़ झन्ने भाई, मुफ्ती मोइन साहब, मुफ्ती आबसार अहमद,मौलाना शारिक़ नदवी, ख़ालिद साहब, मौलाना मोदस्सिर साहब, अस्जद भाई, मो0 अर्सलान आदि कार्यकर्ता के साथ ही साथ लोग मौजूद रहे।

साइबर ठगी का शिकार हुआ किसान, खाते से उड़ाया लगभग तीन लाख

तरूणमित्र न्यूज

सिकंदरपुर,(बलिया)। सिकंदरपुर थाना क्षेत्र के भांटी गांव निवासी किसान सुधाकर राय साइबर ठगी का शिकार हो गए हैं। उनके बैंक खाते से धोखेबाजों ने 2 लाख 80 हजार की बड़ी रकम 19 बार में निकाल ली। इस घटना ने पूरे क्षेत्र में हड़कंप मचा दिया है।

सुधाकर राय (पुत्र स्वर्गीय भुवनेश्वर राय) ने बताया कि 23 जून 2025 को उनके मोबाइल नंबर 9452288547 पर 9304111894 नंबर से एक व्हाट्सएप कॉल आया। कॉल करने वाले ने खुद को एक टेलीकॉम कंपनी का कर्मचारी बताया और उनके जियो नंबर (6306912766) को 4 प्रतिशत से 5 प्रतिशत में अपग्रेड करने का प्रस्ताव दिया। सुधाकर ने शुरुआत में इस प्रस्ताव को ठुकरा दिया और बार-बार कॉल आने पर उन्होंने फोन काट दिया। हालांकि, उसी दिन शाम को उनका जियो नंबर अचानक बंद हो गया।

खेती के काम में व्यस्तता के कारण सुधाकर को तुरंत इस बात की जानकारी नहीं हुई। 28 जून को जब वह सिकंदरपुर स्थित जियो सेंटर पहुंचे, तो उन्हें बताया गया कि उनका आधार कार्ड लॉक कर दिया गया है और उनके नंबर पर ई-सिम चालू कर दिया गया है। संदेह होने पर, सुधाकर ने आधार संशोधन केंद्र पर संपर्क किया, जहां भी उन्हें यही जानकारी मिली।

इसके बाद, सुधाकर ने सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की सिकंदरपुर शाखा में अपने खाते की जांच कराई। पासबुक और स्टेटमेंट देखने पर उन्हें बड़ा झटका लगा, क्योंकि उनके खाते से 2 लाख 80 हजार निकाल लिए गए थे। यह राशि 19 अलग-अलग लेनदेन में निकाली गई थी। इस धोखाधड़ी का पता चलते ही सुधाकर ने तत्काल साइबर सेल में ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई है। यह घटना साइबर अपराधियों द्वारा अपनाई जा रही नई तरकीबों और आम नागरिकों को सावधान रहने की जरूरत को उजागर करती है।

कृषि उधमी स्वालम्ब योजना के लिए 20 जुलाई तक करें ऑनलाइन आवेदन

बलिया। उप कृषि निदेशक ने बताया है कि प्रदेश सरकार द्वारा कृषि स्नातको को स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने तथा किसानों को गुणवतापूर्ण कृषि निवेश के साथ-साथ कृषि प्रसार सेवायें उपलब्ध कराने के उद्देश्य से ''प्रशिक्षित कृषि उधमी स्वालम्बन(एग्रीजंक्शन) योजना'' जनपद में संचालित है। उत्तर प्रदेश में निवास करने वाले बेरोजगार जो कृषि एवं सहबद्व विषयों यथा कृषि व्यवसाय प्रबन्धन-उद्यान, पशुपालन,वानिकी,दुग्ध,पशुचिकित्सा,मुर्गीपालन,जो किसी राज्य/केन्दीय विश्व विद्यालय या किसी अन्य विश्वविद्यालयों से डिग्रीधारी है, जो आईसीएआर/यूजीसी द्वारा मान्यता प्राप्त हों, पात्र होगें। आयु 40 वर्ष से अधिक न हो,अनुसूचित जाति,जनजाति एवं महिलाओं को आयु में अधिकतम 05 वर्ष का छूट। जनपद स्तर पर जिलाधिकारी/ मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा चयन आवेदन कर्ता द्वारा आनलाइन आवेदन कर सकते हैं जिसके लिए जन्म प्रमाण पत्र (हाई स्कूल मार्कशीट) आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, बैंक पास बुक, पैन कार्ड, निवास प्रमाण पत्र, शपथ- पत्र, हाई स्कूल मार्कशीट, इण्टरमीडिएट मार्कशीट, स्नातक मार्कशीट आवेदन की अन्तिम तिथि 20 जुलाई, 2025 निर्धारित है। आवेदन करने हेतु कोई भी शुल्क देय नही होगा।

आपत्तिजनक धर्म विरोधी बातचीत करने पर किया गया गिरफ्तार

बरदह। बरदह थाना क्षेत्र पुरसुंडी गांव निवासी भाजपा नेता राजेश कुमार विषकर्मा ने स्थानीय थाने पर शिकायती प्रार्थना पत्र देते हुए आरोप लगाया कि थाना क्षेत्र के सेनुरी गांव निवासी रूपेश यादव पुत्र राम सकल आपसी बातचीत में हिन्दुत्व की भावना पर अमर्यादित करते हुए दिखाई दे रहे है। भगवान प्रभु श्रीराम एवं भाजपा नेताओं को व्यक्तिगत एवं पारिवारिक परिसेप में अपशब्द का प्रयोग किए है टिप्पणी पूरी तरह से निंदनीय है। समाज में आपसी द्वेष की भावना फैल सकती है जिसका बीडीओ वायरल हुआ है। थानाध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने बताया कि उक्त के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर आरोपी को हिरासत में लिया गया है।

विद्यालय बन्द करने के खिलाफ शिक्षकों अभिभावकों एवं ग्राम प्रधानों ने की बैठक

तरूणमित्र न्यूज

भांवरकोल (गाजीपुर)। बेसिक शिक्षा परिषद के नियंत्रणाधीन ऐसे विद्यालय जिनमें 50 से कम छात्र संख्या है, को बन्द करके अन्य किसी विद्यालय में पेयर करने का आदेश शासन द्वारा जारी किया जा चुका है। बन्द किये जाने वाले विद्यालयों के एस.एम.सी. अध्यक्ष, ग्राम प्रधान एवं अभिभावकों द्वारा असन्तोष व्यक्त किया गया तथा इसके खिलाफ आन्दोलन करने की भी बात की गई।

उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के निर्देश पर ब्लॉक अध्यक्ष राजेश सिंह यादव, मंत्री अजहर अली मोबीन एवं कोषाध्यक्ष शशिभूषण श्रीवास्तव के आवाहन पर अभिभावकों, शिक्षकों, ग्राम प्रधानों एवं एसएमसी अध्यक्षों की बैठक बुलाई गयी जिसमें सभी ने एक स्वर से शासन के इस आदेश का विरोध किया। इस बैठक में जयनारायण उपाध्याय, अम्बिका राम, मु. आलिम हुसैन, तुलसी प्रसाद, सलाहुद्दीन, मलिक अहमद, त्रिपुरारी, मिथिलेश राय, झूलन राम, जमीर अंसारी, चिरंजीविलाल गुप्ता, अमन कुमार, प्रह्लाद यादव, मनीष राय, राकेश गोंड, अली हुसेन अंसारी, सुबोध इत्यादि उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता सेवानिवृत पूर्व एबीआरसी जुबेर अंसारी एवं कार्यक्रम का सफल संचालन राहुल अग्रवाल ने किया।

आरएसएस व भाजपा के मनसूबे को जनता सफल नहीं होने देगी : रिजवी

तरूणमित्र न्यूज

नवानगर (बलिया)। सिकंदरपुर के विधायक और पूर्व मंत्री मोहम्मद रिजवी ने सोमवार को प्रेस नोट जारी कर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ आरएसएस और भारतीय जनता पार्टी भाजपा पर संविधान विरोधी मानसिकता रखने का गंभीर आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि भाजपा और आरएसएस समय-समय पर अपनी 'संविधान बदलने की मंशा' को जाहिर करते रहे हैं, लेकिन देश की जनता उनके मंसूबों को कभी सफल नहीं होने देगी।

पूर्व मंत्री ने कहा, भाजपा संविधान की मूल प्रस्तावना से समाजवाद और धर्मनिरपेक्षता जैसे शब्दों को हटाना चाहती है, जो भारतीय लोकतंत्र की आत्मा हैं। आरएसएस शुरू से ही संविधान का विरोध करता आया है और वह उसे पंगु बनाकर मनुस्मृति को लागू करना चाहता है, ताकि भारत को हजारों साल पीछे ले जाया जा सके।

मो. रिजवी ने आरएसएस और भाजपा पर स्वतंत्रता संग्राम में कोई योगदान न देने का आरोप लगाते हुए कहा कि, आरएसएस ने न तो भारत की आज़ादी की लड़ाई में कोई भागीदारी निभाई, और न ही लंबे समय तक भारतीय तिरंगे को स्वीकार किया। अब वही संगठन संविधान को बदलने की दिशा में काम कर रहा है।

उन्होंने दो टूक कहा कि भारतीय जनता अपने संविधान में किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ कतई बर्दाश्त नहीं करेगी। यदि भाजपा और आरएसएस ने संविधान से छेड़छाड़ की कोशिश की, तो देश की जनता उन्हें सत्ता से बेदखल करने में देर नहीं लगाएगी, उन्होंने कहा। पूर्व मंत्री ने चेतावनी देते हुए कहा कि भाजपा और आरएसएस को अपनी 'मंशा' और 'कुचक्र' को मन में ही रखना होगा, अन्यथा जन-आक्रोश का सामना करना पड़ेगा।

बच्चों के विवाद में चले लाठी डंडे, महिला समेत तीन घायल

बैरिया(बलिया)। बच्चों की विवाद को लेकर तालिबपुर में लाठी डंडा व ईंट पत्थर चला। जिसमें एक महिला सहित तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों का प्राथमिक इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोनबरसा में हुआ। जबकि एक की स्थिति गंभीर देखते हुए चिकित्सक ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। मारपीट में घायल राजेश साह ने मारपीट का तहरीर बैरिया थाना में दिया है।

बता दें कि बैरिया थाना में तालिबपुर निवासी राजेश कुमार साह ने तहरीर देकर आरोप लगाया है कि बगल के संजय शाह, आकाश साह,आशीष शाह, अमन शाह व बेबी देवी द्वारा बच्चों के विवाद को लेकर एक राय होकर गाली गुप्ता देते हुए अचानक लाठी डंडा व ईंट पत्थर से हमला कर दिए। जिससे मेरी पत्नी सुनीता देवी पत्नी राजेश शाह धनजी साह, पिंटू साह को गंभीर चोट आई है। सर में गंभीर चोट लगने के कारण सुनीता देवी पत्नी धनजी साह बेहोश होकर जमीन पर गिर गई। जिसका प्राथमिक इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोनबरसा में होने के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। इस बाबत थाने पर मौजूद क्राइम इंस्पेक्टर अशोक दत्त त्रिपाठी ने बताया कि मामले की जांच की जाएगी जांचोंप्रान्त उचित कार्रवाई किया जाएगा।

मोहर्रम की तैयारियों को लेकर शांति समिति की बैठक सम्पन्न

तरूणमित्र न्यूज

बलिया। आगामी मोहर्रम पर्व के शांतिपूर्ण आयोजन को लेकर शहर के ओक्डेनगंज पुलिस चौकी परिसर में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता नगर मजिस्ट्रेट आसाराम वर्मा ने की।

नगर मजिस्ट्रेट ने उपस्थित शांति समिति के सम्मानित सदस्यों और मोहर्रम कमेटी के पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि मोहर्रम का त्योहार उत्तर प्रदेश शासन की गाइडलाइन के अनुरूप ही मनाया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि ताजिया की ऊंचाई वही रहेगी, जो पूर्व में लिखापढ़ी में दर्ज है।

इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक कृपा शंकर ने कहा कि जुलूस में तलवार, गुप्ती या अन्य किसी भी तरह के धारदार हथियार प्रतिबंधित रहेंगे। मोहर्रम गम और शोक का पर्व है, इसे पूरी शांति और अनुशासन के साथ मनाया जाए। क्षेत्राधिकारी नगर श्याम कुमार ने कहा कि यह पर्व आपसी भाईचारे और एकता का प्रतीक है। उन्होंने सभी से सौहार्द बनाए रखने की अपील की। शहर कोतवाल योगेंद्र बहादुर

सिंह ने कहा, एकता में बहुत ताकत होती है। हम सबका कर्तव्य है कि इस एकता को हमेशा बरकरार रखें। उन्होंने बैठक में आए सभी लोगों का आभार जताया। बैठक में ओक्डेनगंज चौकी प्रभारी बृजेश कुमार सिंह, अन्य चौकी प्रभारी, मोहर्रम कमेटी के सदस्य और गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। बैठक में जुलूस के रूट, सुरक्षा व्यवस्था और अन्य आवश्यक तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई।

आवश्यकता है

मड़ियाहूं पी0जी0 कालेज मड़ियाहूं, जौनपुर उ0प्र0 सम्बद्ध वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत भौतिक विज्ञान (स्नातक)-01 पद, वनस्पति विज्ञान (स्नातक)-01 पद, गृह विज्ञान (स्नातक)-01 पद, बी0सी0ए0- 06 पद, राजनीति विज्ञान (स्नातकोत्तर)-01 पद, शिक्षाशास्त्र (स्नातकोत्तर)-01 पद, प्राणी विज्ञान (स्नातकोत्तर)-03 पद, एवं रसायन विज्ञान (स्नातकोत्तर)-03 पद। योग्यता एवं वेतनमान उ0प्र0 शासन/ यू0जी0सी0/ विश्वविद्यालय परिनियमावली के अनुसार। इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त अभिलेख की छात्राप्रति, पासपोर्ट साइज फोटो, आधार कार्ड एवं पैन कार्ड के साथ विज्ञापन तिथि से 21 दिन के अन्दर प्रबन्धक के पद नाम महाविद्यालय के पते पर आवेदन करें। साक्षात्कार की सूचना डाक अथवा दूरभाष द्वारा दी जायेगी।

(अपूर्व तिवारी)
प्रबन्धक
मड़ियाहूं पी0जी0 कालेज
मड़ियाहूं, जौनपुर

घुराज प्रयास केंद्र कुंडेसर में 7 दिवसीय रोजगार कौशल प्रशिक्षण सम्पन्न

तरूणमित्र न्यूज

भांवरकोल (गाजीपुर)। क्षेत्र के कुंडेसर गांव स्थित रघुराज प्रयास केंद्र में रोजगार कौशल विकास का सात दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। इस केंद्र को गांव में शिक्षा, स्वास्थ्य, कौशल विकास और सामाजिक उत्थान का प्रेरक केंद्र माना जाता है। इस कार्यक्रम का संचालन नामनी फाउंडेशन और महिन्द्रा प्राउड क्लासरूम के सहयोग से किया गया।

प्रशिक्षण के दौरान सुजीत कुमार पटेल द्वारा प्रतिभागियों को रोजगार कौशल, टाइम पार्टिसिपेशन, कॉन्फिडेंट बिल्डिंग, पर्सनल डेवलपमेंट, पार्लर स्किल, कंप्यूटर कोर्स (एडीसीए) और स्किल डेवलपमेंट के विभिन्न पहलुओं पर गहराई से प्रशिक्षण दिया गया। सात दिन तक चले इस कोर्स में स्थानीय युवाओं और बच्चियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रशिक्षण के अंतिम दिन आयोजित सम्मान समारोह में प्रशिक्षुओं को उनके

उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए गोल्ड मेडल और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बच्चों के चेहरे पर आत्मविश्वास और खुशी की झलक देखने लायक थी। इस मौके पर दिल्ली पुलिस के पूर्व कमिश्नर बी0एन0 सिंह ने कहा कि हमारा प्रयास है कि इस ग्रामीण इलाके के बच्चे और युवा भी शहरों की तरह आधुनिक शिक्षा और कौशल विकास में आगे बढ़ें। इस तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रम उनके भविष्य को संवारने में मददगार साबित होंगे।

उन्होंने आगे कहा कि आने वाले दिनों में और भी रोजगारपरक कोर्स और सामाजिक विकास की योजनाएं चलाई जाएंगी। जिससे इस इलाके के कमजोर तबके के अभिभावकों के बच्चों को प्रशिक्षित कर उन्हें रोजगार उपलब्ध कराया जा सके। इस मौके पर बिनोद पांडेय सहित, समाजसेवियों एवं काफी संख्या में आसपास के ग्रामीण तथा अभिभावक मोजूद रहे।

समस्या : 1 वर्ष से अधिकारियों के दफ्तर का लगा रहा है चक्कर लेकिन नहीं मिला न्याय

तरूणमित्र न्यूज

बरदह। थाना क्षेत्र के गोडहरा ग्राम निवासी आनंद सिंह पुत्र स्वर्गीय उदय भान सिंह अपने परिवार जनों के द्वारा ही पीड़ित किए जा रहे हैं। उनका कहना है कि उनके परिवार में कुछ लोग मिलकर उनके हिस्से की जमीन की फर्जी वसीयत करवाकर उसे गलत तरीके से अप्रूवल भी करवा लिए हैं और अप्रूवल के बाद इस जमीन पर ग्राम प्रधान गोडहरा की मिली भगत से बैंक ऑफ़ बड़ोदा से 500000 का लोन भी हो गया है जिसकी धनराशि प्रधान के भी अकाउंट में गई हुई है।

इसके सारे रिकॉर्ड बैंक मैनेजर से लेकर मेरे पास मौजूद है उनका कहना है कि इस फर्जी वसीयत को करने में हमारे गांव के प्रधान, लेखपाल और हमारे परिवार के लोग भी मिले हुए हैं मैं इसकी शिकायत जिला अधिकारी आजमगढ़, रेवेन्यू ऑफिसर आजमगढ़ डीआईजी आजमगढ़ एवं मुख्यमंत्री पोर्टल पर भी कर चुका हूं जिलाधिकारी आजमगढ़ ने जनता दरबार में मामले को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम लालगंज को मामले की जांच करने के लिए कहा तो एसडीएम लालगंज ने उपरोक्त मामले में आरोपी लेखपाल को ही जांच अधिकारी बना दिया और लेखपाल ने उपरोक्त मामले को यह कहते हुए निस्तारित कर दिया कि यह मामला कोर्ट में है फैसले के बाद ही कोई कार्यवाही हो सकती है।

यदि मामला कोर्ट में है तो उसे जमीन के वसीयत का अप्रूवल कैसे हो जाता है और उस पर कैसे बैंक इतनी आसानी से लोन भी दे सकता है मैं कोर्ट कचहरी का चक्कर लगाते लगाते बहुत परेशान हो गया हूं मेरे पास कोई अन्य रास्ता नहीं बचा है इसलिए मैं मीडिया का सहारा लिया हूं जिससे उच्च अधिकारियों एवं सरकार तक मेरी आवाज पहुंचे और मेरे साथ में न्याय हो और आरोपियों के खिलाफ उचित कार्रवाई हो।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के जन्मदिन पर बरदह थाना परिसर में किया गया पौधारोपण

बरदह। बरदह थाना परिषद में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आदरणीय भूपेंद्र चौधरी जी के जन्मदिन के अवसर पर आज बरदह थाना परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बरदह व ठेकमा मंडल के भाजपा पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया। पौधारोपण थानाध्यक्ष संजय सिंह के नेतृत्व में संपन्न हुआ। इस अवसर पर भाजपा पदाधिकारियों ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष के जन्मदिन को पर्यावरण संरक्षण के रूप में मनाना एक सराहनीय पहल है। भाजपा सरकार सबका साथ, सबका विकास की नीति पर तेजी से कार्य कर रही है। समाज के हर वर्ग को सम्मान मिल रहा है और अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो रही है जिससे लोग खुद को सुरक्षित महसूस कर रहे हैं। थानाध्यक्ष संजय सिंह ने इस अवसर पर कहा, पौधारोपण एक पुण्य कार्य है। एक वृक्ष कई पुत्रों के बराबर फल देता है। आज भाजपा कार्यकर्ताओं ने थाना परिसर में जो पहल की है, वह सराहनीय है और प्रेरणास्पद भी। पौधारोपण कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अखिलानन्द उपाध्याय (सोशल मीडिया सह संयोजक, लालगंज बीजेपी), राकेश मिश्रा (मंडल महामंत्री), सुनील तिवारी, अरुण उपाध्याय, धीरेंद्र उपाध्याय (जिला कार्यसमिति सदस्य), संतोष चौबे (निवर्तमान ठेकमा मंडल अध्यक्ष), राजेश विश्वकर्मा, हेमंत तिवारी, अमित बिंद, सुशील चतुर्वेदी, प्रिंस पाण्डेय, अतुल पाठक सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

प्रवेश प्रारम्भ प्रवेश प्रारम्भ
श्रम मंत्रालय भारत सरकार एन.सी.वी.टी. द्वारा मान्यता प्राप्त
प्यारी देवी निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान
100% रोजगारपरक
ट्रेड (कोर्स)	अवधि	पात्रता
फिटर	2 वर्ष	हाईस्कूल
इलेक्ट्रिशियन	2 वर्ष	हाईस्कूल
सीमित सीट
★आधुनिक वर्कशाप ★ अनुभवी शिक्षक
विशेष- कैम्पस सिलेक्शन सुविधा, सुसज्जित कार्यशालाएँ
प्रशिक्षित एवं अनुभवी अनुदेशक, जाब अप्रेन्टिस की व्यवस्था
गौराबादशाहपुर, पिलखिनी, जौनपुर
Mob.: 9415234998, 8423472673

लक्ष्मी हेल्थ केयर नर्सिंग एवं पैरामेडिकल कालेज
A.N.M. 10+2 (Art/Bio)
G.N.M. (A) 10+2 (Bio)
B.Sc. Nursing (A) 10+2 (Bio)
प्रवेश प्रारम्भ 2025-26
O.T.T. डिप्लोमा इन आपरेशन थियेटर टैक्निशियन
D.P.T. डिप्लोमा इन फिजियोथैरेपी
OPTOMERTY डिप्लोमा इन आप्टोमेट्री टैक्निशियन
कुत्तूपुर, जौनपुर Mob. : 7275314939, 9236627158

NIRMALA DEVI POLYTECHNIC
& Pharmacy College
(D Pharma Course) | AICTE & UPBTE Approved
ADMISSION OPEN 2025-26
B. PHARMA AND D. PHARMA
Course Name Bus Facility
Electrical & Electronics Engineering
Mechanical Engineering Production
Mechanical Engineering Automobile
Electrical Engineering
Civil Engineering
Adress: Near Gaurabadshahpur Police Station, Nayansand, Jaunpur (U.P.)
Contact No. 9415234998, 7839456998, 9839449646, 7080956598, 8787010634, 8808800929
Website: www.ndpc.co.in E-mail: dnirmala432@gmail.com

शुभ लग्न ऑफर
शुद्धता और विश्वास, अब आपके और भी पास
कोठी परसोत्तम राम
अजीत कुमार बैंकर्स एण्ड ज्वैलर्स
त्यौहारों के उपलक्ष्य में कोठी परसोत्तम राम अजीत कुमार बैंकर्स एण्ड ज्वैलर्स प्रस्तुत करते हैं देश एवं विदेश के सर्वोत्तम कारीगरों द्वारा निर्मित उत्कृष्ट डिजाइनर ब्राण्डेड ज्वैलरी
हमारे यहां सोने, चांदी और डायमण्ड की फैन्सी ब्राण्डेड ज्वेलरी मिलती है। साथ ही साथ सोने चांदी के सिक्के, रत्न, उपरत्न एवं मूर्ति भी उपलब्ध है। एक बार सेवा का मौका दें।
कोतवाली चौराहा, अलफस्टीनगंज, स्टेशन रोड, जौनपुर
रविन्द्र बैंकर, संस्कार बैंकर, दिव्यांश बैंकर मो. 09838435680 - ए.सी. शोरूम
सम्बधित फर्म-
परसोतम राम नरेन्द्र कुमार बैंकर ख्वाजगी टोला, स्टेशन रोड, जौनपुर
कोठी परसोत्तम राम राजाराम बैंकर्स कोतवाली चौराहा, जौनपुर

चीन के साथ मिलकर पाकिस्तान की नई चाल



नई दिल्ली। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत ने बुरी तरीके से पाकिस्तान को धूल चटाया। इसके बाद भी पाकिस्तान नहीं सुधर रहा है। अब पाकिस्तान अपने दोस्त चीन के साथ मिलकर एक नया खेल खेलने में लगा है। सामने आई एक रिपोर्ट में पता चलता है कि पाकिस्तान और चीन एक ऐसे प्रस्ताव पर एक साथ मिलकर काम कर रहे हैं, जिसका मुख्य उद्देश्य एक नया क्षेत्रीय संगठन बनाना है।

बताया जा रहा है कि ये नया संगठन दक्षिण एशियाई देशों के संगठन SAARC को बेदखल कर के खुद उसकी जगह ले सकता है। माना जा रहा है कि इस प्रोजेक्ट के पीछे मुख्य रूप से चीन का हाथ है। ध्यान देने योग्य बात है कि हाल के दिनों में पाकिस्तान, बांग्लादेश और चीन के प्रतिनिधियों की एक बैठक हुई थी। दरअसल, पाकिस्तान के अखबार एक्सप्रेस ट्रिब्यून ने इस घटनाक्रम से परिचित एक सूत्र के हवाले से बताया कि इस्लामाबाद और बीजिंग के बीच इस मुद्दे पर बातचीत लगभग अंतिम चरण में है। दोनों देश इस बात पर सहमत है कि क्षेत्रीय एकीकरण और संपर्र के लिए एक नया संगठन बनाने की आवश्यकता है। इस पाकिस्तानी अखबार ने सूत्रों का हवाला देते हुए बताया कि आने वाले समय में ये नया संगठन संभाविक रूप से क्षेत्रीय ब्लॉक सार्क का स्थान ले सकता है।

SAARC में भारत, अफगानिस्तान, बांग्लादेश, भूटान, मालदीव, नेपाल, श्रीलंका और पाकिस्तान शामिल हैं। चीन इस सार्क का सदस्य नहीं है। हालांकि, अब एक नया संगठन बना कर के चीन दक्षिण एशिया के देशों पर कूटनीतिक और सामरिक प्रभाव हासिल करना चाहता है। बता दें कि सार्क के सभी देशों से चीन के गहरे आर्थिक और सामरिक संबंध भी हैं। वर्तमान परिदृश्य में देखें तो किसी समय पर दक्षिणी एशियाई देशों का शक्तिशाली संगठन रहा सार्क आज केवल नाम मात्र का रह गया है। साल 2014 में काठमांडू में अंतिम सार्क शिखर सम्मेलन हुआ था। इसके बाद से द्विवार्षिक शिखर सम्मेलन नहीं हुआ है।

स्टाफ नर्स के प्रशिक्षण के लिए
अवध पैरा मेडिकल कालेज जौनपुर
708, विशेषरपुर (पचहटिया) शीतला चौकियाँ, आजमगढ़ रोड, जौनपुर Mob. : 9129773253
G.N.M., A.N.M., B.Sc.(Nursing) Post Basic, D.Pharma, B.Pharma
G.N.M. सामान्य नर्सिंग एवं मिडवाइफरी के 3 वर्षीय डिप्लोमा प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रवेश हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है।
योग्यता 10+2 या समकक्ष परीक्षा में कम से कम 90% अंक
चयन प्रक्रिया मेरिट के आधार पर
आयु सीमा 17-35 वर्ष
छात्रावास की सुविधा
आवेदन पत्र एवं अन्य विवरण के लिए सम्पर्क करें
डा. रामअवध यादव Mob.: 8931931199 9415273329
डा. शकुन्तला यादव प्रबन्ध निदेशक Mob.: 9889377675 9415207436
KUNWAR DAS MEDICAL CENTRE PVT. LTD. 708, Vishesharpur (Panchahatiya), Sheetala Cahukiya, Azamgarh Road, Jaunpur-222106

रिवांश मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधायें-
जनरल सर्जरी, अपेण्डिक्स, हार्निया
बच्चेदानी का ऑपरेशन, पेट आंत
पित्त की थैली के पथरी का ऑपरेशन
हाइड्रोसिल, गुर्दे की पथरी
प्रोस्टेट (दूरबीन विधि द्वारा), बवासीर
भगन्दर, फिशर का ऑपरेशन क्षार सूत्र विधि द्वारा, यूरो सर्जरी, लैप्रोस्कोपिक सर्जरी ऑपरेशन द्वारा बच्चा पैदा करने की सुविधा इत्यादि
डॉ. पवन चौरसिया B.A.M.S., M.S. (Ay) जनरल एण्ड एनोरेक्टल सर्जन
डॉ. फैजल जावेद M.B.B.S फिजीशियन
डॉ. डी.के. गुप्ता M.B.B.S., MS, Mch, Urologist यूरो सर्जन
लाइन बाजार तिराहा, वाराणसी रोड, जौनपुर
Mob.: 8765452133, 9336748494, 9415161571
24/7 EMERGENCY SERVICE

Reg. No. 65483
HOPE FAMILY CLINIC
होप फैमिली क्लीनिक
डा. नाज़िया बानो
बी.ए.एम.एस. (बैंगलोर)
सी.सी.एच., सी.जी.ओ. (पूणे)
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
पूर्व एम.ओ. बालाजी हॉस्पिटल- मुम्बई
रिस्क केयर हॉस्पिटल- मुम्बई
रविवार बन्दी
24 घण्टे इमरजेंसी सुविधा उपलब्ध
Mob.: 9956487705
क्लीनिक का समय
सुबह- 10 बजे से 2 बजे तक / शाम- 4 बजे से 7 बजे तक
पताः- मल्हनी पड़ाव, गंगा प्रेस के सामने गली में, जौनपुर-222001

निःसन्तान दम्पति निराश न होवें
बाँझपन के सर्वोत्तम इलाज के लिए
शकुन्तला आईवीएफ सेन्टर जौनपुर
सेवा का अवसर दें
.... निवेदक ....
डा0 रामअवध यादव
डा0 शकुन्तला यादव
डा0 आनन्द वर्द्धन
डा0 अन्शु कुमारी
पंचहटिया, आजमगढ़ रोड, जौनपुर
Mob.: 8931931199, 9918905642

उमानाथ सिंह शिक्षण प्रशिक्षण महाविद्यालय
पिलखिनी, जौनपुर (उ.प्र.)
(वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर से सम्बद्ध)
वर्तमान सत्र- 2025-26 से मान्यता प्राप्त विषय
कला संकाय (बी.ए.)
प्राचीन इतिहास, शिक्षा शास्त्र, अंग्रेजी, हिन्दी, भूगोल, होम साइन्स, समाज शास्त्र।
विज्ञान संकाय (बी.एस.सी.)
भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, गणित, जन्तु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान।
प्रवेश प्रारम्भ - शीघ्रता करें - सीटें सीमित

स्वर्ण आभूषण होल सेल से कम रेट पर
16 वर्षों से शुद्धता एवं विश्वास की कसौटी पर ग्राहकों की अपेक्षाओं पर खरे सोने के भाँति निरंतरता को बनाये रखते हुए आमंत्रित करता है अपने प्रतिष्ठान
सौरव ज्वेलर्स
सम्मानित ग्राहकगण
सोने के बढ़ते हुए रेट में सौरव ज्वेलर्स आपको सोने व चाँदी के जेवर होल सेल के सभी कम रेट पर आपको ज्वेलरी देने का प्रयास निरंतर कर रहा है। जिससे आप सभी को कुछ राहत मिल सके।
18 कैरेट जेवर पर 18 कैरेट का ही भाव लगेगा
22 कैरेट जेवर पर 22 कैरेट का ही भाव लगेगा
सोने के जेवर पर मेकिंग चार्ज 3.9 प्रतिशत से शुरू।
जो कि प्रदेश में पहली बार इतने न्यूनतम बनवाई पर HUID हाल मार्क गहने आप प्राप्त कर सकेंगे।
विश्वास ही हमारी परम्परा है।
मिश्रा काम्प्लेक्स, ओलन्दगंज तिराहा, जौनपुर
प्रो0-सौरव कुमार बैंकर मो0- 7317337000

पेट, आँत, लीवर, किडनी, ब्रेस्ट, प्रोस्टेट, बच्चेदानी आदि रोग की सुरक्षित गुणवत्ता पूर्ण एडवांस मेडिकल एवं सर्जिकल इलाज के लिए राष्ट्रीय प्रमाण-पत्र
NABH & ISO द्वारा प्रमाणित अस्पताल
डा. लाल बहादुर सिद्धार्थ
M.B.B.S., M.S. Surgery, F.I.M.S.A., M.I.A.G.E.S.
SR. (Gastro Surgery,) M.I.M.S.A., F.A.I.S., F.I.C.S.
(गैस्ट्रो. लेप्रोस्कोपिक एवं कैंसर सर्जन)
जनता के बेहतर और कल्याण के लिए केन्द्र सरकार की सौगात
आयुष्मान भारत योजना
के अन्तर्गत
5 लाख तक का निःशुल्क उपचार
गोल्डेन कार्ड प्रतिदिन बनता है
न्यू हेरिटेज
सिद्धार्थ हास्पिटल
मल्टी स्पेशियलिटी साइंस एवं रिसर्च सेन्टर
सुल्तानगर उमरपुर हरिबंधनपुर, (निकट मैहर देवी मंदिर) जनपद जौनपुर
मो.नं.: 9415315405, 9598725959, 9838259535
बेटी बचाओ - बेटी पढ़ाओ

बी.ए.एम.एस. के सर्वोत्तम प्रशिक्षण के लिए
डा. शकुन्तला आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज, जौनपुर
SAMC
पता - 1214, नयनसण्ड, थाना रोड, गौराबादशाहपुर, जौनपुर (उ.प्र.) 222133
College Code- AYU0728
ADMISSION OPEN 2025-26
अभ्यर्थी U.P. आयुष, NEET की वेबसाइट पर डा. शकुन्तला आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज को प्रथम विकल्प चुनें
BAMS BACHELOR OF AYURVEDIC MEDICINE AND SURGERY
Recognized by NCISM, Ministry of AYUSH, Govt. of India, Affiliated to Mahayogi Guru Gorakhnath AYUSH University, Uttar Pradesh
10+2 (PCB) Min. 50% and NEET Qualifying Score
4.5 Years + 1 Year Internship
स्कॉलरशिप
एजुकेशन लोन सुविधा
LIMITED SEATS
HURRY UP! PRE BOOK YOUR SEAT NOW
NEET UG 2024 QUALIFYING CUTOFF
CATEGORY	PERCENTILE	MARKS
GEN/EWS	50%ile	164
OBC	40%ile	129
SC	40%ile	129
ST	40%ile	129
9415273329, 9889377675, 1390691111 drshakuntalaayush.in drshamch2023@gmail.com

अचानक टीम छोड़कर भागा इंग्लैंड का स्टार खिलाड़ी

नई दिल्ली। इंग्लैंड क्रिकेट टीम ने हेडिंग्ले में भारत के खिलाफ खेले गए पहले टेस्ट मैच में जीत हासिल की थी। अब उसकी नजरें दो जुलाई से शुरू हो रहे दूसरे टेस्ट मैच पर हैं। इस मैच से पहले इंग्लैंड के लिए अच्छी खबर नहीं आई है। टीम का स्टार गेंदबाज अचानक साथ छोड़कर चला गया है।

इस गेंदबाज ने सोमवार को प्रैक्टिस में भी हिस्सा नहीं लिया। ये खिलाड़ी है जोफ्रा आर्चर। आर्चर पहले टेस्ट मैच में टीम में नहीं थे। दूसरे टेस्ट मैच के लिए उन्हें टीम में शामिल किया गया। उनका खेलना तय माना जा रहा था। तभी अचानक से आर्चर सोमवाप को टीम का साथ छोड़कर चले गए। बीसीसीआई ने इस बात की जानकारी दी है। बीसीसीआई ने बताया है कि आर्चर आज एजबेस्टन में इंग्लैंड टीम के ट्रेनिंग सेशन में हिस्सा नहीं लेंगे। वह पारिवारिक इमरजेंसी के कारण टीम को छोड़कर चले गए हैं।